खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 07°C

देहरादून, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 130 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता प्रेरणादायकः मोदी पेज 2



IPL ऑक्शनः प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ में बिके, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी खेल टाइम्स



प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया सम्पादकीय



तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले के तार पेज 12

# कोहरे के चलते भीषण हादसा, 7 बसें व 3 छोटे वाहन टकराए, लगी भयंकर आग, 13 की मौत

## 150 से अधिक लोग घायल, 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा, दो मृतकों की पहचान, पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के थाना बलदेव क्षेत्र के माइलस्टोन 127 गांव खड़ेहरा पर आगरा से नोएडा जा रही लाइन पर भयानक सड़क हादसा हो गया। यहां विजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहन आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई। बताया जाता है कि सात बसें और तीन कारों में भीषण आग लगी।

वाहन क्षतिग्रस्त व राख हो गए। हादसा इतना भयानक था की 13 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग 150 से अधिक घायलों को उपचार के लिए लगभग 20 एम्बुलेंसों के जरिये चिकित्सालय पहुंचाया गया। एक्सप्रेस-वे पर घटना की सूचना पर इलाका पुलिस व पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है अग्निकांड इतना भीषण था की चारों ओर आग ही आग दिखाई दे रही थी। आंख की लपटें काफी ऊंची ऊंची उठ रही थी जो किलोमीटर तक देखी गईं। लोग बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। डीएम-एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना से मार्ग अवरुद्ध हो गया। वाहनों की लाईन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को क्रेन से हटवा कर साइड से किया। आग इतनी भीषण थी लगभग एक दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कानपुर के लोग ज्यादा घायल हुए हैं। एक ही परिवार के कई लोग हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने भीषण हादसे में 13 लोगों की जलकर मृत्यु होने की पुष्टि की है। एसएसपी ने बताया लोगों को सरकारी वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। रूट डायवर्जन कर वाहनों को निकाला गया। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। घटना स्थल से मिले मलबे व अन्य सामान को मोर्चरी में रखवाया गया है। 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा है जिससे उनके परिजन आए तो मिलान हो सके। शवों की शिनाख्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दो मृतकों की पहचान रामपाल पुत्र पहोड़ीराम निवासी आजमगढ़ व अजिलेंद्र यादव पुत्र बंशीधर निवासी मुद्दीनपुर थाना सराय ममरेज जिला प्रयागराज के रुप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों का तत्काल समुचित एवं निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करते -शेष पृष्ठ दो पर

- **मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक**
- **मृतकों को 2-2 लाख व घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा**

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया पहली बार 91 प्रति डॉलर से नीचे उतरा

**मुंबई।** रुपये में मंगलवार को भी भारी गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में पहली बार एक डॉलर की कीमत 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई। रुपया मंगलवार को नौ पैसे टूटकर 90.87 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लगातार लुढ़कता हुआ दोपहर से पहले 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 22 पैसे नीचे 91 रुपये प्रति डॉलर पर था। भारतीय मुद्रा सोमवार को बीच कारोबार में 90.80 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद 28.50 पैसे की गिरावट में 90.78 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपये में लगातार आ रही गिरावट के बारे में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में कहा था कि केंद्रीय बैंक ने रुपये का कोई दायरा और न ही कोई स्तर तय किया है जहां वह हस्तक्षेप करेगा।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें अब तक रद्द रही हैं। मंगलवार को हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहा, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावा, कुछ असर कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं, जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था।

# जज कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ पैनल गठन को चुनौती देने वाली याचिका पर जारी किया नोटिस



- **पूछाः राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव नामंजूर फिर जांच पैनल क्यों बनाया, संसद में यह कैसे हुआ**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत गठित संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। इस समिति का गठन न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद शुरू की गई महाभियोग कार्यवाही के संबंध में उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए किया गया था।

इस मामले में न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, पेश हुए, जिन्होंने एक्स के नाम से गुमनाम रूप से याचिका दायर की है। यह पेशी न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ के समक्ष हुई। समिति के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि हालांकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महाभियोग नोटिस पेश किए गए थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा अध्यक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना और कानून के अंतर्गत अनिवार्य संयुक्त परामर्श के बिना एकतरफा रूप से समिति गठन किया। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के प्रावधानों का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने कहा कि अगर संसद के दोनों सदनों में एक ही दिन किसी प्रस्ताव की सूचना दी जाती है, तो वहां कोई समिति तब तक गठित नहीं की जा सकती जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न हो जाए। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में समिति का गठन लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 3(2) के प्रावधान का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने इस बात पर बल दिया कि वैधानिक भाषा अनिवार्य है और प्रस्ताव देने और स्वीकार करने के बीच स्पष्ट रूप से अंतर करती है। उन्होंने कहा कि यद्यपि अलग-अलग तिथियों पर स्वीकार हो सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में प्रस्ताव दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे इसलिए संयुक्त रूप से गठित समिति की आवश्यकता थी। श्री रोहतगी ने स्पष्ट किया कि जहां कोई प्रस्ताव केवल एक सदन में स्वीकार किया -शेष पृष्ठ दो पर

### गोवा अग्निकांडः लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया

#### गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे।

### उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के मजालता इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एसओजी का एक जवान शहीद हो गया। यहां तीन आतंकियों के फंसे होने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि पुंछ के रहने वाले एसओजी जवान अमजद अली खान सोमवार रात मुठभेड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया, लेकिन घावों की वजह से उनकी मौत हो गई।

# लोकसभा में वीबी-जी राम जी बिल पेश, सदन में हंगामा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पेश किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी 'वीबी- जी राम जी' बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम न करो। बिल पर चर्चा के बीच विपक्ष ने हंगामा किया।। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी। वीबी-जी राम जी बिल पास हो जाता है, तो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव हारने पर ईवीएम और वीवीपैट पर सवाल उठाना और जीतने पर सब सही कहना उचित नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि ईवीएम की शुरुआत राजीव गांधी के समय हुई थी।

### मनरेगा का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक : प्रियंका-राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है। इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को राहत

- **दिल्ली कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज की, कहाः मामला FIR नहीं, बल्कि निजी आरोप से जुड़ा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया।

इस आदेश से मामले में नामित अन्य पांच आरोपियों को भी राहत मिली है। अदालत ने हालांकि कहा कि यदि ईडी चाहे, तो अपनी जांच जारी रखने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने टिप्पणी की कि पंजीकृत प्राथमिकी के अभाव में धन शोधन की जांच और उसके आधार पर दायर की गई अभियोजन शिकायत कायम नहीं रह सकती। अदालत ने कहा कि इस तरह की शिकायत के आधार पर धन शोधन के लिए कानूनी कार्यवाही भी स्वीकार्य नहीं है।


अपना केवाईसी अपडेट रखें

ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर में 31 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर महीने में 30.82 प्रतिशत घटकर 203.71 करोड़ डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीयों ने नवम्बर में दुनिया के अन्य देशों में कुल 203.71 करोड़ डॉलर का निवेश किया। पिछले साल नवम्बर में उनका निवेश 294.45 करोड़ डॉलर रहा था, जबकि इस साल अक्टूबर में यह 368.23 करोड़ डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले की तुलना में इस साल नवम्बर में भारतीयों ने विदेशों में इक्विटी में ज्यादा निवेश किया है, जबकि ऋण और गारंटी में उनका निवेश घटा है। इक्विटी में उन्होंने 97.84 करोड़ डॉलर का निवेश किया है, जो सालाना आधार पर 10.46 प्रतिशत अधिक है।

### डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अब सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में तैनात डाक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा. रतन पाल सिंह सुमन ने इस संबंध में सभी इकाइयों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब वेतन भी बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा। डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायतें लंबे समय से आ रही थीं, खासकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों मे। इस व्यवस्था से सभी की प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी।

### पीएम ने विजय दिवस पर बांग्लादेश में 1971 के शौर्य और साहस को याद किया

# भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक

**नई दिल्ली, वार्ता**



**पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ बोले- यह सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महा. निदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। 'विजय दिवस: 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी' शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी जीत थी जहां मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र-बंगलादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किए गए क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया कि केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका समापन 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण में हुआ, जो वैश्विक इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पणों में से एक है। यह दिन भारत की अपने दोस्तों के प्रति निष्ठा और अपने विरोधियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है, तब भी और अब भी, जब भारत न्याय के लिए खड़ा होता है, तो जीत अपरिहार्य होती है। भारतीय वायु सेना ने भी इस दिन युद्ध के दौरान कार्रवाई में शामिल जेट विमानों की दुर्लभ, अनदेखी तस्वीरों और वीडियो को प्रदर्शित करते हुए एक वीडियो साझा किया। '1971 युद्ध- साहस का वृत्तांत' शीर्षक वाले इस वीडियो में 13 दिनों के युद्ध के दौरान दिन-वार किए गए अन्य कार्यों के अलावा लोंगेवाला की लड़ाई, तंगेल हमला भी शामिल है।

### खड़गे-राहुल ने विजय दिवस पर सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने वाले सैनिकों की बहादुरी, बलिदान और वीरता को याद करते हुए सशस्त्र बलों को 'विजय दिवस' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खरगे ने राष्ट्र के सशस्त्र बलों और मुक्ति वाहिनी की असाधारण बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, 1971 में इसी दिन इतिहास रचा गया था, जब भारत के बहादुर सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया, जिससे बंगलादेश को स्वतंत्रता मिली और दुनिया के नक्शे को एक नया आकार मिला। खड़गे ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्णायक नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के दूरदर्शी, साहसी और दृढ़ नेतृत्व में, यह जीत मानवता और न्याय का एक महान उदाहरण बनी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम भारत की सैन्य शक्ति और मुक्ति वाहिनी के असाधारण शौर्य, वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। देश मां भारती के इन वीर सपूतों के समर्पण और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखेगी। गांधी ने दक्षिण एशिया को नया आकार देने और बंगलादेश के निर्माण वाले इस दिन को याद करते हुए सशस्त्र बलों के साहस की सराहना की।

# उत्तर भारत में अभी शुष्क बना रहेगा मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पश्चिमी विक्षोभ का नहीं दिख रहा असर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कड़ाके की सर्दी का आगमन अभी कम से कम एक सप्ताह और टल सकता है। हालांकि सुबह के समय कोहरा लगातार छाया रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सर्दी को सक्रिय करते हैं, लेकिन मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ इतना प्रभावी नहीं है कि ठंडी हवाओं को अपने साथ ला सके। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के कारण धूप बिना किसी बड़ी रुकावट के मिल रही है, जिससे दिन के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। कुल मिलाकर मौसम शुष्क रहेगा और खास ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय कोहरा बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिसम्बर के सामान्य तापमान से अधिक है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे को लेकर एलो अलर्ट जारी किया है, हालांकि अभी तक कंपकंपा देने वाली ठंड का असर नजर नहीं आ रहा है। इस बीच हल्की हवाओं के चलते वायु गुणवत्ता में भी कुछ सुधार देखने को मिला है। सोमवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 163 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

इससे पहले 11 से 14 दिसम्बर के बीच लगातार चार दिनों तक एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बना हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हीं हल्की हवाओं ने शहर की हवा से प्रदूषक तत्वों को हटाने में मदद की है। हालांकि राहत सभी इलाकों में समान नहीं रही। शहर के छह वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से टॉकीटोरा और लालबाग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता अब भी 'खराब' श्रेणी में रही, जहां एक्यूआई क्रमश: 239 और 216 दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तेज हवाएं या बारिश नहीं हुई, तो वायु गुणवत्ता में यह सुधार अस्थाई साबित हो सकता है। आने वाले पूरे सप्ताह तक मौसम हल्का बना रहने की संभावना है और तापमान में केवल एक-दो डिग्री की गिरावट आ सकती है, जो मध्य दिसम्बर के लिहाज से अब भी सामान्य से अधिक रहेगी।

## हिजाब मामला: नीतीश पर भड़कीं कैराना सांसद इकरा हसन



**सीएम ऐसा कर रहे, तो समाज का क्या होगा**

**नई दिल्ली।** यूपी के कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कथित तौर पर एक महिला का हिजाब हटाने की को. शिशों पर प्रतिक्रिया दी है। शीतक. ालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए इकरा ने कहा यह धार्मिक मामला नहीं है, लेकिन अगर सीएम ऐसा खुद कर रहे हैं, तो समाज के अन्य स्तरों पर क्या होगा?

सांसद इकरा हसन ने कहा कि काफी समय से, बिहार चुनाव से पहले भी, नीतीश कुमार की सेहत को लेकर चिंताएं रही हैं। वह बुजुर्ग हैं और सभी उनका सम्मान करते हैं, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पद पर वह हैं, उसकी अपनी गरिमा है। इससे पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर इकरा ने 15 दिसंबर को लिखा था - शर्मनाक! एक महिला डाक्टर का हिजाब खींचना उसकी गरिमा और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला है। जब राज्य का मुख्यमंत्री ऐसा करे, तो महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठना लाजमी है।

## राम राज्य और गांधी अलग नहीं: थरूर

**नई दिल्ली, वार्ता**



**मनरेगा का नाम बदलने पर थरूर ने कांग्रेस को दिखाया आईना, सरकार को नसीहत**

मनरेगा का नाम बदलने और जी-रामजी बिल पर विवाद के बीच शशि थरूर ने राम राज्य को गांधी के सपनों का हिस्सा बताया और सरकार और कांग्रेस दोनों को संतुलित संदेश दिया। कांग्रेस नाम बदलने का जमकर विरोध कर रही है, उसका आरोप है कि जानबूझकर गांधी का अपनमान किया जा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के प्रस्ताव और नए जी-राम जी बिल को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसे गांधी का अपमान बता रही है, लेकिन इस शोरगुल के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने न केवल सरकार को जवाब दिया है, बल्कि परोक्ष रूप से अपनी ही पार्टी कांग्रेस को भी आईना दिखा दिया है। अक्सर देखा गया है कि 'राम' या 'राम राज्य' के नाम पर कांग्रेस और विपक्ष रक्षात्मक मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन थरूर ने खुलकर 'राम राज्य' का समर्थन किया है और इसे महात्मा गांधी के सपनों का अटूट हिस्सा बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने सरकार को भी नसीहत दी। शशि थरूर ने 'एक्स' पर कहा- 'राम' से परहेज करना गांधीवाद नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि महात्मा गांधी के लिए 'राम राज्य' और 'ग्राम स्वराज' कभी भी विरोधी विचार नहीं थे।थरूर ने ट्वीट किया कि सरकार के प्रस्तावित नए जी-राम-जी बिल में मनरेगा का नाम बदलने को लेकर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम स्वराज की अवधारणा और राम राज्य का आदर्श कभी भी प्रतिस्पर्धी ताकतें नहीं थीं, वे गांधीजी की चेतना के दो पिलर्स थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस बिल का कड़ा विरोध किया और इसे बहुत अफसोसजनक और पीछे की ओर ले जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता के साथ अन्याय है।

### भाजपा ने गोवा विश्वविद्यालय में लोकतंत्र को कमजोर किया: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मंगलवार को होने वाले गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनावों को अचानक रद्द किए जाने का विरोध किया। एनएसयूआई ने बयान जारी कर कहा कि गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव को तब रद्द किया गया, जब एनएसयूआई विश्वविद्यालय में शीर्ष पदों और कार्यकारी पदों पर जीत हासिल करने के करीब थी। हार का सामना करने में असमर्थ भाजपा ने छात्रों के जनादेश का सम्मान करने के बजाय चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का विकल्प चुना। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा यह लोकतंत्र पर खुला हमला है। जब भाजपा को पता होता है कि वह हार जाएगी, तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने के लिए प्रशासन का इस्तेमाल करती है। गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव रद्द करना भाजपा के छात्रों की आवाज और निष्पक्ष चुनावों के प्रति भय को स्पष्ट रूप से उजागर करता है।



**सेंसेक्स** 84679.86
**निफ्टी** 25860.10



**सोना रु.** 132136
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 191971
प्रति किलो



# कमजोर रुपये के दबाव में सेंसेक्स 533 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



रुपये के लगातार दबाव में रहने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,679.86 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। भारतीय मुद्रा आज पहली बार बीच कारोबार में 91 रुपये प्रति डॉलर से नीचे उतर गई। इससे निवेश धारणा कमजोर रही। चौतरफा बिकवाली के बीच सुबह से ही बाजार पर दबाव रहा। सेंसेक्स एक समय 597 अंक लुढ़क गया था। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.92 प्रतिशत की गिरावट में रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर बिकवाली हावी रही।

रियलिटी, बैंकिंग, वित्त, आईटी और धातु समूहों से सूचकांक ज्यादा टूटे। बाजार पर दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,211 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें से 2,095 के शेयर गिरकर बंद हुए। वहीं 93 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 4.69 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.90 प्रतिशत, टाटा स्टील का 1.74, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों के 1.65 और बजाज फाइनेंस का 1.41 प्रतिशत टूट गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा, टीसीएस, पावरग्रिड, बीईएल, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनीलि. वर के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में 1.60 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों से पहले वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.56 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.54 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.11 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.30 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42 प्रतिशत फिसल गया।

## सोना और चांदी के भावों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोना और चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,113 रुपए गिरकर 1,32,136 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,33,249 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 1,446 रुपए गिरकर 1,91,971 रुपए पर आ गई है। इससे पहले चांदी 1,93,417 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी।

इस साल अब तक सोने की कीमत 55,974 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,32,136 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,05,954 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,91,971 रुपए प्रति किलो हो गई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड सोना ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें रहीं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 15 रुपये बढ़कर 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,860 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल 27 रुपये और मूंग दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत भी 25 रुपये बढ़ी, जबकि तुअर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं मसूर दाल का भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर टिका रहा। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 52 रिंगिट फिसलकर 3,961 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.02 प्रतिशत गिरकर में 49.50 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 28 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये बढ़ी। पाम ऑयल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कोहरे के ...**

हुए उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को पचास पचास हजार रुपये की आर्थिक राहत सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली है। हादसे में खुशबू पुत्री लज्जाराम व आमिर पुत्र इरसाद निवासी कानपुर,डा. पीआर त्रिपाठी अपराजिता त्रिपाठी पुत्र डा. पीआर त्रिपाठी निवासी नोएडा,अमित निवासी औरैया, शाहिद व शफीक पुत्र नियामद उल्ला निवासी कानपुर, शेरू निवासी कानपुर, आदित्य पुत्र अनिल निवासी फतेहपुर , वीरेन्द्र गिरि पुत्र रामलखन व ऊषा पत्नी वीरेन्द्रगिरि निवासी बाराबंकी, शशी सिंह पुत्र कुलदीप भास्कर व कुलदीप भास्कर पुत्र रतनसिंह निवासी कानपुर, रघुवर पुत्र सामरू व हेमा देवी पत्नी राधेश्याम निवासी अंबेडकर नगर,आलोक तिवारी पुत्र विधासागर निवासी कानपुर, नरगेश पत्नी सुल्तान व राज पुत्र नियास निवासी मनकापुर गोंडा, प्रमोद पुत्र गोकुल प्रजापति निवासी महुआ,अभिषेक पुत्र कैलाश निवासी कानपुर, मुसर्रफ पुत्र नसीरूद्दीन निवासी कानपुर, हेमन्त पुत्र देवराज निवासी लखनऊ, शिखा पत्नी पीआर त्रिपाठी व गोरिका पुत्र पीआर त्रिपाठी निवासीगण कानपुर, विश्वनाथ पुत्र अंगनू निवासी अम्बेडकरनगर, अरविन्द तिवारी पुत्र आनन्द तिवारी निवासी गोरखपुर व अशोक पुत्र समसदीन निवासी बहराइच घायल हुए हैं। डीएम सीपी सिंह ने बताया कोहरे की दृष्टिगत लो विजिबिलिटी होने के कारण गाड़ियों का एक्सीडेंट हुआ है। घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। डीएम ने आगे बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों की स्पीड कम कराई जाए कानबाई बनाकर चलाई जाए और ओवरटेकिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एडीएम प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद , अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड एक व सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन 48 घंटे में जांच कर घटना की रिपोर्ट सौंपेंगे।

**जज कैश कांड:**

जाता है, वहां समिति का गठन केवल उसी सदन द्वारा किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि दोनों सदनों का संवैधानिक दर्जा समान है, इसलिए जब प्रस्ताव एक साथ पेश किए गए हैं, तो एक संयुक्त समिति अनिवार्य है। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि अगर दो प्रस्ताव एक ही दिन दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाते हैं, तो एक ही दिन में स्वीकृति कैसे संभव हो सकती है। श्री रोहतगी ने जवाब दिया कि उनका तर्क एक ही दिन में स्वीकृति पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि प्रस्ताव एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे, जो कानून के अंतर्गत एक संयुक्त समिति की आवश्यकता को जन्म देता है। जुलाई में लोकसभा के 145 सदस्यों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने महाभियोग नोटिस क्रमश: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को सौंपा था।

लोकसभा अध्यक्ष ने अगस्त में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव आचार्य की एक जांच समिति के गठन की घोषणा की थी। यह मामला 14 मार्च को आगजनी के बाद आग बुझाने के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के एक बाहरी कमरे में बड़ी मात्रा में करेंसी नोटों के बरामदगी से संबंधित है। इसके बाद, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक आंतरिक जांच समिति का गठन किया था, जिसमें न्यायमूर्ति शील नागू (तत्कालीन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया (तत्कालीन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन (कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) शामिल थे। जांच लंबित रहने तक, न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया और उन्हें न्यायिक कार्यभार से मुक्त कर दिया गया। समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रथम दृष्ट्या उन्हें दोषी पाया गया। सलाह दिए जाने के बावजूद न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इन्कार करने के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा आंतरिक जांच कार्यवाही के साथ-साथ मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

## सीएम योगी ने डा. वेदांती को दी श्रद्धांजलि

### बोले- राम काज और राष्ट्र सेवा को किया जीवन समर्पित

**अयोध्या, वार्ता**



पूर्व सांसद और श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के अग्रणी नायक डा. रामविलास वेदांती महाराज के निधन के बाद मंगलवार को अयोध्या में अंतिम यात्रा निकाली गई। इससे पहले सीएम योगी हिंदू धाम पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने उनके निधन को सनातन जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि राम काज और राष्ट्र सेवा के लिए उनका संपूर्ण त्यागमय जीवन हम सभी के लिए सदैव स्मरणीय और प्रेरणाप्रद रहेगा।

मंगलवार सुबह ही बड़ी संख्या में भक्त और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े नेता, मंत्री, विधायकों का सुबह से ही जमावड़ा रहा। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मौसम खराब होने के कारण सीएम योगी का हेलीकाप्टर अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरा। यहां से सड़क मार्ग से पहले राम मंदिर पहुंचे, फिर हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया।

इसके बाद हिंदू धाम पहुंचे सीएम योगी ने डा. राम विलास दास वेदांती के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सीएम योगी ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति अभियान में वशिष्ठ भवन के श्री महंत डा. रामविलास वेदांती महाराज आज हमारे बीच में नहीं रहे। उनका पूरा जीवन अयोध्या धाम श्री रामलला के मंदिर निर्माण और विकास के लिए समर्पित रहा, यह संजोग ही है कि रामकथा का वाचन करते हुए उनकी भौतिक देह भी काया से मुक्ति ली है।

सीएम ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को प्रारंभ होते समय उसमें मूर्तरूप लेते हुए आंदोलन का जो परिणाम था, उस सुखद अवसर को देने का योग प्राप्त हुआ था और 25 नवंबर को श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर पर ध्वजारोहण में भी शामिल हुए। एक ऐसा संत सदैव राम जन्मभूमि अभियान के साथ मिलकर काम किया। आज उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आया हूं, गोरखधाम से उनका पुराना नाता रहा।

### यूपी में नाम बदलने का तरीका दिल्ली भी आ गया: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मनरेगा की जगह विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम पेश कर दिया गया है। जिस पर विपक्ष की ओर से जमकर हंगामा किया, समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर नारा. जगी जताई और कहा कि ये सरकार बस नाम ही बदलना जानती है। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि जी राम जी, बस नाम बदला गया है, योजना में किसान को ऐसा कोई खास लाभ नहीं मिलने जा रहा है, न बड़ा रोजगार मिलने जा रहा है। ये पहली बार हो रही है कि यूपी में जो तरीका था नाम बदलने का, अब वो दिल्ली में भी आ गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई ये हैं इस सरकार के पास किसानों और मजदूरों को दिखाने के लिए कुछ नया नहीं है।

CMYK



# होटल-रेस्टोरेंट व मिठाई प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आगामी क्रिसमस और नववर्ष के दौरान आमजन को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा स्वास्थ्य एवं खाद्य संरक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के क्रम में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा राज्यव्यापी विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारी मौसम में खाद्य पदार्थों की खपत में वृद्धि को देखते हुए विभाग ने मिलावटखोरी, घटिया गुणवत्ता और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण एवं विक्रय पर कड़ी निगरानी रखने का निर्णय लिया है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जाएगा। होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, कैफे, बेकरी, डेयरी, मिष्ठान भंडार, फूड कोर्ट, स्ट्रीट फूड जोन एवं




तैयार खाद्य पदार्थों की निर्माण इकाइयों में नियमित और औचक निरीक्षण किए जाएंगे। विभाग का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि खाद्य कारोबार से जुड़े सभी हितधारकों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया गया है। इसमें मिठाइयाँ, नमकीन, बेकरी उत्पाद, कन्फेक्शनरी, डेयरी उत्पाद, साइड डिशेज, डेजर्ट्स और तैयार भोजन को विशेष निगरानी में रखा गया है। गुलाब जामुन, जलेबी, खीर, समा. सा, बिरयानी, रोस्ट चिकन, पिज्जा, केक, पेस्ट्री, प्लम केक, कुकीज, चॉकलेट, क्रिसमस पुडिंग जैसे लो. कप्रिय खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

**■ जनस्वास्थ्य सर्वोपरि, खाद्य सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह सतर्क : डॉ. आर. राजेश**
**विभाग ने कुछ खास खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया**

## जनपद स्तर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित

अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि जनपद स्तर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो निर्माण इकाइयों से लेकर थोक व खुदरा विक्रेताओं तक की श्रृंखला की जांच करेंगी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम-2011 तथा संबंधित विनियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। आम नागरिकों की भागीदारी को भी इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। विभागीय पोर्टल और टोल-फ्री नंबर पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान लिए गए खाद्य नमूनों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) तथा राज्य स्तर पर निर्धारित विधिक और सर्विलांस लक्ष्यों के अंतर्गत परीक्षण के लिए भेजा जाएगा।

## शुद्ध भोजन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : डॉ. आर. राजेश

आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि त्योहारी मौसम में खाद्य सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री ही उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि अपमिश्रण और घटिया खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए केवल बिक्री स्थलों ही नहीं, बल्कि निर्माण इकाइयों को भी चिन्हित कर स्रोत पर कार्रवाई की जा रही है। सभी जनपदों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्राथमिकता वाले खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। विभाग का प्रयास है कि त्योहारी उल्लास के बीच खाद्य सुरक्षा का भरोसा भी नागरिकों को मिले।

# अभियंताओं ने किया एमडीडीए सिटी फॉरेस्ट पार्क का भ्रमण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** एटीआई नैनीताल की और से आवास अनुभाग में नवनियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। विभागीय कार्यों में गुणवत्ता, नवाचार और आधुनिक तकनीकों के समावेश के उद्देश्य से कनिष्ठ अभियंताओं के लिए 14 से 26 दिसंबर तक एक व्यापक राष्ट्रीय अध्ययन भ्रमण (स्टडी टूर) का आयोजन किया गया है। यह अध्ययन भ्रमण देश के प्रमुख शहरी केंद्रों देहरादून, शिमला, चंडीगढ़, नोएडा एवं दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

इस अध्ययन भ्रमण का मुख्य उद्देश्य अभियंताओं को शहरी नियोजन, आवासीय विकास, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, अपशिष्ट प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट, ढलान स्थिरता, पार्किंग समाधान, सार्वजनिक स्थलों के प्रबंधन तथा सतत विकास मॉडल से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना है।अभियंताओं ने मंगलवार को सहस्रधारा क्षेत्र में विकसित सिटी फॉरेस्ट पार्क में अध्ययन भ्रमण की शुरुआत देहरादून से हुई। अध्ययन भ्रमण के प्रथम चरण में अभियंताओं को आज मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा सहस्रधारा क्षेत्र में विकसित सिटी फॉरेस्ट पार्क का भ्रमण कराया गया। इस दौरान अभियंताओं ने पार्क की योजना, लैंडस्केप डिजाइन, हरित विकास मॉडल, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े उपायों तथा नागरिक सुविधाओं के प्रबंधन का विस्तार से अध्ययन किया। भ्रमण के दौरान अभियंताओं ने पार्क में भ्रमण के लिए आए विभिन्न विद्यालयों के छात्रख्रछात्राओं, शिक्षकों एवं उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर सिटी फॉरेस्ट को लेकर उनकी प्रतिक्रिया और अनुभव भी जाने। आम नागरिकों से प्राप्त फीडबैक के माध्यम से अभियंताओं को यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार सार्वजनिक हरित स्थलों को नागरिकों की आवश्यकताओं और पर्यावरणीय संतुलन के अनुरूप विकसित किया जा सकता है।

# ग्रामीण कौशल योजना से राज्य के 16 हजार युवाओं को मिला रोजगार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** उत्तराखंड में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से युवाओं के रोजगार की उम्मीदें उड़ान भरने लगी हैं। जिसके तहत अब तक 187 करोड़ की निधि से लगभग 16 हजार युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सदन में इस केंद्रीय योजना को लेकर प्रदेश में लाभान्वित ग्रामीण युवाओं की जानकारी मांगी थी।

जिसके जबाब देते हुए ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने बताया कि नवम्बर 2025 तक इस योजना के तहत अब तक कुल 25113 अभ्यर्थी प्रशिक्षित हुए हैं। इसके अंतर्गत कुल 15820 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है और 187. 88 करोड़ रुपए की निधि अवमुक्त की गई हैं। वहीं इसी क्रम में डीडीयू-जीकेवाई 1.0 के तहत 8 ट्रेडों में 22 बैंचों के साथ 683 अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह डीडीयू-जीकेवाई 2.0 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2783 का लक्ष्य आवंटित किया गया। राज्य अभिरुचि की अभिव्यक्ति में 175 परियोजना आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 54 आवेदन अब तक पात्र पाए गए हैं।इसी तरह उनके द्वारा पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक द्वारा बताया गया कि एनएचपीसी जल विद्युत परियोजनाओं से विगत 3 वर्ष में टनकपुर परियोजना से क्रमश 65.8 मेगावाट, 56.2 मेगावाट, 56.8 मेगावाट और वर्तमान चालू वर्ष में अब तक कुल 50.6 मेगावाट बिजली राज्य को प्राप्त हुई है। वहीं धौलीगंगा प्रोजेक्ट से विगत 3 वर्ष में क्रमश 216.8 मेगावाट, 175.5 मेगावाट, 192.6 मेगावाट और वर्तमान चालू वर्ष में अब तक कुल 155.3 मेगावाट बिजली राज्य को प्राप्त हुई है।

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती को 61861 आवेदन प्राप्त

**■ बेसिक शिक्षकों के 1670 रिक्त पदों पर होनी है भर्ती ,शिक्षा मंत्री डा. रावत के निर्देश, भर्ती प्रक्रिया में लाएं तेजी**



सूबे में प्राथमिक शिक्षक भर्ती के तहत 1670 रिक्त पदों के सापेक्ष विभिन्न जनपदों में कुल 61861 आवेदन प्राप्त हुये हैं। शीघ्र ही उक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन परिणाम जारी किया जायेगा। इसके लिये सभी जनपदों के जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) को भर्ती प्रक्रिया नियत समयसीमा में पूर्ण कर चयनित अभ्यर्थियों की शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने निर्देश दिये हैं।- **डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बेसिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जायेगा। जनपदवार आयोजित भर्ती प्रक्रिया के तहत 1670 रिक्त पदों के सापेक्ष विभाग को 61861 आवेदन प्राप्त हुये हैं। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में बेसिक शिक्षकों के 1670 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसके सापेक्ष अब तक विभाग को 61861 आवेदन प्राप्त हुये हैं। जिसमें पौड़ी जनपद में 230 रिक्त पदों के सापेक्ष 6600 आवेदन जनपद स्तर पर प्राप्त हुये हैं। इसी प्रकार चमोली में 162 के सापेक्ष 6040, रूद्रप्रयाग में 155 के सापेक्ष 5667, टिहरी में 216 के सापेक्ष 6100, उत्तरकाशी में 134 के सोपक्ष 5259, देहरादून में 97 के सापेक्ष 2813, नैनीताल में 129 के सापेक्ष 6255, अल्मोड़ा में 241 के सापेक्ष 6634, बागेश्वर में 118 के सापेक्ष 5780, चम्पावत में 85 के सापेक्ष 5190 तथा पिथौरागढ़ में 103 रिक्त पदो के सापेक्ष 5523 आवेदन प्राप्त हुये हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सभी जनपदों में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदित आवेदनों की स्क्रूटनी की जा रही है, इसके उपरांत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार कर उसे विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। भर्ती प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ तय समय सीमा के भीतर सम्पन्न करने को विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी 11 जनपदों के जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) को ठोस निर्देश दिये हैं।

विभागीय अधिकिरयों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में आवेदित अभ्यर्थियों के शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर उनके शैक्षिक गुणांक तय किये जा रहे हैं और उसके आधार पर मेरिट सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही आवेदित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की जायेगी, तदोपरांत जनपद स्तर पर रिक्त पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जायेगा।

**एक नजर .......**

## नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल के दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम, देहरादून के भूमि अनुभाग द्वारा तीन पृथक-पृथक टीमें गठित कर निगम क्षेत्रान्तर्गत पनाष वैली सहस्त्रधारा रोड को जाने वाले मार्ग पर दो अवैध टीनशेड दुकाने, भवनों के बाहर सड़क पर निर्मित 17 रैम्प जो कि यातायात को बाधित कर रहे थे तथा नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित तार-बाड़ व बाउन्ड्रीवॉल को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त कांवली रोड एवं पल्टन बाजार क्षेत्रों में फुटपाथ व सड़कों से अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक अभियान चलाते हुए गठित टीमों द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सघन निरीक्षण करते हुए अस्थायी एवं अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी।
ड्राई पोर्ट निर्माण को लेकर महाराज ने की नेपाल के राजदूत से भेंट

## ड्राई पोर्ट निर्माण को लेकर महाराज ने की नेपाल के राजदूत से भेंट



**देहरादून/नई दिल्ली।** प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने शारदा नदी (महाकाली नदी) पर बन रहे शारदा बैराज के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा से शिष्टाचार भेंट की इस दौरान उन्होंने भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल समीर जाफरी, अवर सचिव भूपेंद्र सिंह रावत और मिशन के उप प्रमुख डॉ. सुरेंद्र थापा से चर्चा करते हुए भारत नेपाल के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को देखते हुए शारदा नदी (महाकाली नदी) पर बन रहे शारदा बैराज के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बनवास बैराज अपनी आयु पूर्ण कर चुका है इसलिए इसकी रिट्रोफिटिंग की जाए या उसके स्थान पर नया ब्रिज बनाया जाए। उन्होंने नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा से मुलाकात के दौरान बनबसा स्थित नदी पर ड्राई पोर्ट निर्माण को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## डॉ. नरेश बंसल ने की भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मुलाकात

**देहरादून ।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय मे भाजपा राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष एवं सांसद नरेश बंसल ने नव नियुक्त भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाए दी।'
इस अवसर पर डॉ नरेश बंसल ने मिठाई खिलाकर नव नियुक्त भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई व शुभकामनाए दी एवं विभिन्न समसामायिक विषयो पर चर्चा की।

# मनरेगा का नाम ही नहीं, मूल भावना ही बदल डाली: आर्य

**■ रोजगार की लीगल गारंटी स्कीम को बदलकर अब केंद्र की प्रचार योजना में बदल दिया ,अब राज्य सरकार को अधिक खर्च करना होगा**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि महात्मा गांधी रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) रख दिया गया है। नया कानून मनरेगा के काम के अधिकार के मूल सिद्धांत को कमजोर कर रहा है।उन्होंने कहा कि मनरेगा से सिर्फ महात्मा गांधी का नाम नहीं हटाया गया है, इसके अलावा भी कई परिवर्तन अत्यंत चिंताजनक है। पहले इस योजना में केंद्र सरकार का अंशदान 90 प्रतिशत और 10 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार का था। मनरेगा अकुशल उद्यमियों के लिए स्कीम थी, जिसका बजट केंद्र सरकार के पास था, लेकिन अब सिर्फ 60 प्रतिशत अंशदान केंद्र का होगा और 40 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार का होगा।

आर्य ने कहा कि मनरेगा मांग पर आधारित एक स्कीम थी, अगर कोई मजदूर काम मांगता था, तो केंद्र को उसे काम देकर उसका भुगतान करना पड़ता था, नई स्कीम में डिमांड के आधार पर काम नहीं मिलेगा। अब काम केंद्र के पूर्व-निर्धारित मानक और बजट आवंटन के आधार पर ही मिलेगा। फंड खत्म, तो अधिकार खत्म। अगर फंड से ज्यादा काम दिया तो उसका भुगतान राज्य सरकार को करना होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार की लीगल गारंटी स्कीम को बदलकर, अब केंद्र द्वारा संचालित प्रचार योजना में बदल दिया गया है, जिसमें खर्च राज्य करेंगे। मनरेगा में काम ग्राम सभाओं और पंचायतों के जरिए होता था, जो स्थानीय जरूरतों के आधार पर काम की योजना बनाती थीं। इससे लोकतंत्र की पहली कड़ी पंचायतों को और भी मजबूती मिलती थी। आर्य ने कहा कि नई स्कीम में जीआईएस उपकरण, पीएम गति शक् और केंद्र के डिजिटल नेटवर्क अनिवार्य हैं। स्थानीय प्राथमिकताएं अब विकसित भारत नेशनल रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक से फिल्टर होंगी। इसमें बायोमेट्रिक्स, जियो-टैगिंग, डैशबोर्ड्स और ऑडिट जरूरी है।
, वह लाखों ग्रामीण मजदूर जो इतनी तकनीक नहीं समझते हैं, वो काम से वंचित रह जाएंगे।उन्होंने कहा कि इसके साथ ही किसी राज्य को कितना बजट मिलेगा, ये केंद्र सरकार तय करेगी। इसके मानक होंगे, लेकनि हम जानते हैं इस मामले में विपक्ष की सरकारों को क्या मिलेगा और किस आधार पर मिलेगा यह तय किया जायेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मजदूरों को खेती किसानी के सीजन में दो महीने काम नहीं मिलेगा। रोजगार गारंटी का ये एक्ट दो महीने तक रोजगार की कोई गारंटी नहीं देगा। मतलब मजदूर को उसके भाग्य के भरोसे छोड़ दिया गया। अब उन्हें काम देने वाला थोड़े से अनाज पर काम करवाए या किसी और तरह से शोषण करे, सरकार को फर्क नहीं पड़ता। किसी योजना का नाम बदलना सिर्फ कागजी बदलाव नहीं होता-इस पर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, जिनका सीधा बोझ जनता पर पड़ता है।
क्या नाम बदलने से गाँव के मजदूर की जिंदगी बदलेगी? क्या इससे बेरा. ेजगारी या महंगाई कम होगी? यह बदलाव तो मनरेगा की रोजगार गारंटी की आत्मा पर सीधा हमला है। फंड घटाना, मांग आधारित काम खत्म करना और राज्यों पर बोझ डालना, सब मिलकर मजदूर को असुरक्षित बना देता है। आर्य ने कहा कि देश में गरीबी खत्म करने की दिशा में एक भी काम नहीं हो रहा है, गरीबों को खत्म करने के लिए सबकुछ हो रहा है। धन का केंद्रीय करण कर सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों की आय के आधार पर 90 प्रतिशत लोगों को विकसित भारत का सपना दिखाकर मूर्ख बनाया जा रहा है। जब देश की जनता रोजगार और राहत की उम्मीद कर रही है, तब सरकार को प्रतीकों की राजनीति छोड़कर जमीनी हकीकत पर काम करना चाहिए। यशपाल आर्य ने कहा कि ऐसे प्रावधान का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। करोड़ों गरीब, मजदूरों और कामगारों के हकों को हम सत्ता के हाथों छिनने नहीं देगें।

## जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अभियान सफल बनाने उतरी भाजपा

**देहरादून।** धामी सरकार के श्जन जन की सरकार, जन जन के द्वारश अभियान को व्यापक जनसहभागिता से सफल बनाने हेतु भाजपा संगठन मैदान में उतर रहा है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट के निर्देश पर सभी 970 न्याय पंचायत में होने वाले इन कार्यक्रमों को लेकर मंत्रियों, विधायकों, दायित्वधारियों एवं पार्टी पदाधिकारियों को समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस अभियान के प्रदेश समन्वयक एवं प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसंबर से अगले 45 दिनों तक संचालित होने वाले प्रदेश सरकार के कार्यक्रमों में पार्टी सक्रिय भूमिका निभाएगी। संगठन की तरफ से निर्धारित समन्वयक सुनिश्चित करेंगे कि न्याय पंचायत स्तर पर होने वाले इस अभियान में अधिक से अधिक जनता की सहभागिता हो।

# विकासखण्ड स्तर पर होगा आजीविका विकास से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन

**■ सचिव, ग्राम्य विकास ने जारी किए निर्देश ,ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार/स्वरोजगार तथा सतत आजीविका संबंधी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का लक्ष्य**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सचिव, ग्राम्य विकास धीराज गर्ब्याल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका विकास से संबंधित स्वरोजगार एवं रोजगारपरक योजनाओं की समुचित जानकारी आम जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से सभी जनपदों के प्रत्येक विकासखण्ड में एकदिवसीय कार्यशाला/विकास गोष्ठी का आयोजन किये जाने के लिए निर्देश जारी किये गये।इस आयोजन के तहत स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी तथा उद्यमशीलता हेतु विचार गोष्ठी/कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के साथ-साथ कौशल विकास, कृषि, उद्योग, पर्यटन, सिंचाई आदि विभिन्न रेखीय विभागों द्वारा संचालित आजी. विका एवं रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी आमजनमानस तक पहुँचायी जायेगी ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र लाभार्थियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जा सके।कार्यशाला के दौरान योजनाओं की व्यापक जानकारी, उनके लाभ, पात्रता मानदण्ड तथा सफल लाभार्थियों की प्रेरक कहानियों को साझा किया जायेगा। इसमें स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ-साथ लखपति दीदी तथा उद्यमशीलता से जुड़े अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को अधिकाधिक रूप से सम्मिलित किया जायेगा।इन कार्यक्रमों में ग्रामीण विकास विभाग के जनपद स्तरीय टीम के साथ संबंधित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य रेखीय विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जायेगी। सभी कार्यशालाएँ सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जायेंगी, जिससे कार्यक्रमों की प्रभावशीलता एवं प्रशासनिक मार्गदर्शन एवं प्रभावी समन्वय सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विकास विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारी भी आवश्यकतानुसार इन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे।

# वात्सल्य योजना के तहत 3 करोड़ 9 लाख खातों में ट्रांसफर




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** मंगलवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ 9 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की।कैंप कार्यालय पर धनराशि लाभार्थियों की खातों में डीबीटी करने के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रति माह ₹3000 की सहायता राशि देती है। इस योजना के तहत सितंबर 25 तक का धन पहले ही जारी कर दिया गया था। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अक्टूबर में 5177 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 55 लाख 31 हजार रुपए मंगलवार को जारी किए गए हैं। जबकि नवंबर महीने के लिए कुल 5147 लाभार्थियों के 1 करोड़ 54 लाख 41 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई है।इस योजना के तहत लाभार्थी के 21 वर्ष के हो जाने या बालिका लाभार्थियों के विवाह या लाभार्थी के सेवायोजित हो जाने के बाद वह योजना से बाहर हो जाते हैं।

इस अवसर पर विभागीय निदेशक बंसी लाल राणा, भाजपा नेता इंदर रावत, सीपीओ अंजना गुप्ता और डिप्टी सीपीओ राजीव नयन आदि उपस्थित रहे।

# विंटर लाइन कार्निवाल से पहले सभी व्यवस्थाएं हों दुरुस्त : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में आयोजित होने वाले विंटर लाइन कार्निवाल को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कार्निवाल के दौरान देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मसूरी में सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। विशेष रूप से सार्वजनिक शौचालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने, नियमित निगरानी करने तथा स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मसूरी के धोबीघाट एवं अन्य क्षेत्रों में वेरिफिकेशन



अभियान चलाए जाए।

बैठक के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने लंढौर मार्ग पर हो रहे भू-धंसाव की स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने जिलाधिकारी देहरादून से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल आवश्यक कदम उठाने, मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विंटर लाइन कार्निवाल मसूरी की पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, ऐसे में प्रशासनिक विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि आयोजन सफल और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि 21 दिसम्बर को मसरी स्थित अटल उद्यान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का भी लोकार्पण किया जाएगा। जिसमें राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल, अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन आदि उपस्थित रहे।

CMYK

# अब अतिक्रमणकारियों से किराया भी होगा वसूल : महापौर

## खेड़ा में धार्मिक संस्था की आड़ में जमीन कब्जाने के मामले में मेयर ने दिखाए तीखे तेवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने खेड़ा में धार्मिक संस्था की आड़ में लंबे समय से कब्जाई गई भूमि के मामले में एक बार फिर स्पष्ट और सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा कब्जाई गई लगभग आठ एकड़ भूमि से अब तक का किराया भी वसूल किया जाएगा। जल्द ही नगर निगम द्वारा संस्था को नोटिस भेजा जाएगा और वसूली की कार्रवाई आरंभ होगी।



महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को नगर निगम में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में लैंड जिहाद और अतिक्रमण के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत रूद्रपुर नगर निगम भी तत्पर है। पिछले दिनों खेड़ा में धार्मिक संस्था की आड़ में कब्जाई गई भूमि को प्रशासन ने खाली कराया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में भ्रामक जानकारी देकर समाज को भ्रमित करने की कोशिश की, जबकि वास्तविकता यह है कि न्यायालय द्वारा केवल सात दिन के लिए स्टे दिया गया था, जो बुधवार को समाप्त हो रहा है। इसके बाद नगर निगम भूमि पर चारदीवारी निर्माण का कार्य शुरू करेगा। आने वाले दिनों में इस भूमि पर गरीब बच्चियों के लिए इंटर कालेज खोला जाएगा। इसके साथ ही यहां पर पर्यावरण मित्रों के आवास की योजना भी तैयार की जाएगी। महापौर ने कहा कि यदि दूसरे पक्ष के लोग ट्रिब्यूनल का रुख करेंगे, तो नगर निगम मजबूती से पैरवी करेगा, क्योंकि उक्त भूमि के पुख्ता रिकॉर्ड मौजूद हैं। महापौर ने यह संदेश देते हुए कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी धर्म या समुदाय के व्यक्ति को सरकारी जमीन पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इंदिरा चौक पर बचे हुए अतिक्रमण को हटाकर चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही कल्याणी नदी के किनारे भी अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मेयर रामपाल सिंह के कार्यकाल में कल्याणी नदी के संरक्षण के लिए बनाया 300 करोड़ का प्रोजेक्ट शासन स्तर पर लंबित था इस प्रोजेक्ट की शासन स्तर पर पैरवी हुई है, जिसके तहत इस माह के अंत तक शासनादेश जारी होने की उम्मीद है। जिसके बाद कल्याणी नदी के कल्याण के लिए काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि झील के सामने सोमवार को लगने वाले बाजार से जो जाम की स्थिति पैदा होती है, उसके लिए नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, बाजार संचालन में यदि मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो इसका लाईसेंस कैंसल किया जाएगा। इसके साथ ही महापौर ने कहा कि गंगापुर रोड पर स्कूली बच्चों की आवाजाही को देखते हुए जल्द ही सुबह 7 से 9 बजे और शाम को 2 बजे से 4 बजे तक बड़े वाहनों की आवाजाही बंद की जाएगी इसके लिए बूम बैरियर लगाए जाएंगे। इसके बाद इसी तरह की व्यवस्था को काशीपुर बाईपास मार्ग पर भी लागू किया जाएगा। जाम से निकपटने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर खुले हुए कट बंद कराए जाएंगे। महापौर ने कहा कि शहर को आदर्श शहर बनाने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। महापौर विकास शर्मा ने स्पष्ट किया कि नगर निगम का लक्ष्य रुद्रपुर को आदर्श और व्यवस्थित शहर बनाना है। अतिक्रमण, अव्यवस्था और नियमों की अनदेखी पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कड़ा प्रशासनिक हस्तक्षेप जारी रहेगा।

## तीन दिवसीय प्रतियोगिता प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जेके पब्लिक स्कूल में जूनियर वर्ग की वार्षिक प्रतियोगिता प्रारंभ स्कूल प्रबंधक अजय मौर्य ने दीप प्रज्वलितकर खेल का शुभारंभ किया। 50 मीटर रेस में ग्रीन हाउस के मोव,अब्राहम ने प्रथम स्थान येलो हाउस के तनिष्क द्वितीय तथा ब्लू हाउस के प्रदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बाधा रेस ( हर्डल रेस ) में ब्लू हाउस के मिष्टी ने प्रथम स्थान रेड हाउस की काशिफा ने द्वितीय स्थान येलो हाउस की रागनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बिल्डिंग विथ कप प्रतियोगिता में येलो हाउस के भुवनेश ने प्रथम स्थान ग्रीन हाउस के मंदीप ने द्वितीय स्थान तथा ब्लू हाउस के युग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य प्रकाश चंद तिवारी ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## एक नजर

## पालिकाध्यक्ष ने नवनिर्मित सीसी मार्ग का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने मंगलवार को खटीमा वार्ड नंबर 19 में नवनिर्मित 150 मीटर सीसी रोड का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। लंबे समय से प्रतीक्षित इस विकास कार्य के पूर्ण होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस इस मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने पर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों तथा सभासदों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। अवसर पर सभासद दीपा धरियाल, आनु धरियाल, चंदन जोशी, महेश जोशी, गोविंद सिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, भैरव दत्त पांडे, राधिका पुजारा, विनोद कॉलोनी, राहुल सक्सेना, अर्पित कालोनी तथा शुभम पटवा आदि मौजूद रहे।



## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार छात्र गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज मंगलवार प्रात: गंगापुर मार्ग पर साईकिल पर सवार होकर स्कूल जा रहे छात्र को खनन सामग्री लेकर आ रहे ट्रक के चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसकी साइकिल ट्रक के टायरों के नीचे आकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी और घायल छात्र को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। मामले की सूचना मिलने पर पार्षद के साथ ही छात्र के परिजन भी आ गए।

जानकारी के अनुसार आज मंगलवार प्रात: गंगापुर मार्ग स्थित सेंट मैरी स्कूल का छात्र करीब 12 वर्षीय वार्ड एक निवासी युवराज पुत्र धर्मेंद्र साईकिल पर सवार होकर रोज की तरह घर से स्कूल को रवाना हुआ। जब वह तीन पानी डाम के पास पहुंचा तो खनन सामग्री से भरे ट्रक संख्या यूके 06 सीबी 3103 के अज्ञात चालक ने उसे टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवराज साईकिल सहित ट्रक के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी साईकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के होते ही वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। ट्रक चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को देने के साथ ही घायल छात्र को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। सूचना मिलने पर पार्षद पवन राणा व पुलिस कर्मी मौके पर आ गए। वहीं सूचना मिलते ही छात्र युवराज के परिजन भी आ पहुंचे। पुलिस ने ट्रक अपने कब्जे में ले लिया है। पार्षद पवन राणा ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की कि स्कूल के खुलने व बंद होने के समय बच्चों के आने जाने के दौरान इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बताया जाता है कि छात्र युवराज के पैरों व अन्य अंगों पर गंभीर चोटें आई हैं।

# सैनिकों का सम्मान ही सच्ची श्रद्धांजलि: महापौर

- विजय दिवस पर शहीदों को नमन कर अर्पित किए पुष्पचक्र
- ओपन क्रांस कंट्री रेस के साथ ही हुई कई प्रतियोगिताएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 16 दिसम्बर 1971 को भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहादत देने वाले देश के शहीदों की स्मृति में विजय दिवस जनपद भर में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

मुख्य कार्यक्रम जनपद मुख्यालय पुलिस लाईन में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित हुआ। भारत-पाक युद्ध दौरान 1971 में जनपद के 9 वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया तथा दो सैनिक युद्ध में घायल हुए। कार्यक्रम में शहीद होने वाले जनपद के शहीद सूवेदार स्व. रामदत्त, सिपाही उमेश सिंह, टीका राम, दिवानी नाथ, हीरा चन्द, आन सिंह, जोगा सिंह, हर सिंह, त्रिलोक सिंह के चित्र पर मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसपी सिटी निहारिका तोमर, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्न. सीपी कोठारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी एवं पूर्व सैनिकों द्वारा पुष्पचक्र व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। युद्ध में घायल सैनिक गोकुलानंद पाठक, मनोज सिंह, त्रिलोक सिंह व युद्ध प्रतिभागी कै. धन सिंह, खड़क सिंह कार्की, जय सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि आज उन वीर शहीदों को नमन करते है जिन्होंने देश की आन-बान शान हेतु अपना सर्वस्त बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश वीर सैनिकों की भूमि है और सैनिक शान हैं। उन्होंने कहा कि हम सब देश के अन्दर सुरक्षित है तो वीर सैनिकों के कारण जो देश की सीमाओं पर प्रहरी के रूप में दिन रात देश की रक्षा कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि 1971 में जो युद्ध हुआ था उस युद्ध मे हिन्दुस्तान की विजय हुई थी, लेकिन उसमें हमारे अनेक सैनिक शहीद तथा घायल हो गए थे उनकी स्मृति के रूप में आज के दिन को हम विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। मुख्य विकस अधिकारी दिवेश शाशनी ने वीर सैनिकों को श्रद्धांजली देते व नमन करते हुए कहा कि हमें वीर सैनिकों के अदम साहस व उनके वीरता पर गर्व है हमे उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिक व उनके परिजनों का हमे सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन रणबाकुरों ने अपनी शहादत दी हमें उनसे प्रेरणा लेकर उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनकी कुबार्नी को हमेशा याद रखना चाहिए। विजय दिवस के अवसर पर जनपद में शिक्षण संस्थाओं/क्रीड़ा विभाग द्वारा 1971 भारत-पाक युद्ध/देश भक्ति से सम्बन्धित चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे चित्रकला में आदर्श बा.इ.का. पंतनगर की सविता प्रथम, जनता इ.का. रुद्रपुर की सलोनी शर्मा द्वितीय व गुरूनानक बा.रा. इ.का. की भावना जोशी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह निबन्ध प्रतियोगिता में जनता इ.का. के सुमित प्रथम, गुरूनानक बा.इ.का. की शिफा द्वितीय व आर्य कन्या इ. का. साक्षी कश्यप तृतीय स्थान पर रहे तथा भाषण प्रतियोगिता में रा.क. उ.मा.वि. रामनगर कामनी प्रथम, राजकीय बा.इ.का. फाजलपुर महरौला की सोनम द्वितीय व आ.ना. झा. रा.इ.का. के विष्णु सिंह राठौर तृतीय स्थान पर रहे। विजय दिवस के अवसर पर खेल विभाग द्वारा स्पोर्टस स्टेडियम में बालक व बालिका का ओपन क्रांस कंट्री रेस करायी गयी जिसमे महिला वर्ग में अजरा निपाशा प्रथम, दीपा द्वितीय, गुंजन तृतीय, चॉदनी चतुर्थ, खुशी राय पंचम व डोली षष्टम स्थान पर रहे एवं पुरूष वर्ग में पुष्कर चन्द प्रथम, धीरज सिंह बिष्ट द्वितीय, अनुपम तृतीय, दीपक कुमार चतुर्थ, भावेश पंचम व अभिषेक षष्टम स्थान पर रहे। समारोह में सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी चन्द प्रकाश कोठारी, सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी सुन्दर सिंह, वरिष्ठ प्रशासनीक अधिकारी महेश चन्द्र भट्ट, पूर्व सैनिक सुनिल कुमार, सुदर्शन सिंह, गिरीश चन्द्र भट्ट, लक्ष्मण सिंह, रूप सिंह अधिकारी, अजय कुमार, देबू, आकाश आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पैरोल पर रिहा आरोपी को गिरफ्तार कर उपकारागार जेल हल्द्वानी भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली पुलिस ने 27 मई 2021 को उप कारागार हल्द्वानी से पैरोल पर रिहा आरोपी हुआ गिरफ्तार। कोविड-19 संक्रमण की अवधि में पैरोल पर उप कारागार हल्द्वानी से रिहा विचाराधीन को केशव नगर वार्ड नंबर 6 निवासी सचिन पुत्र उदयवीर गिरफ्तार कर उप कारागार जेल हल्द्वानी ले जाया गया। इस दौरान कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कोविड 19 संक्रमण की अवधि में पैरोल पर रिहा बंदी द्वारा पैरोल की अवधि समाप्त होने के पश्चात भी वापस उप कारागार हल्द्वानी न जाने पर पुलिस उप महानिरीक्षक कारागार द्वारा 7 नवंबर 2024 व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 20 नवंबर 2024 के अनुपालन में मंगलवार को उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह परिहार , कांस्टेबल सुरेश बिष्ट, पवन कुमार को साथ लेकर निवासरत बन्दी सचिन पुत्र उदयवीर निवासी वार्ड नं0 6 केशवनगर को उसके घर से गिरफ्तार कर उपकारागार जेल हल्द्वानी ले जाया गया।



## 1971 के विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पूर्व सैनिकों द्वारा मंगलवार को तहसील सभागार में 1971 के विजय दिवस को लेकर एक कार्यक्रम का किया गया। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम तुषार सैनी, संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी व तहसीलदार विरेन्द्र सजवाण द्वारा शहीदों की याद में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही वीर नारियों व समस्त

- शहीदों की वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित

उपस्थित पूर्व सैनिकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी द्वारा समस्त पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को विजय दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं कैप्टन नारायण सिंह सौन, धन सिंह सामंत व सुबेदार राजेन्द्र सिंह अधिकारी ने भी विजय दिवस की वीरगाथा पर अपना अपना वक्तव्य दिया। उसके बाद एसडीएम व संगठन अध्यक्ष द्वारा 1971 के वीर शहीदों की वीरांगनाओं को शाघ्ल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वीर शहीदों के योगदान, संघर्षों और त्याग को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर ललिता सामन्त, कैप्टन बहादुर सिंह, कैप्टन दिवानी चंद, कैप्टन गंभीर सिंह धामी, नारायण सिंह सौन, सु.मे. धन सिंह सामन्त, दान सिंह बोरा, राजेन्द्र सिंह अधिकारी, दान सिंह धामी, कल्याण सिंह भंडारी, धन सिंह बोरा, नायक भूपेंद्र सिंह खोलिया, नेत्र सिंह ज्याला, जोहर सिंह पोखरिया, मनोहर सिंह ज्याला, देवेन्द्र सिंह कन्याल, आनंद सिंह धोनी आदि सहित अनेकों पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## महिला ने अज्ञात लोगों पर लगाया छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

- कार्रवाई को लेकर 17 मील पुलिस चौकी में दी तहरीर
- चार लोग दो बाइकों से कर रहे थे महिला का पीछा, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वार्ड नंबर 2 खटीमा निवासी एक महिला ने अज्ञात व्यक्तियों पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप लगाते हुए 17 मिल पुलिस चौकी प्रभारी को एक तहरीर सौंपी है।

सानिया पत्नी सलीम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि सोमवार को लगभग 2 बजे वह अपने भाई के साथ न्यूरिया अपने माताजी से मिलने जा रही थी। इसी दौरान मझोला पार करके दूसरे पेट्रोल पंप के पास चार लोग दो बाइकों से उसका पीछा करने लगे और बाइक पर ही उसको छेड़ने लगे। लगभग डेढ़ किलोमीटर तक पीछा करते हुए छेड़छाड़ करते रहे और उसको पैसे का लालच देकर साथ चलने के लिए कहने लगे। इसी बीच उन अज्ञात लोगों ने महिला के बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दिया।

वहीं अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ करता देख उसका भाई हस्तक्षेप किया और छेड़छाड़ करने से मना किया तो उक्त अज्ञात लोग पीड़िता के भाई से मारपीट करने लगे। वहीं जब पीड़िता ने मदद के लिए अपने मोबाइल से फोन करना चाहा तो उक्त लोगों द्वारा मोबाइल छीनकर फेंक दिया गया। तहरीर के माध्यम से पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने हाथ में पहने कड़े से उसकी नाक पर मारा जिससे उसको काफी चोट आई और खून बहने लगा। इसके उपरांत उक्त लोग वहां से भागने लगे। वहीं पीड़िता के भाई द्वारा उक्त लोगों के विषय में पता करने पर उनमें से दो का नाम उटी पुत्र गिद्दा निवासी रघुलिया और राहुल पुत्र ना मालूम निवासी सितारगंज ज्ञात हुआ। जिसमें से राहुल का मझोला में एक होटल भी है और उक्त चारों इसी होटल से निकलकर महिला का पीछा कर रहे थे। वहीं महिला ने आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने जाते-जाते धमकी दिया कि यह हमारा इलाका है कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। पीड़ित महिला ने 17 मिली पुलिस चौकी को घटना से अवगत कराया तो पुलिस ने तत्काल पीड़िता का उपचार भी करवाया। वहीं पुलिस आरोपियों की शिनाख्त के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी के प्रथम आगमन पर बाजपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। यह कार्यक्रम नैनीताल स्टेट हाईवे पर स्थित एक होटल से गाड़ियों में सवार होकर गन्ना राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू के नेतृत्व में सैकड़ों युवा साथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी ने आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर युवाओं से संगठित होकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव,गौरव शर्मा, स्तुति गुप्ता, सुशील वर्मा, राजेश कुमार, बिट्टू चौहान, अजीत पाल सिंह, मयंक शर्मा, अनुज तिवारी, मयंक पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर कार सवार फरार

- कर्मचारी को कुचलने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर डीजल चोरी और जानलेवा लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने मंगलवार को पुलिस चौकी दोराहा में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंटर हाईवे पेट्रोल पंप, मेन रोड, मुड़िया मनी दोराहा बाजपुर पर 16 दिसंबर 2025 की सुबह करीब आठ बजे एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार पेट्रोल पंप पर पहुंची। कार चालक ने 2100 रुपये का डीजल भरवाया और भुगतान किए बिना वाहन लेकर मौके से फरार होने लगा। पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारी संजय सिंह ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि चालक ने तेज गति और लापरवाही से संजय सिंह के ऊपर कार चढ़ाने की कोशिश की। गनीमत रही कि कर्मचारी बाल-बाल बच गया, हालांकि उसे काफी गंभीर चोटें आईं। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त कार चालक पूर्व में भी दो बार इसी प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे चुका है, लेकिन वाहन संख्या न मिल पाने के कारण उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी। बताया गया है कि स्कॉर्पियो कार के विंडशील्ड पर सफेद रंग से "विधायक" लिखा हुआ है। पीड़ित द्वारा पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## तीस हजार कुंतल धान की पोर्टल लिमिट बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं सम्भाग हल्द्वानी चन्दर सिंह मर्तोलिया को ज्ञापन सौंपकर केन्द्र बाजपुर के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय कांटों के लिए लगभग 30 हजार कुंतल धान की पोर्टल लिमिट बढ़ाने की मांग की है।



ज्ञापन में कहा गया है कि विगत वर्षों में 1.5 लाख कुंतल की खरीद होती आई है। परंतु इस वर्ष बाजपुर केन्द्र पर 50500 कुंतल का पोर्टल दिया गया था जो लगभग समाप्ति की ओर है। 25 हजार कुंतल धान उच्चाधिकारियों, केन्द्र प्रभारी एवं किसानों की वार्ता के बाद राईस मिलों में भेजा गया। जिसका समायोजन भी पोर्टल के माध्यम से होना है। लगभग 5 हजार कुंतल धान की ट्रॉली कांटे पर खड़ी है।

किसानों की समस्याओं को देखते हुए केन्द्र बाजपुर के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय कांटों के लिए लगभग 30 हजार कुंतल धान की पोर्टल लिमिट बढ़ाना आवश्यक है। इस मौके पर प्रताप सिंह संधू, जसमीत सिंह, जगदीप सिंह रंधावा आदि मौजूद थे।

## रामनगर क्षेत्र के वन ग्रामों को लेकर सीएम ने की शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भाजपा के वरिष्ठ नेता इंदर सिंह रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ रामनगर क्षेत्र के वन ग्रामों को लेकर शिष्टाचार भेंट की।

वन ग्रामों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उनके समक्ष रखा। इस दौरान सुंदरखाल ग्राम से संबंधित लंबे समय से लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। सुंदरखाल निवासी पूर्व प्रधान चंदन राम ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सुंदरखाल ग्राम का मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में इस विषय पर सरकार के स्तर से आवश्यक हस्तक्षेप की अपेक्षा है। साथ ही विनियमितीकरण के विषय पर भी अवगत करवाया गया, जिसमे मुख्यमंत्री ने जल्द ही शासना आदेश जारी करने का आश्वसन दिया गया है। इस दौरान शुभम उत्तम,चंदन राम,जगदीश चंद्र,संदीप, सुरेन्द्र, सुनील, संजय, नंदन सिंह, आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूछड़ी समेत विभिन्न वन ग्रामों के ग्रामीणों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर। संयुक्त** संघर्ष समिति के बैनर तले पूछड़ी समेत विभिन्न वन ग्रामों के ग्रामीणों ने तराई पश्चिमी वन विभाग कार्यालय पर हल्ला बोल दिया। ग्रामीणों के पहुंचने की सूचना मिलने पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चंद्र आर्य अपनी गाड़ी से बाहर निकल ही रहे थे कि ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी को घेरकर धरना शुरू कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बल् की तैनाती के बावजूद भी ग्रामीण धरने पर डटे रहे।



ग्रामीणों के आक्रोश के कारण डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य को उन्हें अपनी गाड़ी बैक कर अपने कार्यालय में वापस आना पड़ा। धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य,उत्तराखंड हाईकोर्ट एवं वन अधिकार कानून 2006 का उल्लंघन कर रहे हैं। विगत 7 दिसंबर को उन्होंने उन परिवारों पर भी बुलडोजर कार्रवाई की जिन्हें हाईकोर्ट से स्टे मिला हुआ था। वक्ताओं ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा वन ग्राम पूछड़ी में ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति का गठन किया जा चुका है। वनाधिकार कानून की धारा 4(5) में स्पष्ट उल्लेख है कि जब तक ग्रामीणों के दावों के परीक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी तब तक किसी को नहीं हटाया जाएगा। इसके बावजूद भी डीएफओ तराई पश्चिमी और नैनीताल पुलिस प्रशासन ने कानून का उल्लंघन करते हुए 60 से अधिक लोगों के घरों एवं खेती योग्य जमीन को बुलडोजर चलवाकर रौंद दिया। भाजपा के बुल्डोजर राज पर रोक लगाने के आंदोलन की आगामी रणनीति के लिए 21 दिसंबर को वन ग्राम पूछड़ी में दिन में 12 बजे से हनुमान मंदिर के पास एक बृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान रेनू सैनी, कमला देवी, सुनीता देवी, सीमा तिवारी, केसर राणा, प्रेम राम, जगमोहन सिंह रावत, प्रभात ध्यानी, रोहित रुहेला, भगवती आर्य, सरस्वती जोशी, मुनीष कुमार, तुलसी छिंमवाल आदि मौजूद रहे।

## भगत सिंह चौक पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना की मांग की




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जनपद नैनीताल के हल्द्वानी मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सचिव एवं कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से शिष्टाचार भेट कर मुख्य रूप से बाजपुर में भगत सिंह चौक पर राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना एवं अन्य दर्जनों विकास कार्यों के संबंध में वार्ता कर मांग पत्र दिया। और समस्त कार्य जिला विकास प्राधिकरण फंड से करवया जाने के लिए मांग की है। इस दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि कमिश्नर साहब के कार्यालय में जनता की समस्या के समाधान का नजारा धामी की सरकार के अनुरूप सरलीकरण, समाधान संतुष्टि के मंत्र जैसा ही था।

# कांग्रेस ने मनाया बांग्लादेश मुक्ति विजय दिवस

## पूर्व पीएम इंदिरा की इच्छा शक्ति ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए: गोदियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** सन 1971 में इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश मुक्ति वाहिनी का साथ देने का निर्णय लिया और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए यह हमारे भारत की सेना का अध्मय साहस देश प्रेम व देश के लिए मर मिटने के जज्बे का एक अतुलनीय उदाहरण है।

यह बात मंगलवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग द्वारा आयोजित विजय दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि निक्सन की सातवां बेड़ा भेजने की धमकी को नजरअंदाज करते हुए इंदिरा गांधी ने जो राजनैतिक इच्छा शक्ति दिखाई उसकी याद आज पूरे देश वासियों को उस समय आती है जब अमरीका का आज का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार बार यह कहता है कि ऑपरेशन सिंदूर को भारत व पाकिस्तान को व्यापार की धमकी देकर उन्होंने रुकवाया। गोदियाल ने कहा कि आज जब बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होते हैं तो भारत की वर्तमान सरकार उसके खिलाफ केवल बयानों में नाराजगी दिखाती है किन्तु इंदिरा गांधी ने जो किया उसका लोहा पूरी दुनिया ने माना।



इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पूर्व सैनिक विभाग को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड देश का सबसे ज्यादा सैनिक और सैन्य अधिकारी देने वाला राज्य है और इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1971 में जब उत्तरप्रदेश के आठ पर्वतीय जिलों को उत्तराखंड कहते थे तब भारत पाक युद्ध में इस क्षेत्र के 250 से अधिक सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

रावत ने प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को सलाह दी कि वे पार्टी की एक समिति बना कर देश के अन्य राज्यों में यह पता लगवाएं कि ऐसी कौन कौन सी योजनाएं हैं जो पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए चलाई जा सकती हैं और प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनने पर उन योजनाओं पर अमल किया जाए। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सैनिक विभाग के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन प्रवीण डावर ने कहा कि आज देश में सेना को मजबूत करने की आवश्यकता है।

प्रदेश कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग अध्यक्ष कर्नल राम रतन नेगी ने कहा कि पार्टी का पूर्व सैनिक विभाग पूरे प्रदेश में जन जागरण चला रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि कांग्रेस की सभी सरकारों ने हमेशा सैन्य बलों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए उत्तराखंड प्रदेश में पहली कांग्रेस सरकार ने बाकायदा एक निगम बना कर उनके पुनः रोजगार का रास्ता खोला। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, प्रदेश कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कर्नल हरि सिंह चौधरी, सिडनी लोबो, कर्नल मोहन सिंह रावत, शिवानी मिश्रा, शोबन सिंह सजवान, सहदेव शर्मा, अशोक नेगी, धीरेन्द्र सिंह बिष्ट, मेजर संजय उपाध्याय, सूबेदार हाकम सिंह, सूबेदार रणवीर लाल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर गोदियाल, हरीश रावत, धस्माना व कर्नल राम रतन सिंह नेगी ने सभी पूर्व सैनिकों को वेटरन कैप पहना कर माल्यार्पण कर कांग्रेस का पटका पहना कर सम्मानित किया।

# मसूरी में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी हुड़दंग पर रहेगी विशेष नजर

■ राजपुर से मसूरी क्षेत्र का दौरा कर तैयारियों का भौतिक निरीक्षण किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आगामी क्रिसमस और नव वर्ष के आयोजनों को देखते हुए, पुलिस-प्रशासन ने मसूरी क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया। एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह ने बैठक के दौरान बताया कि आज राजपुर से मसूरी क्षेत्र का दौरा कर तैयारियों का भौतिक निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के दौरान यातायात व्यवस्था और सुरक्षा बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। मसूरी मार्ग पर स्थित एक वैली पुल पर नुकीली धातु की चादरें निकली हुई पाई गईं, जिससे वाहनों के टायर पंचर होने का खतरा है। पुल पर पैराफिट (दीवार) और क्रैश बैरियर (सुरक्षा रेलिंग) की कमी भी दिखी, जिसके लिए संबंधित विभाग को तुरंत सूचित किया जा रहा है।

### हुड़दंग और तेज ड्राइविंग पर सख्ती: लोकजीत

नव वर्ष के दौरान दारू पीकर हुड़दंग मचाने और तेज रफ्तार (रैश) से गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। इसके लिए पुलिस के चेक पॉइंट निर्धारित किए गए हैं और सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। पार्किंग और मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम पार्किंग व्यवस्था को सुचारु करने पर जोर दिया गया है। पार्किंग स्थलों पर बिजली, पानी, शौचालय और प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) जैसी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को लिखा जा रहा है।

### एसएसपी की पहल: फिट रहने के लिए पुलिसकर्मी दौड़े

**हल्द्वानी।** जिले के कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने पुलिस बल को चुस्त और तंदुरुस्त रखने के लिए विशेष प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने अपनी पहल की शुरुआत पुलिस लाइन से की, और अब प्रत्येक मंगलवार को जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मी शस्त्र प्रशिक्षण और फिटनेस के लिए दौड़ लगा रहे हैं। एसएसपी डा. मंजूनाथ के निर्देश पर मंगलवार को जिले के सभी थानों में पुलिस कर्मियों ने शस्त्रों को खोलने और जोड़ने की प्रैक्टिस की। इसके अलावा, गन में बुलेट लोड और अनलोड करने का अभ्यास भी किया गया।

# गंभीर अपराधों में 128 वांछित गिरफ्तार, करोड़ों की अवैध संपत्ति जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गढ़वाल परिक्षेत्र के जनपदों में चलाए जा रहे विशेष अभियान (गंभीर अपराधों में अपराधियों की गिरफ्तारी) के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

परिक्षेत्र के विभिन्न जिलों में अभियान के दौरान कुल 254 वांछित अपराधियों में से 128 अपराधियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की गई है। आईजी गढ़वाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वांछितों में 03 इनामी अपराधी शामिल हैं। इसके

■ पुलिस मुख्यालय के अभियान 'गंभीर अपराधों में अपराधियों की गिरफ्तारी' से हड़कंप

अलावा, शेष अभियुक्तों में से 09 के विरुद्ध ईनाम घोषित किया गया है।

पैरोल का उल्लंघन: कोविड-19 महामारी के दौरान पैरोल पर छोड़े गए 07 विचाराधीन बंदियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया और वापस जेल भेज दिया गया।




चैरा-हाजिर अभियुक्तों पर कार्रवाई की गई व 16 अभियुक्तों के विरुद्ध 84/85 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है। साथ ही गैंगस्टर एक्ट के तहत 13 अभियुक्तों को चिन्हित किया गया है और उनकी संपत्ति जब्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए 03 अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई लगभग 14.52 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

अन्य अपराधों के माध्यम से अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले 28 अभियुक्तों को भी चिन्हित किया गया है, जिनकी संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही भी प्रगति पर है।गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अपराधियों पर नकेल कसने और अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए आगे भी जारी रहेगा, ताकि अपराध पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाया जा सके।

# सीनियर सिटीजंस की सुरक्षा व सहायता के लिए विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशों पर, दून पुलिस ने अपने क्षेत्र में रह रहे सीनियर सिटीजंस की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस बुजुर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए उनके घर जा रही है और फोन के माध्यम से भी उनकी कुशलक्षेम पूछ रही है। थाना बसंत विहार क्षेत्र के अंतर्गत निवासरत बुजुर्गों से पुलिसकर्मियों ने मोबाइल फोन पर बात की। इस दौरान, उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई और उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर पुलिस तत्काल उनकी सहायता के लिए मौजूद है।अभियान के तहत, पुलिस ने बुजुर्गों को साइबर फ्रॉड के प्रति भी जागरूक किया। एसएसपी दून के निर्देश पर जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में यह अभियान लगातार जारी है, जिसका उद्देश्य बुजुर्गों को सुरक्षित महसूस कराना और उनकी हर संभव मदद करना है।

# माला राज्य लक्ष्मी शाह ने लोकसभा में उठाया कौलागढ़-बाजावाला मार्ग चौड़ीकरण का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** टिहरी गढ़वाल की सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने आज लोकसभा के शून्यकाल में कैंट विधायक सविता कपूर के अनुरोध पर देहरादून के कौलागढ़खबाजावाला मार्ग के चौड़ीकरण की महत्वपूर्ण माँग उठाई।

सांसद ने सदन को अवगत कराया कि यह मार्ग, जो आगे राष्ट्रीय राजमार्ग (पौंटा साहिब मार्ग) से जुड़ता है, अत्यंत संकरा है। इसके कारण क्षेत्रवासियों को आए दिन भारी यातायात जाम और सड़क दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है।

कौलागढ़, बाजावाला सहित आसपास के कई गांवों के निवासी रोजाना इस मार्ग का उपयोग देहरादून



शहर आने-जाने के लिए करते हैं।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसके तहत कौलागढ़ चरखी गेट से बाजावाला तक वन अनुसंधान संस्थान की सुरक्षा दीवार के भीतर से लगभग 1500 मीटर लंबाई में 30 फीट चौड़ा मार्ग विकसित किया जाना है।

हालांकि, वन अनुसंधान संस्थान स्तर पर अनुमति न मिलने और विभागीय अड़चनों के कारण यह कार्य अटका हुआ है।सांसद शाह ने केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव जी से जनहित में शीघ्र आवश्यक अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया, ताकि स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।कैंट विधायक सविता कपूर और क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लोकसभा में प्रभावी ढंग से उठाने के लिए सांसद महोदया का आभार व्यक्त किया है।

# मनरेगा के स्वरूप मे बदलाव पर कांग्रेस फैला रही भ्रम: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने मनरेगा योजना को नया स्वरूप देने तथा अनुदान को लेकर विपक्षी भ्रम पर स्पष्ट किया कि उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्यों में केंद्रीय मदद 90 फीसदी ही रहेगी। उन्होंने कांग्रेस द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि राज्य में अगर भू कानून जैसे कानून पहले से मौजूद थे तो उसे साफ करना चाहिए कि आखिर राज्य की हजारों हेक्टेयर भूमि पर कब्जे किस तरह हुए।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार के जनभावनाओं के अनुरूप लायी गयी नीति ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए मनरेगा योजना में परिवर्तन किए है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय की कोशिश है कि योजना को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाया जाए, लिहाजा इसे किसी तरह राजनैतिक चश्मे से देखना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान बदलाव के बाद 100 के बजाय 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जा रही है। भुगतान को सप्ताहवार करने के साथ, आवंटन राशि का दुरुपयोग न हो इसको लेकर भी नए प्रावधान किए गये हैं। वहीं विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे केंद्रीय अनुदान कम होने के आरोप को भी उन्होंने भ्रामक करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड समेत तमाम हिमालयी राज्यों में मनरेगा के तहत केंद्र एवं राज्य की सहयोग हिस्सेदारी भी पूर्व की भांति 90:10 ही रहेगी।

# हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस खेल भावना के साथ किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 2025 का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता, टीम भावना, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करना था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधन सदस्यों एवं स्टाफ का स्वागत करके किया गया, जिनमें पूर्व विधायक कुलदीप कुमार, बलबीर चंदेल, रेनू चंदेल, अनामिका प्रशार, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, प्रशासक श्वेतलाना, समस्त विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक शामिल थे। इसके उपरांत चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा खेल मशाल का दौड़ के माध्यम से संचालन किया गया, जिसे चेयरपर्सन को सौंपा गया।

यह खेल भावना एवं एकता का प्रतीक था। इसके बाद हाउस-वार मार्च पास्ट का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अनुशासन, समन्वय एवं गर्व का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा खेल शपथ ली गई। खेल दिवस में खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इसके बाद जूनियर एवं सीनियर बालक-बालिकाओं की 200 मीटर दौड़ आयोजित की गई। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए मेंढक दौड़, चम्मच दौड़, बोरी दौड़, तीन टांग दौड़ एवं कोन बैलेंस दौड़ जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।

कक्षा 1 से 5 तक के सांस्कृतिक कार्यक्रम, मार्शल आर्ट्स विशेष प्रस्तुति, योग प्रदर्शन, एक्रोबेटिक्स, दिन का सबसे रोमांचक आयोजन 4गX100 मीटर रिले दौड़ रहा। इसके अतिरिक्त रस्साकशी (फाइनल राउंड) ने पूरे मैदान को उत्साह और जोश से भर दिया।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। हाउस-वार पुरस्कार भी वितरित किए गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरुंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTTHIN2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पत्रकार दया जोशी को मातृशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष और पत्रकार दया जोशी की माताजी पार्वती लोहनी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकसंतप्त परिवार को धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। इसके अलावा, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल और सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी दया जोशी की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक आरोपी धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड के "ड्रग्स फ्री देवभूमि के विजन को साकार करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी-व्यापार में लिप्त आरोपियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा दिए गए आदेशों के बाद दून पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने प्रारंभ कर दिया इसके बाद सेलाकुई पुलिस ने एक ऐसे नशा तस्कर को गिरफ्तार किया जो काफी समय से पहाड़ों से मादक पदार्थों की



तस्करी कर उसकी खेत को देहरादून पहुंचना था।

थाना अध्यक्ष सेलाकुई परमेश्वरी भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि वृष पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद पुलिस द्वारा लगातार नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सेलाकुई पर गठित पुलिस टीम द्वारा द्वारा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान विगत दिवस 01 नशा तस्कर चुन्नीलाल को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए नशा तस्कर के विरुद्ध थाना सेलाकुई पर धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मजदूरी करते-करते चरस बेचने लगा था चुन्नीलाल


सेलाकुई स पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह मजदूरी का कार्य करता है तथा काम के दौरान उसकी मुलाकात कुल्लू निवासी एक व्यक्ति संजीव से हुई, जिसके द्वारा उसे चरस बेचकर अधिक मुनाफा कमाने वाली बात बताई गई, जिस पर लालच में आकर अभियुक्त मादक पदार्थों की तस्करी के लिप्त हो गया। बरामद चरस को भी अभियुक्त संजीव से ही खरीदकर लाया था, जिसे वह नशा करने वाले स्थानीय व्यक्तियों व शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमाने की फिराक में था पर उससे पूर्व ही पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# चिकित्सालय ने चार रोगियों के घुटनों का किया प्रत्यारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला के हड्डी रोग विभाग द्वारा घुटना प्रत्यारोपण शिविर (टोटल नी रिप्लेसमेंट) का पहली बार आयोजन किया गया। अपने आप में इस अतुलनीय शिविर में कुल 4 रोगियों के घुटने का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया।

ऑर्थोपेडिक सर्जन डा. अभिषेक गुप्ता ने बताया प्रायः कहीं पर भी एक घुटने के प्रत्यारोपण में कम से कम डेढ़ से दो लाख रूपए का खर्च आता है, वहीं धर्मावाला चिकित्सालय में आयोजित हुए इस शिविर में प्रत्येक



रोगी का 'इम्प्लांट सहित' मात्र तीस हजार रुपए खर्च आया एवं बाकि का समस्त व्यय संस्था द्वारा वहन किया गया। हिमालयन हॉस्पिटल, जॉलीग्रांट के हड्डी रोग विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. अनिल जुयाल एवं धर्मावाला चिकित्सालय के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अभिषेक गुप्ता द्वारा सभी सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी।

# हिंदू संगठनों ने ईओ का घेरा

■ नगर पालिका क्षेत्र उत्तरकाशी में बाहर से आ रहे मांस का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका क्षेत्र में मांस की दुकानों को लेकर सवाल खड़े किए करते हुए पालिका के अधिशासी अधिकारी का घेराव किया।

मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का घेराव कर कहा कि उत्तरकाशी एक धर्म नगरी है और यहां खुले आम से बाहरी जनपदों से कटा हुआ मांस बिक रहा है। उन्होंने नगर क्षेत्र में मांस बेचने पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई है।

इस दौरान दिनेश पंवार ने कहा कि हाईकोर्ट ने पहले ही आदेश दिया है कि गंगा नदी के 500 मीटर के दायरे में मीट मांस नहीं बेचा जा सकता, लेकिन नगर पालिका का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश में नगर क्षेत्र का उल्लेख नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तरकाशी में मीट मांस कहा से आ रहा किस गाड़ी से आ रहा पालिका के पास इसकी कोई जानकारी नहीं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी की रोजी रोटी बंद करना नहीं। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी में कटा हुआ मांस दो- तीन दिनों से बासी मांस पालिका क्षेत्र में खुले आम मांस बिक रहा है।

उत्तरकाशी में पतित पावन मां गंगा जी में सीधे मांस का अवशेष पदार्थ फैका जा रहा जिससे लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है।

इधर मामले में पालिका की अधिशासी अधिकारी शालनी चित्राण ने बताया कि पूर्व में नगर पालिका की बोर्ड बैठक में विचार हुआ है कि उत्तरकाशी को धार्मिक नगरी घोषित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। मांस की दुकानों पर पालिका प्रशासन निगरानी बनाए हुए है। इस मौके पर दिनेश पंवार, कृति महर, कुलवीर सिंह राणा, राकेश रमोला, मुनेंद्र रावत, उमेद सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे हैं।

# चकराता में बर्फबारी का इंतजार, पर्यटकों की आस में होटल व्यवसाय

## समय पर बर्फ न पड़ने से बाजार व होटल पड़े हैं सूने

**विक्रम सिंह**

**चकराता।** पर्वतीय पर्यटन स्थल चकराता में इन दिनों होटल व्यवसायी, व्यापारी और स्थानीय लोग बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हर वर्ष सर्दियों में होने वाली बर्फबारी चकराता के लिए न केवल पर्यटकों को आकर्षित करने का बड़ा कारण होती है, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए भी बेहद अहम मानी जाती है। इस बार अब तक बर्फ न गिरने से पर्यटन से जुड़े व्यवसायों में सुस्ती देखने को मिल रही है।

बर्फबारी होते ही देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक चकराता



पहुंचते हैं और इस प्राकृतिक नजारे को अपने कैमरों में कैद करते हैं। वर्तमान समय में क्षेत्र का व्यापार काफी हद तक पर्यटकों पर निर्भर हो चुका है। होटल, रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट, टैक्सी, गाइड और अन्य छोटे व्यवसायों की आय सीधे तौर पर पर्यटकों की संख्या से जुड़ी हुई है। स्थानीय होटल व्यवसायियों का कहना है कि यदि समय पर बर्फबारी हो जाती, तो पर्यटकों की आवाजाही बढ़ती और इससे व्यापार में रौनक लौट आती। इसके साथ ही किसानों और बागवानी से जुड़े लोगों को भी बर्फबारी से लाभ मिलता है। समय पर गिरने वाली बर्फ लंबे समय तक जमी रहती है, जिससे जल स्रोतों को भी मजबूती मिलती है और आने वाले महीनों में पानी की समस्या से राहत मिलती है।

होटल व रेस्टोरेंट व्यवसाय से जुड़े देवेंद्र सिंह चौहान, शूरवीर सिंह चौहान, दीवान वर्मा, अनिल चौहान और हरचरण सिंह का कहना है कि यदि बर्फबारी समय से हो जाए तो यह क्षेत्र के लिए "सोने पर सुहागा" साबित होगी। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों, बागवानों और आम लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। अब सभी की निगाहें मौसम पर टिकी हैं और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही बर्फबारी होकर चकराता में एक बार फिर पर्यटकों की चहल-पहल लौटेगी।

# प्राथमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण : सीडीओ

## सहायक अध्यापकों के अनुपस्थित वेतन रोकने के निर्देश

■ शिक्षा गुणवत्ता पर शिक्षक विशेष ध्यान रखें

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहत्तर करने के लिए तथा छात्र-छात्राओं को मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता दुरस्त रहे जिसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इसमें किसी भी प्रकार से कोइ शिथलता नहीं बरती जानी चाहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से उनके पाठ्यक्रम के बारे में प्रश्न भी पूछे गये जिस पर कई छात्रों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं प्राप्त हुए जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में बेहत्तर सुधार करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराये जा रहे मिडे-मिल भोजन की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को भी परखा जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये है कि छात्र-छात्राओं को मानक के अनुसार मध्याह्न भोजन कराया जाए तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने सभी अभिलेखों में अंकन समय पर करते हुए रख-रखाव ठीक ढ़ग से रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी अकमलपुर बोगला का भी निरीक्षण किया जिसमें तीन आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो रहे है आंगनबाड़ी संख्या तीन, छह एवं आंगनबाड़ी संख्या 11 का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पाया गया कि आंगनबाड़ी संख्या छह में आंगबाड़ी कार्यकर्ती विनीता अनुपस्थित पायी गयी जिसका एक दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिये गये। आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या तीन का निरीक्षण किया गया जिसमें 13 अध्यनरत बताये गये तथा मौके पर कुल तीन बच्चे उपस्थित पाये गये। दस बच्चों की आंगनबाड़ी कर्ती ज्योति द्वारा 10 बच्चों की उपस्थिति दर्ज करायी गयी। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नारजगी व्यक्त करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान प्रात:11 बजे तक बंद पाया गया। जिस पर सीडीओ द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को जाँच के निर्देश दिये गये। सीडीओ द्वारा अटल उत्कृष्ठ राजकीय इंटर कॉलेज रूड़की का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ द्वारा पाया गया कि सहायक अध्यापक कुंवर सिंह बिना आवेदन पत्र के अनुपस्थित पाये गये जिनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक सेठ, नगर आयुक्त रूड़की राकेश चंद्र तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी रूड़की तथा खण्ड विकास अधिकारी बहादराबाद मानस मितल आदि मौजूद रहें।



# वैष्णव अखाड़ा परिषद ने ब्रह्मलीन डॉ. रामविलास वेदांती को श्रद्धांजलि दी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन मे अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के पूर्व सांसद डा. रामविलास वेदांती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। बैरागी कैम्प स्थित श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्रदास महाराज ने कहा कि डा.रामविलास वेदांती प्रखर संत और वैष्णव सम्प्रदाय का गौरव थे। त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति ब्रह्मलीन डा.रामविलास वेदांती ने राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभायी। राम मंदिर के मुद्दे पर हिंदू समाज और संतों को एकजुट करने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत मुरली दास व श्री पंच दिगम्बर अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत वैष्णो दास ने कहा कि डा.रामविलास वेदांती का निधन वैष्णव सम्प्रदाय के लिए अपूर्णीय क्षति है। समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने के साथ श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन में अपने योगदान के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। महंत रघुवीर दास, महंत विष्णु दास, महंत सूरज दास, बाबा हठयोगी, महंत प्रेमदास महंत रामजी दास, महंत रामशरण दास, महंत रामदास, महंत संतय दास, महंत हेमंत दास ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# डीएम की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित होगा

## विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा

■ 45 दिनों तक शिविर चलेगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद वासियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से जन जन की सरकार जन जन के द्वारअभियान के अंतर्गत न्याय पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी ने आदेश निर्गत करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किए गए है जिनके द्वारा क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए शिविर हेतु आवश्यक व्यवस्था कराई जाएगी। आयोजित शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर 17 दिसंबर से लेकर 45 दिनों तक आयोजित किए जाएंगे जो 30 जनवरी तक आयोजित होंगे। दिनांक 17 दिसंबर को विकास खंड बहादराबाद तहसील हरिद्वार न्याय पंचायत बहादराबाद नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी बहादराबाद होंगे तथा खंड विकास कार्यालय बहादराबाद में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया जायेगा तथा नारसन ब्लॉक तहसील रुड़की न्याय पंचायत मुड़लाना नोडल अधिकारी जिला आबकारी अधिकारी तथा जूनियर हाई स्कूल मंडला में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया जायेगा एवं विकास खंड खानपुर तहसील लक्सर न्याय पंचायत खानपुर नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी खानपुर विकास खंड कार्यालय खानपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया जायेगा।

# ब्रह्मलीन डॉ. रामविलास वेदांती दिव्य संत थे : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन के नेता डा. रामविलास वेदांती के ब्रह्मलीन होने पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। निरंजनी अखाड़े मे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि डा. रामविलास वेदांती दिव्य संत थे। श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाते हुए डा. रामविलास वेदांती ने संसद मे भी इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा और पूरे देश का भ्रमण कर संतों और हिंदू समाज को एकजुट कर आंदोलन को विराट रूप देने में प्रमुख भूमिका निभायी। उनके प्रयासों का परिणाम सुखद रहा और लगातार संघर्ष के फलस्वरूप अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि डा.रामविलास वेदांती का अचानक चले जाना संत समाज के लिए भारी क्षति है। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत दर्शन भारती, मुखिया महंत दुर्गादास, महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, महंत साधनानंद, महंत सत्य गिरी, महंत दिनेश गिरी, महंत राज गिरी, स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी हरिवल्लभदास शास्त्री, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी पारस मुनि, स्वामी शिवानंद भारती, स्वामी ऋषि रामकृष्ण सहित तमाम संतों ने ब्रह्मलीन डा. रामविलास वेदांती को श्रद्धांजलि दी और उन्हें अजर अमर बताया।

# आगामी डीबीए हरिद्वार चुनाव में विभिन्न पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

■ चारों अध्यक्ष प्रत्याशी मजबूत

■ सचिव पद पर एक तरफा जीत की संभावना

**हरिद्वार।** जिला बार एसोसिएशन हरिद्वार के आगामी चुनावों को लेकर चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत एसोसिएशन के सभी प्रमुख पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। अध्यक्ष पद के लिए जगदीप शर्मा, तरसेम सिंह चौहान, जस महेन्द्र सिंह तथा सुशील कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष पद पर राव फरमान, मीनाक्षी कपिल, रेणु उपाध्याय, आलोक राजपूत, सुशील कुमार पाल चुनाव मैदान में हैं। सचिव पद के लिए अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार कश्यप, विपिन चन्द्र द्विवेदी और डॉ. रमन भारती ने नामांकन भरा है। सह सचिव पद पर जितेंद्र कुमार सिंघानिया, मौ. शाहनवाज, सुनील कुमार शर्मा तथा अमित कुमार चौधरी ने पर्चे दाखिल किए हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए संदीप वर्मा, महेश कुमार सिंह, मयंक त्यागी, आशु शर्मा एवं डॉ. उपेंद्र दत्त शर्मा चुनावी दौड़ में हैं। आय-व्यय निरीक्षक पद पर ठाकुर कुलदीप सिंह और राकेश आर. चौहान ने नामांकन किया है। पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए पंकज कुमार सैनी, नीरज कुमार, राजलक्ष्मी उपाध्याय तथा सुखदेव प्रताप ने पर्चे भरे हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु दिक्षित सिंह राठौड़, बसंत कुमार चतुर्वेदी, ललित कुमार सैनी, दिनेश चंद्र पांडेय, अंकित भौरिवाल, प्रशांत सैनी, मुकेश कुमार रवि, मोहित सिंह, आमिर सुहेल, विनित सचदेवा और अमित आर्य ने नामांकन दाखिल किए हैं। चुनाव समिति के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी एवं मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। गौरतलब है कि दिनांक 19 दिसंबर 2025 को बार एसोसिएशन हरिद्वार के वार्षिक चुनाव होंगे। 19 दिसंबर को परिणाम घोषित होने की संभावना है अन्यथा 20 दिसंबर को परिणाम घोषित होंगे। चुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात जिला बार एसोसिएशन हरिद्वार की नई कार्यकारिणी गठित होगी जो अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े मुद्दों पर कार्य करेगी। सूत्रो के अनुसार व अनेकों अधिवक्ताओं से वार्तालाप से संभावना लगाई जा रही है की इस बार अध्यक्ष पद पर नया चेहरा हो सकता है। बाकी प्रत्याशी पूर्व में भी बार एसोसिएशन हरिद्वार के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवा दे चुके है। सभी अध्यक्ष और सचिव पद के प्रत्याशियों ने बताया कि जीत के पश्चात अधिवक्ता हित में उत्कृष्ट कार्य करेंगे और बार एसोसिएशन की प्रगति के लिए अनेकों कार्य करेंगे। अध्यक्ष प्रत्याशी जगदीप शर्मा ने कहा अधिवक्ताओं की गरिमा व सुरक्षा, आधुनिक सुविधाएं, युवा अधिवक्ताओं का सशक्तिकरण, पारदर्शी व जवाबदेही प्रशासन, स्वास्थ्य, कल्याण एवं आपात सहायता तथा न्यायपालिका व प्रशासन से सम्मानजनक समन्वय। अध्यक्ष प्रत्याशी सुशील कुमार ने कहा कि चुनाव जीतने के पश्चात 24 घंटे में जिस वकघ्त बार के सदस्य किसी भी काम के लिए फोन करंगे तो सेवा के लिए तत्पर रहेंगे, अधिवक्ताओं के हित की रक्षा करेंगे, बार फण्ड का बढ़ाने का प्रयास करेंगे, अधिवक्ताओं को आर्थिक सहयता उपलब्ध करवाएंगे, पुस्तकालय कक्ष में कानूनी किताबे उपब्ध करवाएंगे तथा बार एसोसिएशन के लिए उत्कृष्ट कार्य करेंगे। अध्यक्ष प्रत्याशी तरसेम सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव जीतने के पश्चात भव्य बार रूम बनवाएँगे, चकबंदी व रजिस्ट्री का कार्यालय भी रोशनाबाद में शिफ्ट हो उसका प्रयास करेंगे तथा एक डिस्पेंसरी बनवाएँगे। अध्यक्ष प्रत्याशी जसमहेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव जीत के पश्चात सीसीटीवी कैमरा हर कोर्ट में लगवाएंगे, बार रूम को बड़ा करवाएंगे, अधिवक्तों के काम बढ़वाने पर कार्य करेंगे, नए अधिवक्ताओं के लिए चेंबर का निर्माण करवाएंगे तथा बार और बेंच मध्य मधुर संबंध स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। सचिव पद के सबसे मजबूत दावेदार विपिन चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि चुनाव जीत के पश्चात ऐडवोकेट की जो बेसिक समस्याएं हैं उस पर अपनी पूरी टीम के साथ काम करेंगे, बार में जो वादे किए जाते रहे हैं पूर्व में की चाहे रेवेन्यू को लाने का हो राजस्व लाने का हो उनको प्राथमिकता में हम काम करेंगे क्योंकि न्यायालय में कार्य जो हैं लगातार कम हो रहा है अधिवक्ताओं का कार्य बढ़ाने का प्रयास करेंगे, चेम्बर्स की समस्याएँ पर काम होगा, बार और बेंच का आपस में तालमेल पर कार्य करंगे तथा बार की कार्य प्रणाली व फण्ड व्ययस्था में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जाएगा।

# सांसद खेल महोत्सव के संबध में बैठक

## फाइनल मैचों में खिलाड़ी प्रतिभा दिखाएंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला भाजपा कार्यालय हरिद्वार पर सांसद खेल महोत्सव 2025 के आगामी दिनांक 23, 24 व 25 दिसंबर को वंदना कटारिया स्टेडियम रोशनाबाद में फाइनल खेलों के समापन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में सभी विधानसभाओं के बालक बालिकाओं ने खेलों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जो खिलाड़ी विधानसभा स्तर पर विजय हुए हैं वे सभी दिनांक 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक फाइनल मैचों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। भारत के सभी सांसदों द्वारा अपने -अपने लोकसभा क्षेत्र में आयोजित खेल आयोजन किए जा रहे हैं जिनका उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़ना उनकी प्रतिभा को निखरना और फिट इंडिया मूवमेंट तथा खेलो इंडिया को बढ़ावा देना है। रानीपुर विधायक का आदेश चौहान ने कहा कि हमारे प्रदेश एवं केंद्र की सरकार लगातार खेल और खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है जिसका परिणाम है कि आज देश के विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ी निकलकर सामने आ रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कर देश का नाम बढ़ा रहे हैं। यह खेल जमीनी स्तर पर खेल और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने की एक प्रमुख पहल है जिसका नेतृत्व सांसदों द्वारा किया जा रहा है।जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी, वॉलीबाल, एथलेटिक्स,पिट्ठू ,फुटबॉल, रस्साकसी आदि महत्वपूर्ण खेल आयोजित हो रहे हैं। इस खेल महोत्सव के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। 25 दिसंबर को होने वाले फाइनल मैचों के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा खिलाड़ियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया जाएगा।

इस अवसर पर हरिद्वार मेयर किरण जैसल, वरिष्ठ भाजपा नेता विमल कुमार, हीरा सिंह बिष्ट ,संजीव कुमार, लव शर्मा, आशु चौधरी, निपेंद्र चौधरी, संदीप अग्रवाल, पारुल चौहान, रितु ठाकुर, लोकेश पाल, अभिनव चौहान, जसबीर बसेड़ा, प्रीति गुप्ता, एजाज हसन, विनीत जोली,मनोज शर्मा ,नकली राम सैनी, धर्मेंद्र चौहान, मनोज कुमार, संजीव कुमार, नितिन चौहान आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

## पहला मैच हरिद्वार टीम ने जीता

■ बीस टीमों ने प्रतिभाग किया

■ क्रिकेट मैच 19 दिसम्बर तक चलेगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 16 दिसम्बर को चार दिवसीय 14वीं प्रादेशिक जनपदीय वाहिनी पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हो गयी। पुलिस बैंड की मधुर धुन के बीच मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक एस.डी.आर.एफ निवेदिता कुकरेती ने भल्ला स्टेडियम में आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजन सचिव प्रमेंद्र सिंह डोबाल सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एस.एस.पी ने आईजी निवेदिता कुकरेती को बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। 19 दिसम्बर तक चलने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में 20 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। वाहिनी की टीमों ने मार्च पास कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद मेजबान टीम के कप्तान ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने की शपथ दिलाई। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आई.जी निवेदिता कुकरेती ने जीवन में खेल के महत्व से अवगत कराते हुए सभी खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और बधाई दी। प्रतियोगिता का पहला मैच मेजबान हरिद्वार और जनपद चमोली के बीच खेला गया। मैच बहुत रोमांचक रहा हरिद्वार टीम ने चमोली टीम को हराया, हरिद्वार टीम ने 7 विकेट से मैच जीता।



# आरोपियों के कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा बरामद

■ बहादराबाद पुलिस की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ई-रिक्शा व टैम्पों की बैटरी आदि चोरी करने के मामले मे कार्रवाई करते हुए थाना बहादराबाद पुलिस ने 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा बरामद हुई है। सोमवार को बहादराबाद निवासी मुन्तजीर अहमद ने ई रिक्शा व टैम्पो की बैटरी व अन्य सामान चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान ज्वालापुर नहर पटरी के पास से घटना में सलिंप्त दो व्यक्तियों शाहनवाज उर्फ प्रिन्स पुत्र राजा खान निवासी मस्जिद वाली गली कस्बा, बहादराबाद व सलमान पुत्र इरशाद निवासी ग्राम मरगूबपुर बहादराबाद चोरी किये गए ई रिक्शा समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पूर्व मे भी चोरी के मामले मे जेल जा चुके हैं। पुलिस टीम की ओर से एस.आई अमित नौटियाल, कांस्टेबल शाह आलम, मदनपाल, होमगार्ड सुशील कुमार व पीआरडी जवान अरविन्द ने आरोपी को पकड़ने में काफी प्रयास किया।




# अपशिष्ट संग्रहण एजेंसी पर निगम की कार्रवाई

## दस हजार का चालान एवं कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 16 दिसम्बर को राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत पर नगर निगम हरिद्वार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अपशिष्ट संग्रहण एजेंसी ईकोन वाटरग्रेस के विरुद्ध कड़ी चालानी कार्रवाई की। शिकायत के सत्यापन के उपरांत यह पाया गया कि कचरा परिवहन में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। इस पर नगर निगम द्वारा ईकोन वाटरग्रेस पर घ10,000 की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही कंपनी को यह कड़ी चेतावनी भी जारी की गई कि भविष्य में यदि इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति होती है तो अनुबंध समाप्त करते हुए कंपनी को ब्लैकलिस्ट किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कंपनी को समस्त अपशिष्ट वाहनों को ढककर निस्तारण स्थल तक भेजने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे तथा इस संबंध में पूर्व में चेतावनी भी जारी की जा चुकी थी।

इसके बावजूद पुनः लापरवाही पाए जाने पर आज चालानी कार्रवाई की गई। इस संबंध में नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता एवं पर्यावरणीय मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कचरा संग्रहण एवं परिवहन में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के विरुद्ध सखघ्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी एजेंसियों को अनुबंध की शर्तों का पूर्ण पालन करना अनिवार्य होगा। नगर निगम हरिद्वार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में भी ऐसी शिकायतों पर तत्काल, प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था और पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# सरकारी पेंशनर्स वेलफेयर संगठन पेंशन दिवस का आयोजन करेगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस भव्य रूप से समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के महामंत्री जेपी चाहर ने बताया कि देवपुरा स्थित जिला पंचायत सभागार में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस समारोह में वरिष्ठ कोषाधिकारी अजय कुमार मुख्य अतिथि और ऑर्गेनाइजेशन के प्रांतीय महामंत्री बाली राम चौहान विशिष्ट अतिथि होंगे। मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। जेपी चाहर ने बताया कि पिछले पेंशनर्स दिवस से लगातार प्रयासों के बावजूद उत्तराखण्ड शासन द्वारा पेंशनर्स दिवस का आयोजन नहीं करना बहुत निराशाजनक है। उन्होंने बताया कि साल भर की कोशिश का नतीजा यह है कि शासन ने पेंशनर दिवस पर निर्णय लेने को इसी दिन देहरादून में बैठक बुलाई है। जिससे अगले साल सरकारी आयोजन का भरोसा जगा है। समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्ष बीपी चौहान व उपाध्याक्ष एलसी पाण्डेय, आरके जोशी, एसएस चौहान, अतर सिंह, मिट्ठनलाल शर्मा, राम सरीख, रमेशचंद्र पाण्डेय, पवन कुमारी, केडी धीमान, बीपी सिंह सैनी, डा.जयवीर सिंह राठी, विमल प्रताप सिंह, मुकुल पाण्डेय, ब्रजेश कुमार शर्मा, सुखवंश सिंह आदि शामिल रहे।



# किसान सेवा सहकारी समिति का शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमलेश देवी, उपाध्यक्ष अनिल चौधरी एवं समस्त संचालक मंडल जिनमें हरिद्वारि लाल,रोहित कुमार, रेशु, अनीता देवी, जितेन्द्र कुमार, इनायत,कैलाश आदि सदस्यों ने अपने-अपने पदों की शपथ ली। समारोह में पहुंचे उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने सभी को अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों को किसानों के हित में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्ठा के साथ कार्य करना होगा साथ ही केंद्र सरकार और राज्य सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं के माध्यम से किसानों को सशक्त करना होगा। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि सहकारी समितियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसान सेवा सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनके माध्यम से किसानों को समय पर खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशु चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, विशेष चौहान, हरेंद्र चौधरी, समिति सचिव रश्मि सैनी,प्रदीप चौहान, धर्मेंद्र चौहान,चौधरी सत कुमार, विनीत चौहान, पंडित अरुण शर्मा, कल्याण सिंह, यशपाल चौधरी, वरुण चौहान, महक सिंह, प्रीतम सिंह, भूपेंद्र चौधरी, इरफान अंसारी खलील अहमद, नीरज कुमार विकास कुमार, गिरधर सिंह,अशोक कुमार, नीरज कुमार, मोनू चौहान, प्रमोद कुमार, सचिन रोड समिति कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# आधार अपडेट में दिक्कतें, रानीखेत में लोगों को करना पड़ रहा है इंतजार

**रानीखेत।** क्षेत्र में आधार कार्ड अपडेट कराने को लेकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जीजीआईसी रानीखेत में संचालित आधार अपडेट केंद्र पर कर्मचारियों की कमी के कारण कार्य में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिससे आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पूर्व छात्र नेता भास्कर मेहरा ने बताया कि जीआईसी रानीखेत में आधार अपडेट की विभागीय व्यवस्था बेहद कमजोर है। केंद्र पर मात्र एक ही कर्मचारी तैनात है, जिसके कारण काम प्रभावित हो रहा है। लोगों को समय और तिथि दी जा रही है, लेकिन निर्धारित दिन पर भी उनका आधार अपडेट नहीं हो पा रहा है। एक कर्मचारी पर सैकड़ों आवेदकों का बोझ होने से समय पर कार्य पूरा करना संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रानीखेत की जनसंख्या के अनुपात में आधार अपडेट केंद्रों की संख्या बेहद कम है। एकमात्र केंद्र होने के कारण भीड़ अधिक रहती है और लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# बढ़ते अपराध और नशे का कारोबार चिंता का विषय: विधायक कापड़ी

## खटीमा हत्याकांड में मृतक परिवार को 10 लाख रुपये व एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग

- घायल परिवारों को भी दिया जाए एक-एक लाख रुपये का मुआवजा
- विधायक ने पीड़ित परिवारों से मिलकर जताया शोक, हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी ने मंगलवार को विगत दिनों खटीमा में हुए जघन्य हत्याकांड को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया तथा इस नृशंस हत्याकांड की घोर निंदा करते हुए चिंता व्यक्त की।

विधायक कापड़ी ने कहा कि विगत दिनों खटीमा में एक बड़ा दर्दनाक जघन्य अपराध हुआ है। जिसमें तुषार शर्मा नाम के एक युवक की हत्या हो गई। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में खटीमा मे एक शांत और आपसी भाईचारा को कायम रखने वाले लोग रहते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि खटीमा पुलिस बधाई की पात्र है क्योंकि उन्होंने हत्याकांड के तीन आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी खटीमा में कई गंभीर घटनाएं हुई है। खटीमा में बढ़ता हुआ अपराध एक चिंता का विषय है। इस पर हम सब लोगों को मिलकर चिंतन करना चाहिए।

उन्होंने परिवार की जिम्मेदार व्यक्ति तुषार की मौत के बाद उनके परिजनों को राज्य सरकार से आर्थिक सहायता के रूप में 10 लाख रुपये, एक व्यक्ति को नौकरी देने तथा घायल परिवारों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की ताकि इस तरह की घटनाएं भविष्य में ना घटित हो। उन्होंने कहा कि आज बढ़ते हुए अपराध को देखते हुए खटीमा और प्रदेश को सुरक्षित रखने की जरूरत है तथा लगातार बढ़ती हुई घटनाएं और अपराध एक चिंता व निंदा का विषय है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अपराधों के पीछे कहीं ना कहीं क्षेत्र में अवैध रूप से लगातार बढ़ रहे स्मैक जैसे नशे का बढ़ता हुआ कारोबार जिम्मेदार है।

विधायक कापड़ी ने नशे के कारोबार में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने तथा हत्याकांड में शामिल सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। विधायक कापड़ी ने घटना मे मृतक तुषार शर्मा के शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर उनका ढ़ाढस बधाया तथा उनकी पीड़ा को साझा किया। साथ ही उन्होंने मृतक परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बॉबी राठौर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्या, देवेंद्र कन्याल, वीरेंद्र राज, राज किशोर सक्सेना, दीपक यादव ,रमेश जोशी, प्रदीप कुमार, पंकज टम्टा, प्रहलाद बोहरा, नीरज कन्याल, रवि अग्रवाल तथा हिमांशु चौहान सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाजपुर में घने कोहरे की दस्तक



- ठिठुरन से स्कूली बच्चों को हो रही भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से घने कोहरे की दस्तक के साथ कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तड़के सुबह के समय को. हरा इतना घना हो रहा है कि सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रह जा रही है। इससे आम जनजीवन के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार की सुबह को स्कूल जाने वाले बच्चों को ठिठुरन भरी ठंड में घर से निकलना पड़ा। कोहरे,ओस और सर्द हवाओं के कारण बच्चे ठंड से कांपते नजर आ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि छोटे बच्चों की तबीयत खराब होने का खतरा बढ़ गया है, लेकिन स्कूल खुलने के कारण उन्हें मजबूरी में बच्चों को भेजना पड़ रहा है।घने को. हरे का असर यातायात व्यवस्था पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई जगह वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। सुबह के समय वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि ठंड और कोहरे को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए या कुछ दिनों के लिए अवकाश घोषित किया जाए, ताकि बच्चों को राहत मिल सके। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। जिससे कोहरे की स्थिति और गंभीर होने की संभावना है।फिलहाल, लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। लेकिन घना कोहरा और बढ़ती ठिठुरन बाजपुर वासियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

### एक नजर

# लोहाघाट विजय दिवसः शौर्य सम्मान और संकल्प का प्रतीक बना समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

वीर पदक प्राप्त सैनिकों, शहीदों की वीरांगनाओं का किया सम्मान

**लोहाघाट।** विजय दिवस की 74 वर्षगांठ लोहाघाट में राष्ट्रभक्ति, त्याग और वीरता के भाव के साथ गरिमामय ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार ने देश की आन-बान-शान की रक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों का भावपूर्ण स्मरण करते हुए सभी पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं के प्रति जिला प्रशासन की ओर से सम्मान व्यक्त किया।

मॉडल जिले की नई सोच को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि जिले के किसी भी कार्यालय में जब भी शहीदों की वीरांगनाएं या शौर्य पराक्रम पदक प्राप्त वीर सैनिक पहुंचेंगे, उन्हें पूर्ण सम्मान के साथ उनके कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।" उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों का त्याग राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। शहीदों की वीरांगनाओं का बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव देश का गौरव रहेगा। जिलाधिकारी ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को जिला प्रशासन की ओर से भावांजलि अर्पित की तथा उनकी वीरांगनाओं को सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण की भी घोषणा की। इस अवसर पर कैप्टन आरएस देव, कैप्टन रघुवीर सिंह, कैप्टन हयात सिंह, लांस नायक अमर सिंह एसएम सीबी बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, उप जिलाधिकारी नितेश डांगर आदि थे।

# खेल महाकुम्भ-2025: दिसंबर में जनपदभर में खेलों का महासंग्राम

- जिला प्रशासन अलर्ट, डीएम ने तैयारियों के लिए कसी कमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** खेल महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत दिसम्बर माह के आगामी दिनों में जनपद में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। खेलों के सफलता पूर्वक आयोजन कराने हेतु जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट कक्ष में बैठक आयोजित हुई।

डीएम ने कहा कि न्याय पंचायत, विधानसभा स्तर व संसदीय क्षेत्र स्तर के सभी संयोजक खेल समितियों के साथ शीघ्र बैठक कर खेल मैदान चिन्हित करते हुए तिथिवार रोस्टर बनाकर सभी खेल मैदानों में सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि वे तिथिवार खेल मैदानों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। जिलाधिकारी ने सभी स्तर पर गठित खेल समितियों को निर्धारित समयानुसार खेलों का आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी स्तरों पर खेल प्रतियोगिता के शुभारम्भ व दिवसों पर जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाए। उन्होंने खेल महाकुम्भ का क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों को पोस्टर, वैनर व सोशल मीडिया के माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक बच्चें विभिन्न आयु वर्ग के खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकें।

जिला युवा कल्याण अधिकारी जगदीश नेगी ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रा.र. दल विभाग द्वारा खेल, शिक्षा विभाग के सहयोग से खेल महाकुम्भ2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में खेलों का वातावरण सृजित करने, युवाओं एवं दिव्यांगों को खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करना है। उन्होंने बताया कि खेल महाकुम्भ में तीनों स्तरों स्तरों पर अंडर-14 में 11 से 14 वर्ष व अंडर-19 में 15 से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे, जबकि दिव्यांग वर्ग प्रतियोगिता राज्य स्तर पर आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि विजेताओं को मेडल, प्रमाण पत्र के साथ ही नकद पुरस्कार डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसएस नबियाल, शिक्षा अधिकारी बेसिक तरुण पंत, प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी प्रताप सिंह, खेल समन्वयक शिक्षा, सेउ कॉलेज, पंचायत, सूचना विभाग, पुलिस विभाग सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, ब्यायाम प्रशिक्षक, निकाय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं को दी बैंक सुविधा की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आरसेटी में बैंक सखियों को बैंकिंग के कार्यों को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। उपासक एनआरएलएम के महेश पांडेय ने समूह की विशेषता, बीसी सखी के महत्व के बारे में बताया। कहा कि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक से संबधित काम बैंक सखी के माध्यम से ही प्रस्तावित हैं। बैंक सखी घर पर ही लेन-देन का काम कर सकेंगी। लीड बैंक अधिकारी एनआर जौहरी ने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। एसबीआई बैंक प्रबंधक हिमांशु जोशी ने बैंक सखियों को लोन, जमा और बैंक के अन्य कार्यों के बारे में जानकारी दी।

# ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को फास्ट लेन में दौड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने जयपुर में नई रफ्तार पकड़ी, जहां यह हाई-फैशन और मोटरस्पोर्ट के संगम में बदल गया। सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए, जयपुर एडिशन में मोटरस्पोर्ट से प्रेरित डिजाइन, ग्लैमरस परफॉर्मेंस वियर और हाई-ऑक्टेन फैशन शोकेस देखने को मिला, जिसने गति और सटीकता के साथ आगे बढ़ते हुए 'फैशन के अगले कदम' को दर्शाया।

फैशन डिजाइन कौंसिल ऑफ इंडिया के साथ सहयोग में, इस शोकेस ने रनवे को स्टाइल और पावर के हाई-स्पीड सर्किट के रूप में फिर से कल्पित किया। प्रमुख डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने हाई-ऑक्टेन मोटरकोर एस्थेटिक्स को नए रूप में पेश किया। बॉलीवुड स्टार हरनाज संधू ने फिनाले शोस्टॉपर के रूप में रनवे पर जलवा बिखेरा, जहां उन्होंने ग्लैमर और स्पीड के फ्यूजन को दर्शाया, जबकि रैप सेंसेशन रफ्तार ने अपनी ऊर्जा से पूरी रात को इलेक्ट्रिफाइंग परफॉर्मेंस के साथ बंद किया, जो शो की धड़कती एनर्जी से मेल खाती थी। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से फैशन और संस्कृति से जुड़ी बातचीत को आकार देने में सबसे आगे रहा है। जयपुर एडिशन ने इस विजन को और आगे बढ़ाया है।

शोस्टॉपर हरनाज संधू, रैपर रफ्तार और एफडीसीआई के चेयरमैन सुनील सेठी ने कहा, जयपुर एडिशन रचनात्मकता और संस्कृति का उत्सव है, और भारतीय फैशन के अगले अध्याय की रफ्तार तय करता है।

# जच्चा-बच्चा डिलीवरी में मातृत्व की मौत

- निजी अस्पतालों पर गंभीर लापरवाही का आरोप
- शव सड़क पर रखकर बवाल, दोनों अस्पताल सील करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** नगर के अमरिया-पीलीभीत रोड स्थित एक निजी अस्पताल में आज मंगलवार तड़के जच्चा-बच्चा की डिलीवरी के दौरान 27 वर्षीय उर्मिला पत्नी सुनील निवासी लक्ष्मीझाला कल्याणपुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने आरा. प लगाया कि महिला चिकित्सक ने पहले निजी अस्पताल में भर्ती करने के बाद उर्मिला को अपने सामने दूसरे निजी अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन किया, जहां ऑपरेशन के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई और जिम्मेदारी से बचने के लिए रेफर करने की बात कहकर उसे बाहर कर दिया गया, जबकि परिजनों का दावा है कि महिला की मौत अस्पताल के भीतर ही हो चुकी थी और अपने बचाव में शव को बाहर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और निजी अस्पताल के सामने शव रखकर जमकर हंगामा व धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इधर बच्चा सुरक्षित बताया जा रहा है। हंगामे की सूचना पर उप प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह धामी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया।

परिजनों ने पीड़ित परिवार के बच्चों को मुआवजा देने, दोनों निजी अस्पतालों को तत्काल सील करने तथा ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

# गौटिया इस्लामनगर में गरजा बुलडोजर

- सड़क पर किए गए अतिक्रमण को किया ध्वस्त
- मेडिकल स्टोर व खाद्य पदार्थों की दुकानों में भी हुई छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा बस अड्डे में 12 दिसंबर की रात दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष के दौरान हुई चाकूबाजी में तुषार शर्मा की मौत हो गई थी। इसके उपरांत प्रशासन सख्त रवैया अख्तियार करते हुए खटीमा में लगातार कार्यवाही कर रहा है।

मंगलवार को खटीमा के गौटिया इस्लामनगर इलाके में भारी सुरक्षा बलों के साथ प्रशासन द्वारा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया गया। उपजिलाधिकारी तुषार सैनी, सीओ विमल रावत के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन, राजस्व, पुलिस, औषधि एवं खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। इस दौरान सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया इसके साथ ही गौटिया इस्लामनगर के मेडिकल स्टोरों, खाद्य पदार्थो की दुकानों में भी छापेमारी अभियान चलाया गया।



वहीं उक्त कार्यवाही के संबंध मे उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने बताया कि गौटिया इस्लामनगर में सड़क किनारे अतिक्रमण की वजह सड़क जाम की शिकायतें लगातार मिल रही थी, जिसके चलते यह कार्यवाही की गई है। यहां सीओ विमल रावत, कोतवाल विजेंद्र शाह, एसएसआई ललित मोहन रावल, नगर पालिका ईओ प्रियंका आर्य तथा विभिन्न थानों का भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बरहनी में दो लाख का त्वरित भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा बरहैनी में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत सराहनीय पहल देखने को मिली। योजना से आच्छादित स्वर्गीय दिनेश चन्द्र के निधन के पश्चात उनकी पत्नी सावित्री देवी को दो लाख रुपये की दावा राशि का त्वरित भुगतान किया गया।

यह त्वरित दावा निपटान बैंक की संवेदनशीलता, बेहतर ग्राहक सेवा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है। कठिन समय में इस योजना के माध्यम से पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल मिला है। बरहैनी शाखा प्रबंधक सविता नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है और बैंक भविष्य में भी ऐसे मामलों में शीघ्र सहायता सुनिश्चित करता रहेगा।

# मतदाता सूची को लेकर भाजपा की बड़ी पहल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप मॉडल जिला चंपावत में मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। एसएआर (स्पेशल ऑथेंटिकेशन रिवीजन) प्रक्रिया के तहत भाजपा कार्यकर्ता चुनाव आयोग के साथ समन्वय स्थापित कर ऐसी मतदाता सूची तैयार करेंगे, जिसमें न कोई अवैध घुसपैठ संभव होगी और न ही कोई वास्तविक मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित रह जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य ऐसी अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है, जिसमें किसी भी मृत व्यक्ति का नाम न रहे और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सुनिश्चित रूप से दर्ज हो। भाजपा का स्पष्ट संदेश है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध मतदाता सूची अनिवार्य है। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चंपावत विधानसभा क्षेत्र के लिए एडवोकेट शंकर दत्त पांडे, लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे को इस अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक का संच. ालन जिला महामंत्री मुकेश कलखुडींया ने किया। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, सतीश चंद्र पांडे, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे, बनबसा की रेखा देवी, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, बाराकोट की प्रमुख सीमा आर्या, सुभाष बगौली, निर्मल मेहरा, पूरन महराना, गौरव पांडे सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

# रामनगर में दो बड़ी चोरियों का खुलासा

- शादी समारोह में बिन बुलाए मेहमान बनकर 12 लाख नकद और जेवर पार किए
- दूसरी वारदात में 30 लाख की चोरी का माल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एसएसपी नैनीताल मंजूनाथ टी.सी रामनगर कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दो बड़ी चोरी की घटनाओं का खुलासा किया।उन्होंने बताया कि रामनगर पुलिस की सटीक रणनीति और लगातार प्रयासों से शादी समारोह में हुई हाई-प्रोफाइल चोरी और एक अन्य आवासीय चोरी के मामलों में बड़ी बरामदगी की गई है।

एसएसपी ने बताया कि 3 नवंबर 2025 को टीयारा रिजॉर्ट रामनगर में एक विवाह समारोह आयोजित था, जिसमें करीब 300 आमंत्रित मेहमान शामिल हुए थे। इसी दौरान बिन बुलाए मेहमान बनकर पहुंचे शातिर चोरों ने एक बैग पर हाथ साफ कर दिया, जिसमें करीब 12 लाख रुपये नकद, सोने के कीमती आभूषण और मोबाइल फोन रखा हुआ था। इस संबंध में पीड़ित विकास अग्रवाल निवासी संभल, उत्तर प्रदेश की तहरीर पर 13 नवंबर को कोतवाली रामनगर में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल को तत्काल खुलासे के निर्देश दिए। उनके निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडे और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर सुशील कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान होटल स्टाफ से पूछताछ और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति सामने आए। जांच में इनका संबंध मध्य प्रदेश के कुख्यात सांसी गैंग से पाया गया। पुलिस टीम ने मध्य प्रदेश में दबिश दी, जहां आरोपी फरार मिले। बाद में सूचना मिली कि आरा. पी कुणाल और अभिवन, दोनों निवासी जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश चोरी के माल का बंटवारा कर रहे थे। पुलिस के पहुंचते ही दोनों जंगल और भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर फरार हो गए, हालांकि मौके से चोरी का बैग बरामद कर लिया गया। बैग से 12 लाख रुपये नकद, सोने की अंगूठी और कान की बालियां बरामद की गईं। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। एसएसपी ने बताया कि यह गैंग बड़े होटल-रिसॉर्ट में शादी समारोह के दौरान मेहमान बनकर वारदात को अंजाम देता है। इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी ने दूसरी चोरी का भी खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 8 दिसंबर को रामनगर निवासी सुमन पत्नी नरेंद्र के घर से 30 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और बिस्किट चोरी हुए थे। इस मामले में 15 दिसंबर को कोतवाली रामनगर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सुराग जुटाते हुए 16 दिसंबर को रामनगर रेलवे भूमि के पास से नवदीप शर्मा निवासी आरके पुरम, तिरुमला को गिरफ्तार किया, जबकि एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से दो सोने के बिस्किट, दो चूड़ियां और दो कड़े बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। पीड़ित ने मौके पर बरामद आभूषणों की पहचान की। एसएसपी मंजूनाथ टी.सी. ने सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 2500 रुपये के नकद इनाम की घोषणा की। इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद,वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट,मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, हेड कांस्टेबल इसरार नवी, विपिन चौहान, भूपेंद्र सिंह, संतोष बिष्ट, राजेश बिष्ट, संजय कुमार, संजय सिंह, महबूब आलम शामिल रहे।

# गंदगी पर चालान काटने पर दुकानदार ने दी आत्महत्या की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम की टीम ने वेंडिंग जोन में मंगलवार को गंदगी पाए जाने पर तीन दुकानों का चालान कर उन्हें बंद कर दिया। इस कार्रवाई से नाराज दुकानदारों ने आरोप लगाया कि व्यापार से जुड़ी समस्याएं उठाने पर निगम ने प्रतिशोधात्मक कदम उठाया है। एक दुकानदार ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह आत्महत्या कर लेंगे।

दुकानदारों का कहना है कि बीते दिनों व्यापार न चलने को लेकर उन्होंने एकजुट होकर गांधी पार्क से ठेलियों को शिफ्ट करने की मांग की थी। बाद में कुछ दुकानदारों द्वारा मीडिया में व्यापार ठीक चलने की बात कहे जाने पर आपसी विवाद हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

दुकानदारों ने आरोप लगाया कि वेंडिंग जोन में कुछ प्रभावशाली लोगों के करीबी होने के कारण कई व्यापारी खुलकर सामने नहीं आते, जबकि जो आवाज उठाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। दुकानदार सूरज कश्यप ने अपनी दुकान रंजिशवश बंद किए जाने और चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो इसके लिए नगर निगम जिम्मेदार होगा। वहीं, मेयर विकास शर्मा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कुछ दुकानदार लगातार वेंडिंग जोन के अध्यक्ष के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे थे और माहौल खराब कर रहे थे। इसी कारण नियमों के तहत कार्रवाई की गई है।

# कर्मचारी शिक्षक संगठन ने बच्चों को स्वेटर बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन बढ़ती ठंड को देख सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की मदद को आगे आया है।

संगठन के जनपदीय अध्यक्ष सौरव चंद के नेतृत्व में कर्मचारी पीएमश्री राजकीय प्राथमिक विद्यालय विण पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कक्षा एक से तीन के बीच अध्ययनरत 50 से अधिक बच्चों को बारी-बारी से स्वेटर बांटी। यहां प्रभारी खंड शिक्षाधिकारी ज्योति पांडेय, राजेंद्र सिंह राणा, नवल पंत, तनुजा नेगी, प्रकाश जोशी, कल्पना सेठी आदि मौजूद रहे।

# कृष्णा स्टोन क्रशर सीज

## विशालकाय गड्ढे खोदने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले कृष्णा स्टोन क्रशर पर आखिरकार प्रशासन का सख्त शिकंजा कस गया। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद राजस्व और खान विभाग की संयुक्त टीम ने औचक छापेमारी कर क्रशर परिसर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। निरीक्षण के दौरान क्रशर परिसर में विशालकाय गड्ढा पाए जाने से अधिकारी भी हैरान रह गए। टीम द्वारा गड्ढे की खुदाई से संबंधित अनुमति और अभिलेख मांगे गए, लेकिन क्रशर संचालक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। खास बात यह रही कि पूर्व में इसी गड्ढे को लेकर जुर्माना लगाया जा चुका है, इसके बावजूद दोबारा खुदाई कर नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। दस्तावेजों के अभाव को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से कृष्णा स्टोन क्रशर को सीज कर दिया। साथ ही तीन दिनों के भीतर सभी वैध अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। तब तक क्रेशर का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इसके अलावा आबादी क्षेत्र में मानकों की अनदेखी कर फैलाए जा रहे ध्वनि प्रदूषण की भी जांच शुरू कर दी गई है। जिला खान अधिक. ारी ताजवर सिंह नेगी ने स्पष्ट किया कि यदि गड्ढे से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, तो क्रेशर संचालक के खिलाफ भारी जुर्माने के साथ कड़ी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# बड़ैत गांव के युवक ने गुजरात में दी जान

**बागेश्वर।** कपकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेत गांव के एक युवक ने गुजरात में खुदकुशी कर ली। गुजरात पुलिस ने इस बात की जानकारी कपकोट थाना पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजन गुजरात रवाना हो गए। परिजनों के मुताबिक छह महीने पहले ही युवक नौकरी के लिए गुजरात गया था। मृतक युवक अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था, जिसके मौत की सूचना मिलने के बाद पिता परिवार सदमे में है। कपकोट थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात 19 वर्षीय दिनेश सिंह पुत्र आनंद सिंह निवासी ग्राम बडेत हरसिंघाबगड़ ने गुजरात में खुदकशी कर ली। वह छह महीने पहले ही राज्य के थाना विठलापुर जिला अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता था। घटना की जानकारी गुजरात पुलिस ने कपकोट थाना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने बताया कि उन्हें गुजरात पुलिस ने दिनेश सिंह के आत्महत्या करने की बात बताई। उनके परिजनों को इस बात की जानकारी दे दी है। ग्रामीणों के अनुसार परिजन मंगलवार को गुजरात रवाना हो गए हैं। मृतक अपने घर का एकलौता चिराग है। दो बहनों में एक की शादी हो गई है, जबकि एक की होनी है। इंटर की परीक्षा पास करने के बाद दिनेश हल्द्वानी गया। एक साल वहां बार में नौकरी की। इसी दौरान उसकी किसी व्यक्ति से जान-पहचान बढ़ी। उसी के साथ वह छह महीने पहले गुजरात गया। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है।

# धूमधाम से मनाया विजय दिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** मंगलवार को कालाढूंगी में विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व सैनिक उत्थान संगठन के द्वारा रामलीला मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कालाढूंगी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने किया वही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बंशीधर भगत ने किया राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमावल, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, पुष्पा खोलिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज पाठक, विक्रम जंतवाल मंडल अध्यक्ष, शांति मेहरा, महेश शर्मा आदि ने भारत पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत का जिक्र करते हुए इस युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह देऊपा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध एवं 1971 की लड़ाई एवं अन्य युद्ध में शहीद हुए क्षेत्रभर के सैनिकों की वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया, साथ ही सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूबेदार दिवान सिंह चुपाल, एवं संचालन हेमंत सिंह बिष्ट ने किया।

# अल्मोड़ा बेस अस्पताल में धरना दिया

## लचर स्वास्थ्य सेवाओं पर आक्रोश, मेडिकल कालेज प्रबंधन के खिलाफ नारे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कालेज अल्मोड़ा के अधीन बेस अस्पताल में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को लोगों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया। अस्पताल के जन औषधी केंद्र में मिल रही दवाओं और डाक्टरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। मंगलवार को बड़ी संख्या में स्थानीय लोग बेस अस्पताल परिसर पहुंचे।

यहां उन्होंने बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को नाराजगी जताते हुए कालेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि बेस अस्पताल में लोगों को सुविधा मिले इसके लिए जन औषधि केंद्र की स्थापना की गई है, लेकिन लोगों का इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि यहां आवश्यक दवाओं को लेकर भी लोगों को बाजार की दौड़ लगानी पड़ रही है। आरोप लगाया कि मेडिकल कालेज प्रशासन से दवाइयों की सूची भी उपलब्ध नहीं करा रहा है। लोगों ने जन औषधि केंद्र से मिलने वाली और सरकारी दवाओं की सूची अस्पताल के बाहर प्रदर्शित करने, जन औषधी केंद्र में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने, डाक्टरों को केवल जनरिक दवाइयां ही लिखने आदि की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो स्थानीय लोग मेडिकल कालेज के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, नंदन सिंह, दीपा जोशी, गिरीश नाथ गोस्वामी, पान सिंह, गिरीश सिंह, गौतम बिष्ट, सचिन बिष्ट, पंकज सिंह, सूरज रावत, राहुल खोलिया, अंकित कुमार, सौरभ कुमार, मुकेश सिंह, साहिल कुमार, सूरज आर्या, मीनाक्षी नेगी, गणेश मस्यूनी, सुजीत टम्टा, जितेंद्र सिंह बिष्ट, पूजा बिष्ट, रितिक नेगी, मीनाक्षी बिष्ट, कमलेश बिष्ट, राहुल बिष्ट, राहुल बगडवाल, मुकेश बिष्ट, सूरज कुमार, गीता बिष्ट, लक्ष्मी राम, आशीष बिष्ट, रितिक नेगी, विजय बिष्ट, वैभव पांडे, सुरेश सिंह, गोपाल सिंह, जीवन सिंह, हरीश बगडवाल, पूजा राणा, भावना कनवाल, मनीषा भंडारी, बीना बिष्ट, किरन मेहरा, भूपाल सिंह कनवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।




## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**काशीपुर।** थाना कुंडा क्षेत्र अंतर्गत मंडी चौकी पर पुलिस द्वारा सोमवार की देर शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों दोपहिया वाहन चालकों के मौके पर नगद चालान किए गए। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, दस्तावेजों के अभाव और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को रोका गया। पुलिस ने सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी। इस मौके पर मौजूद उप निरीक्षक दीपक चौहान ने वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति दोपहिया वाहन पर तीन सवारी या बिना हेलमेट के चलते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस टीम में रूप निरीक्षक दीपक चौहान कांस्टेबल त्रिलोक सिंह के अलावा पुलिस टीम मौजूद रही।

# रानीखेत क्षेत्र में गुलदार का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** नगर के समीपवर्ती गांवों में गुलदार की बढ़ती सक्रियता से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। ऐरोड़, खनिया, ऐरोली, किलकोट समेत आसपास के गांवों के निवासी भय के साए में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। ऐरोड़ ग्राम प्रधान खष्टी अधिकारी ने बताया कि गुलदार के डर से ग्रामीणों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बीते दिनों ऐरोड़ निवासी कुबेर सिंह की दो बकरियों को गुलदार ने दिनदहाड़े अपना शिकार बना लिया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षति का आकलन कर मुआवजा देने के साथ आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया। किलकोट क्षेत्र में भी हालात चिंता. जनक बने हुए हैं। स्थानीय निवासी राधा देवी ने बताया कि शाम के समय घर लौटते समय अक्सर गुलदार की गर्जना सुनाई देती है। रात के समय गुलदार आबादी के पास तक आ जाता है, जिससे बच्चों का स्कूल जाना भी कठिन हो गया है। इस संबंध में वन विभाग को जानकारी दे दी गई है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि कैलाश सिंह अधिक. ारी ने कहा कि सरकार और वन विभाग को शीघ्र उचित कार्रवाई करनी चाहिए। पीड़ितों को समय पर मुआवजा देने के साथ ही सुरक्षा बाड़ और अन्य प्रभावी उपाय कर मवेशियों एवं ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और ठोस सुरक्षा इंतजाम की मांग जोर पकड़ने लगी है।

# बस-पिकअप में भिड़ंत

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा झोपड़ा के पास मंगलवार की सुबह केमू बस और पिकअप में भिड़ंत हो गई। वाहन भिड़ते ही बस में बैठे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बच्चे मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा देने कपकोट जा रहे थे। चालक-परिचालक और बस में बैठे यात्रियों ने बच्चों को संभाला और दूसरे वाहन से कपकोट भेजा। हालांकि हादसे में किसी को किसी कोई चोट नहीं पहुंची है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केमू बस शामा लीती से हल्द्वानी की तरफ आ रही थी। बस में 13 स्कूली बच्चों के अलावा 14 अन्य यात्री सवार थे। स्कूली बच्चे छात्रवृत्ति परीक्षा देने के लिए कपकोट जा रहे थे। पिकअप चार नेपाली मजदूरों को लेकर शामा की ओर जा रही थी। झोपड़ा के पास दोनों में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों वाहन में बैठे लोगों में चीख-पुकार मच गई।


**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र **हरिओम,** उसकी पत्नी **अर्चना** व मेरा पोत्र **आदित्य** व पोत्री **परी** का आचरण मेरे प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने उक्त सभी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त सभी के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**संजय कुमार मिश्रा** पुत्र कृष्ण मुरारी मिश्रा, नि. ए-1 रामेश्वरपुरम, सुभाष नगर ज्वालापुर, हरिद्वार।

**संशोधित सूचना**

हमारे समाचार पत्र में दिनांक 04.12.2025 को प्रकाशन किया गया था, जिसमे हमारे द्वारा **प्रियंका जैन** पत्नी श्री **अंकित जैन** निवासी वार्ड नं0-08 विकासनगर, जिला-देहरादून उत्तराखण्ड के विक्रय पत्र क्रमांक त्रुटिवश 828 व 5049 दर्ज व अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि सही विक्रय पत्र क्रमांक 8288 व 6049 है, जिसको की सही पढ़ा व समझा जाना आवश्यक है।

**कार्यालय सचिव/उपाध्यक्ष,जिला स्तरीय प्राधिकरण चमोली(गोपेश्वर)**
**जिला कार्यालय-चमोली (गोपेश्वर)।**
E-mail-dldachamoligpr@gmail.com

पत्रांक : 1566/जि0 स्त0वि0प्राधि0 /निविदा-सूचना/2025-26/ गोपेश्वर — दिनांकः 15 दिसम्बर 2025

**''अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना''**

महामहिम राज्य पाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नसिविल एवं इलैक्ट्रिकल कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 15.12.2025 से दिनांक 31.12.2025 के मध्याहन् 12.00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं, जो दिनांक 31.12.2025 अपरान्ह 3:00 बजे अधिकृत कमेटी की उपस्थिति में सभी ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य/(जी0एस0टी) अतिरिक्त | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण श्रेणी | निविदा बिक्री एवं निविदा खुलने का स्थान | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | उपकेन्द्र पज्याणा के जीर्ण शीर्ण भवन में मरम्मत एवं सुदृढी करण का कार्य | 8.49 | निविदा मूल्य - 1000.00 +18 % GST | 25470.00 | 09 माह | ई एंव उच्चतर | जिला कार्यालय गोपेश्वर | 30 दिन |
| 2 | उपकेन्द्र स्यूणी मल्ली में चार दीवारी एवं इन्टरलॉक टाईलिंग का कार्य | 8.40 | निविदा मूल्य - 1000.00 + 18 % GST | 25200.00 | 09 माह | | | |
| 3 | उपकेन्द्र कुनीगाड में टाईलिंग व रंग रोगन का कार्य | 6.79 | निविदा मूल्य- 1000.00 +18%GST | 20370.00 | 09 माह | | | |
| 4 | प्रा0 स्वा0 केन्द्र चमोली के अन्तर्गत उपकेन्द्र गौणा में मरम्मत एव रंग रोगन का कार्य | 6.00 | निविदा मूल्य - 1000.00 +18 % GST | 18000.00 | 09 माह | | | |
| 5 | उपकेन्द्र मुन्दोली में लघु निर्माण एवं मरम्मत का कार्य | 7.76 | निविदा मूल्य- 1000.00 +18%GST | 23280.00 | 09 माह | | | |
| 6 | प्रा0स्वा0 केन्द्र नारायणबगड में मलवा निस्तारण एवं आवासीय भवनो में टाईल्स का कार्य | 4.85 | निविदा मूल्य- 500.00 +18%GST | 14550.00 | 09 माह | | | |
| 7 | उपकेन्द्र कोठली में ए0एन0एम0 सेन्टर में चारदी वारी/फर्श का निर्माण | 4.86 | निविदा मूल्य- 500.00 +18%GST | 14580.00 | 09 माह | | | |
| 8 | आंगनबाडी केन्द्र भैरगढ़ में छत, फर्श मरम्मत, रंगरोगन, टाईल्स एवं चार दीवारी की मरम्मत | 2.99 | निविदा मूल्य- 500.00 +18%GST | 8970.00 | 30 दिन | | | |

नोटः-निर्माण कार्यो से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी/प्राक्कलन/रेखाचित्र एवं निविदा की शर्ते आदि किसी भी कार्य दिवस को इस कार्यालय से ली जा सकती हैं तथा निविदा से सम्बन्धित निविदा मूल्य ई-चालान का हैड-32820100002578 IFSC CodeBARB0GOPESH Bank of Baroda Gopeshwar, निविदाई- चालान मूल्य GST नं0 05AAAGD5000N1ZS में जमाकर चालान संलग्न किया जायेगा, अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी, किसी भी निविदा को स्वीकृत्त/अस्वीकृत्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

**(विवेक प्रकाश),**
अपर जिलाधिकारी/सचिव,
जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
चमोली (गोपेश्वर)।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड - घनसाली, टिहरी गढ़वाल।**

पत्रांक-761/ग्रा०नि०वि० / निविदा सूचना / 2025-26 — दिनांक -11.12. 2025

**निविदा सूचना सं०-09/2025-26**

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की मोहर बन्द निविदायें विभाग में (सिविल) कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.12.2025 को 2.00 बजे अपरान्ह तक प्रखण्ड कार्यालय घनसाली में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाएं दिनांक 26.12.2025 को सायं 4:00 बजे तक निर्धारित मूल्य का चालान / जी०एस०टी० जमा कर प्रखण्ड कार्यालय घनसाली से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | विकासखण्ड का नाम | 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रा०प्रा०वि० उरणी में पुनर्निर्माण कार्य। | भिलंगना | 72,000.00 | 2000.00+ 18% GST | 06 माह | 45 दिन | ई० एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |

**नोटः**- 1- निविदादाता को निविदा प्रपत्रों की लागत एवं जी०एस०टी० मूल्य का पृथक-पृथक ई चालान के माध्यम से विभागीय लेखाशीर्षक 0515 एवं जी०एस०टी० (CGST+SGST) जी०एस०टी० नम्बर 05MRTR02956C1D1 में जमा कर, ई चालान की प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा प्रपत्र मूल्य के ई-चालान में सम्बन्धित कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
2- निविदा की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रखण्ड कार्यालय से देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**अस्थाई प्रखण्ड घनसाली**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 984 — **निविदा सूचना** — दि0: 16.12.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (गलोगी लजवि), यूजेवीएन लि0, गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदा दाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः -
**निविदा सूचना सं0: 18/अ0अ0(ग0कॉ0)/2025-26:** यूजेवीएन लिमिटेड की यमुना कॉलोनी, देहरादून की विद्युत प्रणाली का एक वर्ष की अवधि के लिए विद्युत रखरखाव कार्य।
**अनुमानित लागतः** रू 16,65,040.00 (कर अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 16.12.2025, 17:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 08.01.2026, 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
**अधिशासी अभियन्ता (गलोगी एसएचपी)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 980 — **ई-निविदा सूचना** — Dated : 16/12/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण), यमुना भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः
निविदा सं0. 13/EE(CM)/DDN/2025-26
कार्य का नाम :- यमुना कालोनी, देहरादून स्थित यूजेवीएन लिमिटेड के चतुर्थ श्रेणी Type P-IV (09 to 14 and T-33 to 36) के आवासों में बाह्य दीवारों का रंग-रोगन एवं सम्बन्धित जानपदीय कार्य।
अनुमानित लागत :. रू 40.66 लाख (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 17.12.2025 को 17.00 बजे से।
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 07.01.2026 को 17.00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in" देखें।
**(अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण))**
"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् दुगडडा पौडी गढ़वाल**

पत्रांक 1390 /नि०को0/2025-26 — दिनांक 16.12.2025

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**


नगर पालिका परिषद, दुगडडा द्वारा निम्न निर्माण कार्य हेतु पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द कोटेशन दिनांक 29.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो कि तद्दिनांक को ही अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित कोटेशनदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशन के साथ निम्नानुसार धरोहर धनराशि एफ०डी०आर० / एन०एस०सी० / सी०डी०आर० बतौर जमानत राशि के रूप में जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, दुगडडाके नाम बन्धक हो, लगाया जाना आवश्यक है। कोटेशन के साथ रू0 100 / का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट लगा संलग्न करना अनिवार्य है। सशर्त कोटेशन स्वीकार नही की जायेंगी। प्राप्त कोटेशनों को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य शर्ते व आगणन पालिका कार्यालय से दिनांक 20.12.2025 से दिनांक 27.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किया जा सकता है। कोटेशन तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस को कोटेशन तिथि मानी जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | कार्य की लागत | धरोहर राशि 3% | कार्य पूर्ण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद् दुगडडा के वार्ड संख्या 02 में हाईटैक शौचालय के प्रागंण में एवं शौचालय से दया देवी के घर तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | राज्य वित्त | 2.20 लाख | 6,600 | 45 दिन |
| 2 | नगर पालिका परिषद् दुगडडा के वार्ड संख्या 02 में मुख्य मार्ग से कृष्ण चंद के घर तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | | 1.04 लाख | 3,120 | 30 दिन |
| 3 | नगर पालिका परिषद् दुगडडा कार्यालय भवन की क्षतिग्रस्त ममटी के स्लैव का अतिरिक्त कार्य। | | 1.35 लाख | 4,050 | 30 दिन |
| 4 | वार्ड संख्या 02 में पुलिस चौकी जाने वाले मार्ग पर व्यू प्वाइंट के पास सुरक्षा दीवार, सी०सी० प्लम एवं स्वच्छता से सम्बन्धित लेखन हेतु प्लास्टर का कार्य। | | 1.72 लाख | 5,160 | 45 दिन |
| 5 | नगर पालिका परिषद् दुगडडा के सामने पुलिस बैरियर से चूनाधारा की और पार्क की दीवार पर स्वच्छता से सम्बन्धित लेखन कार्य हेतु प्लास्टर का कार्य। | | 1.40 लाख | 4,200 | 30 दिन |
| 6 | नगर पालिका परिषद् दुगडडा के वार्ड संख्या 02 में पुराने बने पी0डब्ल्यू0डी० कॉलोनी के नीचे की दीवार पर स्वच्छता से सम्बन्धित लेखन हेतु प्लास्टर का कार्य। | | 0.66 लाख | 1,980 | 30 दिन |
| 7 | वार्ड संख्या 02 में व्यू प्वाइंट के पास दूरदर्शन टावर वाली भूमि पर दीवार पर स्वच्छता से सम्बन्धित लेखन हेतु प्लास्टर का कार्य। | | 1.31 लाख | 3,930 | 30 दिन |
| 8 | नगर पालिका परिषद् दुगडडा के रेस्ट रूम के दीवारों एवं फर्श पर टाईल्स कार्य एवं अन्य जीणोद्धार कार्य। | | 1.17 लाख | 3,510 | 30 दिन |
| 9 | वार्ड संख्या 01 में पालिका पार्किंग के समीप रैम्प एवं सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | | 1.77 लाख | 5,310 | 30 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दुगडडा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, दुगडडा**

# आईपीएल ऑक्शन: प्रशांत-कार्तिक क्रमश: 14.20 करोड़ में बिके







● दोनों को सीएसके ने बेस प्राइस से 47 गुणा ज्यादा कीमत में खरीदा, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी, ग्रीन को 18 रुपये ही मिलेंगे



**अबू धाबी, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऋषभ पंत (27 करोड़) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा एक समान 14.20-14.20 करोड़ में बिके हैं। दोनों को सीएसके ने 30 लाख की बेस प्राइस से 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। प्रशांत उत्तर प्रदेश के हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के हैं। इनके अलावा, जम्मू एंड कश्मीर के आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। तेज गेंदबाजों के सेट में कोलकाता ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (18 करोड़) को अपने साथ जोड़ा न्यूजीलैंड के जैकब डफी को आरसीबी और एनरिक नार्त्या को एलएसजी ने 2-2 करोड़ में खरीदा। स्पिनर्स रवि बिश्नोई को त्त ने 7.20 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने महज 7 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 23.75 करोड़ में खरीदा था। कोलक. ाता ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25.2 करोड़ में खरीदा है, ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। 7.2 करोड़ रुपए बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा करा दिए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले साल ही विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की अपर लिमिट तय कर दी थी। ताकि विदेशी खिलाड़ी ज्यादा डिमांड का अनुचित फायदा न उठा पाएं। 10वें सेट में यश राज पुंजा पर राजस्थान रॉयल्स ने 30 लाख की बेस प्राइस पर भरोसा जताया। विग्नेश पुथुर भी 30 लाख में राजस्थान रॉयल्स के खाते में गए। प्रशांत सोलंकी को 30 लाख में केकेआर ने खरीदा। कर्ण शर्मा, शिवम शुक्ला, कुमार कार्तिकेय सिंह और वहीदुल्लाह जदरान अनसोल्ड रहे। सुशांत मिश्रा को आरआर ने 90 लाख में खरीदा,नमन तिवारी को एलएसजी ने एक करोड़ रुपए में खरीदा, अशोक शर्मा को जीटी ने 90 लाख में खरीदा, आठवें सेट (विकेटकीपर) में सबसे बड़ा नाम कार्तिक शर्मा रहे। ऑक्शन की शुरुआत में रुचित अहीर और वंश बेदी 30 लाख की बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहे, जबकि तुषार रहेजा भी खरीदार नहीं जुटा सके। 30 लाख की बेस प्राइस के साथ उतरे कार्तिक पर टीमों के बीच जबरदस्त बिडिंग हुई और आखिरकार चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 14.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। मुकुल चौधरी को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा, जबकि तेजस्वी सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 करोड़ रुपए में खरीदा। राजस्थान के मुकुल चौधरी को एलएसजी ने 2.60 करोड़ में खरीदा कार्तिक शर्मा भी 14.20 करोड़ में बिके, सीएसके ने खरीदा। 7वां सेट अनकैप्ड आलराउंडर्स का रहा। इसमें 10 प्लेयर्स थे। इनमें से 3 को खरीदा गया। जबकि 7 अनसोल्ड रहे। आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ में डीसी ने, प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ सीएसके और शिवांग कुमार को 30 लाख एसआरएच ने खरीदा। राजवर्धन हंगरगेकर (40 लाख), तनुष कोटियान (30 लाख), महिपाल लोमरोर (50 लाख), कमलेश नागरकोटी (30 लाख), विजय शंकर (30 लाख), सनवीर सिंह (30 लाख) और एडेन टाम (30 लाख) अनसोल्ड रहे। उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्होंने वे यूपी टी-20 लीग के एमर्जिंग प्लेयर रहे थे। 20 साल के प्रशांत ने 10 मैच में 155.34 के स्ट्राइक रेट से 320 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में 8 विकेट भी झटके। 30 लाख रुपए की ब्रस प्राइस वाले आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है। पेस बालिंग आलराउंडर ने पिछले रणजी सीजन के 8 मैचों में 44 विकेट झटके थे। छठा सेट अनकैप्ड बैटर्स का था। ऐसे प्लेयर जो एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल सके हैं। इसमें 6 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल में लाए गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मारिया केरी 2026 विंटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेगी

**मिलान, वार्ता।** अमेरिकी गायिकां और पॉप स्टार मारिया केरी मिलानो-कोर्टिना छह फरवरी को इटली की राजधानी मिलान के सैन सीरो स्टेडियम में होने वाले 2026 विंटर आलंपिक के उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। केरी यहां उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों के लिए खास पेशकश करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, ष्चाओ। मिलानो कोर्टिना 2026 के लिए तैयार हो जाइए। छह फरवरी को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए स्टेडियम सैन सिरो में मिलते हैं। मिलते हैं मिलान में। यह पहली बार होगा जब पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केरी किसी ओलंपिक उद्घाटन समारोह में गाएंगी।

### पाकिस्तान भी अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने मंगलवार को अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 70 रन से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई को 242 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में यूएई की टीम 37-5 ओवर में 171 रन पर ढेर हो गयी। यूएई के लिये इयान मिस्बाह की 77 रन की पारी बेकार गई। पृथ्वी मत्रु 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान किरण रॉय ने 13 रन देकर अब्दुल सुबहान का विकेट लिया। यूएई के सात खिलाड़ी 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुबहान ने 7.5 ओवर में 31 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया। मोमिन कमर और अहमद हुसैन ने एक-एक विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए अहमद हुसैन ने 65 रनों की पारी खेली।




# एडिलेड एशेज टेस्ट में बॉन्डी बीच पीड़ितों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

● मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौ न रखा जाएगा, झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्म बैंड बाधेंगे

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिय गायक जॉन विलियमसन बुधवार से शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट से पहले यहां बॉन्डी बीच आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एडिलेड ओवल में अपना प्रसि( गाना 'ट्रू ब्लू' गाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस पिंक बॉल टेस्ट से पहले कई यादगार कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह मैच रविवार के आतंकवादी हमले के बाद देश का पहला बड़ा खेल आयोजन होगा। मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा। झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्मबैंड पहनेंगे और मुकाबले के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी जाएगी। इसके साथ ही स्टेडियम में खास तौर पर पुलिस तैनात की जाएगी। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने माना कि रविवार की घटना ने उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस हमले को बहुत गहरा सदमा करार दिया। कमिंस ने कहा कि ज्यादातर दूसरे ऑस्ट्रेलियाई लोगों की तरह, मैं भी इसे देखकर डर गया था। मैंने बस बच्चों को सुला दिया और न्यूज चालू कर दी। मैं और मेरी पत्नी हैरानी से देख रहे थे। उन्होंने कहा कि यह (बॉन्डी बीच) हमारे घर के पास ही है, और हम बच्चों को अक्सर वहां ले जाते हैं। इसने मेरे दिल को बहुत छुआ। मुझे सच में बॉन्डी के लोगों और खासकर यहूदी समुदाय के लिए बहुत बुरा लग रहा है।

# एकाना में सीरीज पर जीत की मुहर लगाने उतरेगी भारतीय टीम

पांच मैचों की सीरीज में 2-1 के बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय टीम जब बुधवार को यहां एकाना स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में जीत की मुहर लगाने के इरादे से मैदान में उतरना चाहेगी, लेकिन कुछ खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर भी दर्शकों की निगाहें टिकी होंगी। पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्म-विश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी, खासकर पिछले मैच की जीत के बाद। तीसरे टी-20 मुक. ाबले में भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर ऑलआउट कर दिया। उसके बाद भारतीय टीम ने तीन विकेट गंवाकर यह लक्ष्य 15-5 ओवर में बेहद आसानी से हासिल कर लिया।

तीसरे मैच में एक बार फिर साबित हुआ कि अभिषेक शर्मा भारत की विस्फोटक शुरुआत के लिए कितने अहम हैं। अभिषेक के जोड़ीदार शुभमन गिल ने जहां 28 गेंदों पर 28 रन बनाए, वहीं खुद अभिषेक ने 18 गेंद पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 35 रन बनाकर भारत को धुआंधार शुरुआत दी। गिल के अलावा भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पिच पर संघर्ष करते नजर आए हैं। दोनों ही बल्लेबाज अतीत में खुद को साबित कर चुके हैं और इस मैच में रन बनाकर अपने रंग में लौटना चाहेंगे।

गेंदबाजी की बात करें तो अक्षर पटेल के चले जाने से पश्चिम बंगाल के ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को अपना लोहा मनवाने का मौका मिला है। वह इस मौके को दोनों हाथों से लपकना चाहेंगे। अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की जोड़ी भारत को गेंद से शुरुआती सफलताएं दिलाने में सफल रही है, वहीं वरुण चक्रवर्ती की फिरकी भी दक्षिण अफ्रीका के लिए एक अबूझ पहेली साबित हुई है। बुम. राह के टीम में होने पर अब भी संशय है लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी में भी भारतीय गें. दबाजी अजेय प्रतीत हुई है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका खुद के हालात ढाक के तीन पात की तरह हैं। तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में उनकी चिर परिचित खामियां सामने आईं। पिच पर गेंद की हरकत और भारतीय गेंदबाजों के अनुशासन के सामने केवल एडन मार्करम ही पिच पर टिके रहे। अगर मेहमान टीम को सीरीज को जिन्दा रखना है तो मार्करम और क्विंटन डी कॉक को अब मजबूती के साथ पारी की शुरुआत देनी होगी।

# कमिंस, लॉयन की हुई टीम में वापसी

● कमिंस और लॉयन ने आलरांउर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेडन की जगह ली

**एडीलेड, वार्ता।** एडिलेड ओवल में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी ऑफ-स्पिनर नेथन लायन की वापसी हो गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को पिंक बॉल टेस्ट के लिए टीम का ऐलान करते हुए यह जानकारी दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि कमिस और लायन ने ऑलराउंडर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट की जगह ली है, जबकि 39 वर्षीय सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण अब भी टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से आगे है। जोश इंग्लिस एकादश में बरकरार हैं और नंबर सात पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। इस बीच, कप्तान कमिस ने



ख्वाजा की निराशा को समझते हुए सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत स्थिति के बावजूद टीम से बाहर होने के बाद उनके रवैए की तारीफ की। कमिस ने कहा कि वह एक सच्चे 'टीम मैन' हैं। टीम को जो भी चाहिए, वह करेंगे। और यह सिर्फ उजी (उस्मान) ही नहीं, बल्कि बो वेबस्टर भी हैं जो इन तीन टेस्ट मैचों में टीम से बाहर रहे हैं। नेसर ने पांच विकेट लिए हैं, और डॉगेट ने पहले दो टेस्ट खेले हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें एशेज सीरीज जीतने के लिए एक स्क्वाड की जरूरत है, और वे सभी शानदार प्रदर्शन करते हैं। इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज के बाद कमिस पहली बार टेस्ट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और वर्कलोड के मामले में उन पर कोई पाबंदी नहीं होगी। कमिस ने कहा कि हां, मैं खेलने के लिए तैयार हूं। मैं कुछ समय से 100 प्रतिशत स्तर पर गेंदबाजी कर रहा हूं। अगर मैंने ब्रिस्बेन में खेला होता, तो शायद मैं सीमित संख्या में ही ओवर फेंक पाता, लेकिन यह मैच किसी भी दूसरे टेस्ट की तरह ही है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश की घोषणा सोमवार को की।

इसमें तेज गेंदबाजी आक्रमण में गस एटकिसन की जगह जोश टंग को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में बढ़त के बावजूद, कमिस को मेहमान टीम से मजबूत वापसी की उम्मीद है। कमिंस ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह पहले दो टेस्ट मैचों से कुछ अलग होगा। आपके पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी समय मैच जिता सकते हैं, आपको बस प्लान ए, प्लान बी रखना होगा, जैसा कि आप ज्यादातर टीमों के साथ करते हैं। लेकिन उनके पास जाहिर तौर पर कुछ बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं, और आप उन्हें खुलने के लिए थोड़ी सी भी जगह नहीं दे सकते।

### श्रीगंगानगर अंडर-14 क्रिकेट टीम घोषित

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के लिए जिला टीम की घोषणा कर दी है। संघ के सचिव विनोद सहारण ने मंगलवार को बताया कि टीम का चयन जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर और अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।उन्होंने बताया कि विनय को कप्तान और आरव प्रताप बाना को उपकप्तान बनाया गया है।

**टीम:** विनय (कप्तान), आरव प्रताप बाना (उपकप्तान), अनमोल, हर्ष, निर्भय, गुरसांत, गुरशरणसिंह, देवकुमार, अरनव , अविरल, भव्यजीतसिंह, लक्ष्य, रोबिनसिंह, रणवीर व शुभम।

स्टैंडबाय खिलाड़ियों में पीयूष, एकमजीतसिंह, जसकि. रतसिंह, अथर्व गोयल और पार्थ गेरा शामिल हैं।

# इंटर मियामी में शामिल हुए सर्जियो



**वाशिंगटन, वार्ता।** मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के क्लब इंटर मियामी ने रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर सर्जियो रेगुइलोन को फ्री ट्रांसफर के तहत अपने क्लब में शामिल कर लिया है। रेगुइलोन ने 12 महीने के एक्सटेंशन के विकल्प के साथ दो साल के करार पर सहमति जताई है। स्पेन के इस फुटबॉलर ने जून में टोटेनहम हॉटस्पर से अलग होने के बाद से किसी क्लब का दामन नहीं थामा था। उन्होंने लंदन क्लब के लिए कुल 73 मैच खेले और दो गोल भी किए। रेगुइलोन ने कहा, ष्यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। एक चैंपियन क्लब जो बहुत अच्छा कर रहा है, वहां आकर खेलना और जीतना, यही मुझे आकर्षित करता है। मेरा लक्ष्य जीतते रहना है, उन ट्रॉफियों को हासिल करना है जो हमारे पास नहीं हैं। इंटर मियामी ने यह घोषणा वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 की जीत के साथ अपना पहला एमएलएस खिताब हासिल करने के नौ दिन बाद की है। इंटरमियामी इससे पहले 2023 में अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी, सर्जियो बुस्केट्स, जॉर्डी अल्बा और लुइस सुआरेज जैसे ला लिगा के दिग्गजों को भी क्लब में शामिल कर चुका है।

### संतोष ट्रॉफी में दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को

**नई दिल्ली, वार्ता।** बिहार के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में 19 दिसंबर से होने वाली संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के लिये दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को सौंपी गयी है। टीम मैनेजर (बैंक ऑफ इंडिया) सुनील दत्त ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री दत्त ने बताया कि शिखर शाव टीम के उपकप्तान होंगे। दिल्ली 19 दिसंबर को रेलवे के विरुद्ध खेल कर अभियान की शुरुआत करेगी। ग्रुप की अन्य टीमें मेजबान झारखण्ड और बिहार हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नये नियमों के अनुसार, टीमें दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को मैदान पर नहीं उतार सकतीं। इस बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक नये ढांचे और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने पर ज़ड़ादा ज़ोर के साथ शुरू होने वाली है।

# कुंडू का दोहरा शतक, भारत ने मलेशिया को हराया



● अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू के दो. हरे शतक (209) और दीपेश देवेंद्रन (22/5) के पांच विकेटों की बदौलत मंगलवार को यहां अंडर-19 एशिया कप 2025 के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी। भारतीय युवाओं ने मलेशिया के सामने 50 ओवर में 409 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में मलेशियाई टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। मलेशिया की ओर से हमजा पंगी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए कप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 14 रन पर पवेलियन लौटा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे विहान मल्होत्रा भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन वैभव सूर्यवंशी ने वेदांत त्रिवेदी के साथ मिलकर पारी को संभाल लिया। त्रिवेदी ने पहले सूर्यवंशी के साथ मिलकर 40 रन जोड़े। इसके बाद उन्हें कुंडू का साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 181 गेंदों पर 209 रन जोड़कर मलेशियाई गेंदबाजी की कमर तोड़ दी। त्रिवेदी 106 गेंदों पर सात चौकों के साथ 90 रन बनाकर अपने शतक से चूक गए, जबकि कुंडू ने 80 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। मैच के अंतिम ओवरों में कुंडू ने आक्रामक बल्लेबाजी कर न सिर्फ भारत को 400 रन के पार पहुंचाया, बल्कि यूथ एकदिवसीय क्रिकेट में दो. हरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय भी बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए। इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। कुंडू ने 44 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गें. दों में दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की। कुंडू का स्कोर अंडर-19 क्रिकेट में द. अफ्रीका के जो. रिक वैन शाल्कविक के 215 रनों के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

### यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने अभिज्ञान कुंडू

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू मंगलवार को यहां मलेशिया के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप 2025 मैच के दौरान यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए।

इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कुंडू वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद क्रीज पर आए और आते ही तेजी से रन बनाने लगे। उन्होंने 44 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गेंदों में दोहरा शतक बना डाला। उन्होंने वेदांत त्रिवेदी के साथ 209 रन और कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की।

### रुड़की तहसील दिवस : मुख्य विकास अधिकारी व व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनीं जनसमस्याएं

# 45 में से 28 समस्याओं का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश में तहसील रूड़की में मुख्य विकास अधिकारी ललितनारायण मिश्रा के अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस के अवसर पर क्षेत्रिय जनता के द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 45 शिकायतें दर्ज कराई गयी जिसमें अतिक्रमण, चकबंदी, पैमाइश, जलनिकासी आदि से सम्बन्धित थी। जिसमें से 28 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया शेष समस्याओं को त्वरित कार्यवाही हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया।



तहसील दिवस में शाहिर मलिक ने नाली निर्माण में आवेदन पत्र दिया है संदीप कुमार द्वारा क्षेत्र के तालाब के निर्माण में आवेदन पत्र दिया गया है, अनूप कुमार द्वारा सड़क ओर नाली के निमार्ण के सम्बन्धित में आवेदन पत्र दिया गया है। कमल कुमार द्वारा खसरा नं0 168 से अतिक्रमण हटाने की मांग की गयी, जितेन्द्र कुमार द्वारा खसरा नं0 707 को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गयी। शिवपुरम जनकल्याण समिति द्वारा मंदिर के पास मांस की दुकान हटाने की मांग की गयी। तहसील दिवस की समीक्षा के दौरान मुख्य

> ❖सीडीओ ने शेष समस्याओं को तत्वरित निराकरण को सम्बन्धित विभागों को भेजा
>
> ❖तहसील दिवस में 3 अधिकारी उपस्थित न होने पर सीडीओ ने एक दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश

विकास अधिकारी ने पाया की तीन अधिकारी अनुपस्थित पाये गये जिसमें ब्लॉक आर्गनाइजर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसडीओ सहकारिता बैठक में अनुपस्थित पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि तहसील दिवस में क्षेत्रवासियों द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज करायी गयी है उन समस्याओं का समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें इसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता एवं लापरवाही नही बरती जानी चाहें। तहसील दिवस के अवसर पर अवैध रूप से संचालित मांस की दुकान का तत्काल संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित दुकान को तत्काल बंद करने के निर्देश दिये गये।

तहसील दिवस में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सेठ, नगर आयुक्त रूड़की राकेश चंद्र तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक रूड़की विवेक कुमार, सहायक नगर आयुक्त रूड़की अमरजीत कौर, खण्ड विकास अधिकारी रूड़की सुमन कुठियाल, तहसीलदार रूड़की सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादी मौजूद रहें।

## एक वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक फरार चल रहे हैं वारंटी को हिमाचल प्रदेश शिमला से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी के द्वारा अपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया पुलिस टीम के द्वारा मा0न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 01 वारण्टी अंशुल गुप्ता पुत्र रामकुमार गुप्ता निवासी मकान नंबर 598 आदर्श नगर रुड़की को ठाकुर निवास घोड़ा चौकी शिमला हिमाचल प्रदेश में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस को झूठी सूचना देना युवक को पड़ा भारी, गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** एक युवक को पुलिस को झूठी सूचना देना भारी पड़ गया। पुलिस ने सूचना देने वाले युवकों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। इसके साथ ही अन्य लोगों को चेतावनी दी है कि पुलिस को झूठी सूचना देने से पहले कारवाई के लिए भी तैयार रहे। 112 के माध्यम से एक कॉलर द्वारा सूचना दी गई कि उसकी पत्नी ने उसकी माता को जहर दे दिया है, जिनकी हालत गंभीर है तथा उन्हें मंगलौर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना सीनियर सिटीजन से संबंधित एवं गंभीर अपराध की श्रेणी में होने के कारण मंगलौर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। मौके पर पहुँचने पर पाया गया कि कॉलर की माता घर पर पूर्णत: सुरक्षित एवं स्वस्थ थीं। उनके द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि उन्हें किसी प्रकार का जहर नहीं दिया गया है तथा कॉलर का अपनी पत्नी से पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिससे क्षुब्ध होकर उनके पुत्र द्वारा गलत एवं झूठी सूचना 112 पर दी गई। उक्त प्रकरण में 112 पर झूठी सूचना देने के अपराध में अनिल निवासी नारसन कलां, थाना मंगलौर के विरुद्ध पुलिस अधिनियम की धारा 83 के अंतर्गत 10,000/- का चालान किया गया तथा भविष्य में ऐसी गलती न करने की सख्त हिदायत दी गई। इसके साथ ही पुलिस ने अपील की है कि 112 आपातकालीन सेवा है। इसका दुरुपयोग न करें। झूठी सूचना देने से वास्तविक जरूरतमंदों को सहायता मिलने में विलंब हो सकता है।

## राज्यमंत्री ने बहुउद्देशीय शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) श्री देशराज कर्णवाल के नेतृत्व में "बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर" का सफल आयोजन विधानसभा झबरेड़ा के ब्लॉक रूडकी के धर्मपुर, देवपुर और तांशीपुर ग्रामों में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान विभिन्न विभागों की कुल 112 शिकायतें/आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें धर्मपुर-47, देवपुर-37, तांशीपुर-28 रही। शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, नाले का निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विद्युत बिल, आवास योजना, आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, तथा शौचालय निर्माण जैसी समस्याएँ सम्मिलित रहीं। इनमें से 27 समस्याओं का मौके पर ही तत्काल समाधान किया गया। जिन समस्याओं का निस्तारण जिला स्तर पर संभव है, उन्हें जिलाधिकारी को प्रेषित किया जा रहा है, तथा शासन स्तर से



संबंधित प्रकरणों को शासन को भेजा जा रहा है। इस अवसर पर श्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य का प्रत्येक गरीब, किसान एवं पात्र नागरिक बिना किसी बाधा के सभी समाज कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। इसी लक्ष्य को मूर्त रूप देते हुए यह शिविर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। शिविर में सभी संबंधित रेखिय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रधान श्रीमती सुमन, श्री जगमाल सिंह, प्रधान युधिष्ठिर, पूर्व प्रधान बलजीत, विनीत त्यागी, अंकित त्यागी, मनमोहन त्यागी, अमित, रोहित एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मंदिर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

### धार्मिक स्थनों की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः इंस्पेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा/मंगलौर।** कस्बा लंढौरा स्थित काली माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का हरिद्वार पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया। इस सफलता से क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और सक्रियता एक बार फिर साबित हुई है। कोतवाली मंगलौर प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि वादी सुनील वालिया निवासी लंढौरा की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मंदिर का ताला तोड़कर सामान चोरी करने के संबंध में थाना कोतवाली मंगलौर पर बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की गई तथा पूर्व में चोरी के मामलों में जेल जा चुके अभियुक्तों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने मात्र 12 घंटे के भीतर चोरी में संलिप्त अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से मंदिर से चोरी किया



गया पीली धातु का बड़ा घंटा तथा चोरी की गई संखल शत-प्रतिशत बरामद कर ली गई है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "धार्मिक स्थलों की पवित्रता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ऐसे अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त मोबिन उर्फ मोनू पुत्र शकील निवासी लंढौरा, थाना कोतवाली मंगलौर, जनपद हरिद्वार का आपराधिक इतिहास अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में चोरी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। बरामद माल- मंदिर का पीली धातु का बड़ा घंटा 2- मंदिर से चोरी की गई संखल है। पुलिस टीम में उ0नि0 महिपाल सिंह, हे0कानि0 शूरबीर, कानि0 दिनेश चौहान शामिल रहे।

## चार के खिलाफ नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीड़ित परिजन ने पुलिस को तहरीर देकर उसकी नाबालिक पुत्री के साथ चार लोगों ने मिलकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गन्ना कोल्हू में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है 14 दिसंबर की रात्रि जब वह मजदूरी कर रात के 2:00 बजे अपने घर आया और अपनी पुत्री को आवाज लगाई परंतु पुत्री नहीं बोली उसके बाद अपनी पत्नी को पुत्री को उठाने के लिए भेजा तो पुत्री अपने बिस्तर पर नहीं मिली यह देख वह तथा उसकी पत्नी अचंभित रह गए और पुत्री की तलाश करने लगे पुत्री का कोई सुराग नहीं लग पाया जब वह इसी चिंता में सुबह अपने घर के बाहर खड़ा था तो तभी चार लोग गाड़ी में आए तथा मेरी पुत्री को घर के बाहर छोड़कर भाग गए जो अपने होशो हवास में नहीं थी और तबियत भी खराब लग रही थी पुत्री को घर में लेटा कर होश में आने पर पूछा तो पुत्री ने बताया कि उसके साथ चार लोगों ने बारी बारी से दुष्कर्म किया है पिता ने इतनी बात सुनकर उक्त लोगों के पास पहुंचा तथा कानूनी कार्रवाई की बात की तो उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई मामले में पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि मामले में तहरीर मिली है मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा गलत करने वाले लोगों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## मंडावली जमीनी विवाद में ग्रामीणों ने की प्रेसवार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर क्षेत्र के मंडावली गांव में जमीनी विवाद के चलते एक बार फिर कुछ ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर एक प्रेस कांफ्रेंस कर अपने ऊपर लगे आरोपा खंडन किया

आपको बताते दे कि मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मंडावली गांव में नेशनल हाईवे पर बी एस एफ के जवान मुकुल बेनीवाल के द्वारा एक रहने के लिए मकान का निर्माण कराया गया है जिसमें उसकी पत्नी और जवान के भाई रहते हैं उन्हीं के परिवार के कुछ लोग उस जमीन को कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं वही आज मुकुल कुमार की पत्नी व कुछ ग्रामीणों ने उनके साथ मिलकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने बताया की दो दिन पहले गांव के कुछ लोग द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से उन पर अनाप-शनाप आरोप लगाया मुकुल कुमार के परिजनों ने आरोपी का खंडन किया और कहा कि झूठे आरोप अनाप-शनाप आप हमारे ऊपर लगा रहे हैं जबकि हमारी जमीन का बंटवारा 50 साल पहले ही हो चुका था जिसमें हमारे हिस्से में जो जमीन आई थी वह हमारे पास मौजूद हैं और उसके सारे डाक्यूमेंट्स भी मौजूद हैं जो कुछ लोग इकट्ठा होकर आरोप लगा रहे हैं वह लोग पहले ही अपराधी किस्म के लोग हैं हालांकि मुकुल कुमार पत्नी का कहना है कि हमारी छवि साफ सुथरी है और हमारे जो पति हैं मुकुल कुमार वह बीएसएफ में नौकरी करते हैं और अनाप-शनाप आरोप लगाकर हमें परेशान किया जा रहा है सुनिल कुमार पुष्पा देवी पहल सिंह इंद्रपाल लक्ष्मी चंद पवन अकरम व विट्टू आदि मौजूद रहे।

## राउमावि नन्हेड़ा में नशा मुक्ति पर वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा मे आबकारी विभाग द्वारा नशा मुक्ति पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें देहरादून से आई टीम का नेतृत्व असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर श्रीमती रेखा जुयाल भट्ट और एक्साइज इंस्पेक्टर श्रीमती शालिनी शर्मा ने किया टीम के अधिकारियों का विद्यालय की ओर से स्वागत किया गया टीम ने शॉर्ट वीडियो क्लिप दिखाकर बच्चों को नशा के खिलाफ जागृत करने का प्रयास किया।

असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर श्रीमती रेखा जुयाल भट्ट ने कहा की शुरू में दोस्त गलत आदत की तरफ अपने दोस्तों को ले जाते हैं और उन्हें नशे का जायका चखते हैं और फिर वें अपने दोस्तों को धीरे-धीरे इस तरफ खींच लेते हैं आखिर में ऐसे दोस्त नशे के आदी बन जाते हैं जो उन्हें जिंदगी में कहीं का नहीं छोड़ते और उनका अंत बुरा ही होता है। एक्साइज इंस्पेक्टर श्रीमती शालिनी शर्मा ने नशे के कई प्रकार बताए हैं जिनमे ड्रग्स भी एक खतरनाक नशा है नशेड़ी दोस्त असली दुश्मन होते हैं इनसे



जितना दूर रहो उतना ही बेहतर है नशा तन मन धन का नाश करता है। प्रधानाचार्य ताजीम अली ने कहा की शराब का चलन अति प्राचीन काल से है लगभग 5000 साल पूर्व मिस्र में शराब की भट्ठियों के पुरातात्विक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। भारत में भी सुरा पान का इतिहास 3000 साल अधिक पुराना है। नशे से बचते चलो यही हमारे बच्चों से अपील है। शिक्षिका श्रीमती रूपाली वशिष्ठ ने बच्चों से अपील की कि अगर आप अपना जीवन बचाना चाहते हैं तो नशेड़ी और गलत लोगों से बचो। आबकारी टीम के द्वारा बच्चों में रिफ्रेशमेंट वितरित किया गया इस अवसर पर विद्यालय की ओर से आबकारी टीम के अधिकारियों को हिंद स्वराज की प्रति भेंट की गई वर्कशॉप में बड़ी तादाद में बच्चों ने हिस्सा लिया।

## 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पुलिस ने दो नशा तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 15 दिसंबर 2025 को लक्सर क्षेत्र के अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम फूल सिंह पुत्र सूरजा निवासी वार्ड नंबर 2 सिमली कोतवाली लक्सर रोशन उर्फ जगबीर पुत्र करणपाल निवासी ढाढे की ढाणा कोतवाली लक्सर बताए। पकड़े गए दोनों नशा तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है दोनों व्यक्तियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई 15 दिसंबर 2025 को परिजनों सेलड झगड़कर शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम मोनू कुमार पुत्र रिशिपाल निवासी सेठपुर कोतवाली लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर होमगार्ड गौरव कुमार शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

### रुड़की-मंगलौर व अन्य नगर पंचायतो को स्वच्छ व अतिक्रमणमुक्त बनाने को

## प्रशासन ने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण तथा प्लास्टिक बैग प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक रामचंद्र शेट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम के एमएनए, नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ व्यापार मंडल रूड़की एवं मंगलौर के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान नगरों की नियमित साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा प्रबंधन, नालियों की समयबद्ध सफाई तथा बाजार क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान केवल प्रशासन तक सीमित न रहे, बल्कि इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमों के अनुरूप और निरंतर रूप से किए जाने पर बल दिया गया। बैठक में वेंडिंग जोन (ठेला-फेरी क्षेत्र) के सुव्यवस्थित



सृजन को लेकर विशेष जोर दिया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में चिन्हित एवं व्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित किए जाएं, जिससे सड़क किनारे अव्यवस्थित अतिक्रमण पर अंकुश लगे और ठेला-फेरी व्यवसायियों को सुरक्षित व सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध हो सके। एकल उपयोग प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने प्लास्टिक बैग प्रतिबंध के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के आदेश दिए। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं को कपड़े, जूट, कागज अथवा अन्य पर्यावरण-अनुकूल थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। बैठक में उपस्थित व्यापार मंडल एवं स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए स्वच्छ, प्लास्टिक-मुक्त एवं सुव्यवस्थित शहर के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता जताई। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि स्वच्छता, वेंडिंग जोन सृजन और पर्यावरण संरक्षण से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधएं भी प्राप्त होंगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** बाइक सवार को कार चालक ने पिछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दुर्घटना में कार चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। घायल को 108 की सहायता से लंढौरा सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां संसाधनों के अभाव के कारण डाक्टरों ने घायल को सिविल अस्पताल रुड़की के लिए रेफर कर दिया। मंगलवार की सुबह सुभाष पुत्र अतरसिंह (32) निवासी मोहितपुर थाना भगवानपुर बाइक से रायसी सतसंग में जा रहा था। जैसे ही वह सोलानी नदी के समीप पहुंचा तो पिछे से आ रही अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिस कारण बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में कार चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। राहगीरों ने घायल को 108 की सहायता से लंढौरा सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां संसाधनों के अभाव के कारण बेहतर उपचार न मिलने के कारण डाक्टरों ने घायल को सिविल अस्पताल रुड़की के लिए रेफर कर दिया।

# गिरता रुपया

मंगलवार को आखिरकार रुपया अब तक की सबसे बड़ी गिरावट के द्वार पर पहुंच ही गया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले बराबर नीचे गिरते हुए 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। दोपहर से पहले तो यह 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। निश्चित रूप से यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए कोई अच्छे संकेत नहीं हैं। हालांकि कुछ अर्थशास्त्री ऐसा भी मानते हैं कि कई बार पैसों की गिरावट अर्थव्यवस्था को मजबूत भी करती है, लेकिन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अक्सर देखने में आता है कि देश की साख ही वहां की मुद्रा की साख तय करती है और यह सबकुछ अर्थव्यवस्था पर ही टिका होता है। इस मायने से अगर देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था काफी दबाव में दिखाई देती है। ऐसा विपक्षी दल भी बराबर आरोप लगाते रहते हैं कि भारत का रुपया गर्त में जा रहा है और यह सब इसलिए हो रहा है कि विकास को गति नहीं मिल रही है और हमारा निर्यात नहीं बढ़ पा रहा है। हाल के महीनों में जिस तरह अमेरिका का रवैया भारत के प्रति रहा है वह भी निराश करने वाला है। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह मानकर चल रहे हैं कि जिस तरह अमेरिका व्यापार के मामले में भारत के साथ अड़ियल रवैया अपना रहा है, भारत की मुद्रा का नीचे जाना उसका भी एक परिणाम है। भले ही भारत सरकार खुलकर स्वीकार न करे, लेकिन हकीकत यही है कि जिस तरह के प्रतिबंध टैरिफ के रूप में अमेरिका ने लगाए हैं, उनका असर अब दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी से कुछ अधिक ही नाराज दिखाई दे रहे हैं। यह अलग बात है कि वह विभिन्न मौकों पर पीएम मोदी की प्रशंसा करते नहीं थकते और अपना मित्र बताते हैं, लेकिन इसके साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के मामले में बार-बार यह कहकर कि भारत-पाक के बीच युद्ध उन्होंने ही रुकवाया था, पीएम मोदी के सामने असहज स्थिति पैदा करते रहते हैं, क्योंकि जहां तक बात भारत की है भारत स्पष्ट कर चुका है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे देश का कोई लेना-देना नहीं है। इसके साथ ही ट्रम्प इस बात को लेकर भी भारत से नाराज नजर आते हैं कि भारत रूस से तेल व अन्य सामान ले रहा है। अमेरिका की नजर में भारत का यह फैसला एक तरह से रूस द्वारा यूक्रेन में नरसंहार करने जैसा है। जहां तक बात भारत की है, उसने साफ कर दिया है कि वह अपनी व्यापार या अन्य कोई विदेश नीति किसी के कहने पर नहीं बनाएगा। अगर भारत के स्वाभिमान के रूप में जोकि बेहद जरूरी भी है देखें, तो हमें पैसे की गिरावट की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जब टकराव होता है और स्वाभिमान की बात आती है, तो छोटे-मोटे नुकसान की परवाह नहीं होती। अच्छी बात यही है कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापा. रिक मसलों को सुलझाने की बातचीत जारी है।

## मनरेगा का नाम बदलना सनक



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना(मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है, मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है, इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है, नाम बदलना इनकी सनक है और हर नाम को वह बदल रही है, सरकार जब भी नाम भी बदलती है तो सरकार का खर्च होता है। महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनके नाम पर मनरेगा कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है और इस योजना को कमजोर कर खत्म करने की योजना चल रही है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया



**पवन सिंह**



मैं हमेशा अध्ययनों, रिसर्च रिपोर्ट, आंकड़ों, विश्लेषणों के आधार पर तथ्यात्मक लिखने का प्रयास करता हूं। विगत कुछ सालों में प्राकृतिक संसाधनों को लूट लेने की जो भयावह हवस मची है, वह खतरनाक हो चली है। दूसरी ओर, आम जनता ने भी चंद रुपयों के लिए अपनी आवाज, अपनी सोच को गिरवी रख दिया है और वह खामोश है। मीडिया पर संसाधनों को लूटने वाले गिरोह का कब्जा है। इन सबका समग्र परिणाम मानव जीवन का समय से पूर्व अंत हो जाना है। प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों और उनके कुछ हजार आका, तो इस देश को एक दिन प्राकृतिक रूप से विकलांग बनाकर सभ्य देशों की ओर ठिकाना बना चुके होंगे और इधर बचेगी भयावह बीमारियों, बूंद-बूंद पानी को तरसती व भूख से लड़ती 95 प्रतिशत आबादी। आइए आज सच दिखाते हैं दिल्ली का। जहां कुछ हजार लाख सक्षम लोग एयर प्योरीफायर लगाकर अपने फेफड़े कुछ हद तक बचाए हुए हैं लेकिन शेष जनता एयर प्योरीफायर भी आखिर कब तक और कहां-कहां दिल्ली को आखिरकार कुछ ही सालों में कैंसर ने घेर लिया है और यह मैं नहीं कह रहा, जो रिपोर्ट्स मैंनै जुटाई हैं, वह कह रही हैं। दिल्ली पर कैंसर लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। दिल्ली के एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी AQI की विगत कुछ सालों की रिपोर्ट्स को आप देखें तो पाएंगे कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से इस वायु गुणवत्ता की खराब क्वालिटी की गिरावट आरंभ होती है वह दीपावली के अगले ही दिन से सीधे 400 का खतरनाक स्तर छू लेती है और यह लगातार भयावह स्तर तक बढ़ता रहता है और बना रहता है। यह हालात लगभग चार माह तक बने रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के ग्रीन दीपावली के एक सुझाव आदेश को दिल्ली के लोगों ने अपने फेफड़ों की ताकत से मसल दिया और सुप्रीम कोर्ट के बाहर जाकर जबरदस्त आतिशबाजी कर आए। बहुत अच्छा किया आपने लेकिन जो गैसें आपने खुद अपने, अपने बच्चों व बूढ़े मां-बाप की नाकों व फेफड़ों के सामने पैदा की हैं, वह सबसे पहले किसकी सांसों में प्रवेश करेंगी? जब आप आतिशबाजी करते हैं तो आप हवा में सल्फर डाइऑक्साइड $SO_2$ छोड़ रहे होते हैं। यह फेफड़ों पर सीधा अटैक करता है और सांस की बीमारियों को बढ़ाता है। आप नाइट्रोजन ऑक्साइड यानी $NO_2$ पैदा कर रहे होते हैं जो श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। आप कार्बन मोनोऑक्साइड यानी CO पैदा कर रहे होते हैं जो रंगहीन, गंधहीन व एक बेहद जहरीली गैस है। यह गैस शरीर में ऑक्सीजन की कमी पैदा करती है। आप पार्टिकुलेट मैटर यानी PM 2.5 - PM 10 पैदा कर रहे होते है। यह हवा में मौजूद सूक्ष्म कण होते हैं जो फेफड़ों में गहराई तक जाकर सूजन पैदा करते हैं व गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। आप पटाखे जला कर यहीं नहीं रुकते, आप भारी धातुएं जैसे- कैडमियम, सीसा, क्रोमियम व सबसे डरावनी धातु पारा, जैसी भारी धातुएं धुएं के साथ हवा में भर रहे होते हैं और वो अपने भीतर उतार रहे होते हैं। बेशक आप यह कह कर तसल्ली कर सकते हैं दो तीन दिनों में क्या होता है, लेकिन होता तो बहुत कुछ है, बस चूंकि तात्कालिक प्रसाद नहीं मिलता है, इसलिए हम सब हर फ्रिक को धुंए में उड़ाता चला गया, टाइप्स ले लेते हैं। आखिरकार इस साल दिल्ली के तमाम बड़े चिकित्सकों को चेतावनी जारी करनी पड़ी कि गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग। कुछ महीनों के लिए दिल्ली छोड़ दें। यह अच्छे संकेत नहीं हैं। दिल्ली पर कैंसर जबरदस्त हमला कर चुका है। दिल्ली और एनसीआर रीजन के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 0.74 वर्ष आयु वर्ग में हर 6 पुरुषों में एक को और हर 7 महिलाओं में एक को उसके जीवनकाल में कैंसर होने की आशंका है। यह राजधानी के वातावरण और प्रदूषण स्तर की भयावह तस्वीर पेश करती। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के कार्यकारी निदेशक और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अतुल माथुर ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दिया था। बकौल डाक्टर माथुर आप प्रदूषण को दो तरह से बांट सकते हैं। एक है नाइट्रोजन ऑक्साइड जिसमें जैसी हानिकारक गैसें हैं और दूसरा कण पदार्थ यानी पार्टिकुलेट मैटर। ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, और दूसरा है कण पदार्थ। जब यह कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो यह शरीर की धमनियों में सूजन पैदा करते हैं। यह वह मौसम है, जब कई तरह के वायरस फैलते हैं। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि व्यापक वायरल गतिविधि से ग्रस्त मौजूदा मौसम स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ा सकता है। सलाह यह है कि बाहर कम निकलें और हल्के मास्क पहनें। दिसम्बर, 25 के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीपीसीबी की एक और भी डरावनी रिपोर्ट आई जिसके अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई बढ़कर 497 हो गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण, खासकर PM 2.5 कणों के कारण, फेफड़ों के कैंसर का एक बड़ा जोखिम है, जो धूम्रपान न करने वालों को भी डस रहा है। यह डीएनए तक को नुकसान पहुंचा रहा है और कोशिकाओं में उत्परिवर्तन कर रहा है। इससे कैंसर का खतरा बढ़ रहा है और श्वसन व हृदय रोग बढ़ रहे हैं। PM 2.5 के बेहद छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जाते हैं और खून में मिल जाते हैं। यह कण कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कोशिकाओं में बदलाव आता है, जो कैंसर का कारण बन जाता है। प्रदूषण से शरीर में सूजन बढ़ती है, जो इन उत्परिवर्तित कोशिकाओं को जागृत कर ट्यूमर बनाने में मदद कर सकती है। यही कारण है कि प्रदूषण के कारण फेफड़ों के कैंसर का खतरा धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बढ़ गया है। अस्थमा और COPD क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज अब दिल्ली में एक बड़ी बीमारी हो चुकी है। आपको AQI का स्तर भी बता दूं 0-50 सबसे अच्छी वायु, 51-100 मध्यम वायु गुणवत्ता, 101-150 संवेदनशील और हानिक. ारक स्तर, 151-200 खतरनाक स्तर, 201-300 बहुत ही ज्यादा खतरनाक, 301-500 भयावह व जानलेवा स्तर और हम इसी स्तर को जी रहे हैं।

चूंकि ऐसा कोई पैमाना नहीं है कि मृत्यु का कारण प्रदूषण लिख सकें, इसलिए हम सब खामोश रहते हैं। जबकि मृत्यु के मुख्य कारकों में प्रदूषण है। दिल्ली और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में 2015 से 2024 के बीच 10 साल में कैंसर के मामले 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं जबकि अकेले दिल्ली में कैंसर के मामलों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है। यह सारी जानकारी केंद्र सरकार की ओर से संसद में दिए गए डेटा में सामने आई है। भारत में प्रति एक लाख आबादी पर कैंसर की दर 98.5 है। यानी, भारत में एक लाख लोगों में से हर साल औसतन 98 या 99 नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। इस हिसाब से भारत में हर साल कैंसर के 14.13 लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में कैंसर के 15.33 लाख से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। 2015 में 13.88 लाख मामले सामने आए थे। वर्ष, 2015 में दिल्ली में कैंसर के 19,168 मामले सामने आए थे, जिनकी संख्या 2024 में बढ़कर 28,387 हो गई। दीपावली के दौरान दिल्ली में विगत कुछ सालों से प्रदूषण साक्षात मौत जैसा बढ़ रहा है चूंकि वह फौरी तौर पर नुकसान नहीं पहुंचा रहा लेकिन कुछ ही सालों में वह शरीर पर हमला कर रहा है। दीपावली के दौरान AQI श्रेणी 300-500 तक पहुंच जाता है, जिसमें PM 2.5 के स्तर में भारी उछाल यहां तक कि कभी-कभी 675 -g/m³ या उससे भी ऊपर चला जाता है जो सामान्य स्तर से कई गुना ज्यादा होता है। पटाखों के इस्तेमाल और स्थिर मौसम के कारण लाखों टन जहरीली गैसें वापस फेफड़ों में चली जाती हैं। दिल्ली तो कैंसर की सेज पर बैठ चुकी है और अन्य राज्य भी कम पीछे नहीं हैं। दूसरी ओर जंगल और पहाड़ों की लूट इस देश का चेहरा सोमालिया जैसा बना कर रख देंगे। लाखों-करोड़ों लोग मारे जाएगे और औसत आयु 60-65 तक या और उससे नीचे चली जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांपों ने अपनी टांगें कैसे गंवाई

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

# गुदगुदी कहां से नियंत्रित होती है



हमें, और खासकर छोटे बच्चों को, गुदगुदी का खेल पसंद आता है। लेकिन गुदगुदी, खेल-मनोरंजन या स्तनधारियों के ऐसे ही सकारात्मक व्यवहारों को बहुत कम समझा गया है। इसके विपरीत आक्रामकता या डर जैसे व्यवहारों को समझने के लिए काफी अध्ययन हुए हैं। हम्बोल्ट विश्वविद्यालय के तंत्रिका विज्ञानी माइकल ब्रेख्त की रुचि यह समझने में थी कि खेल के सुखद अहसास कहां से आते हैं। पूर्व में देखा जा चुका था कि कुछ कृंतकों को मनोरंजन पसंद होता है। और यदि वे अच्छे मूड और अनुकूल महौल में हैं तो गुदगुदी का आनंद लेते हैं, और इंसानों की हंसी के समान उच्च आवृत्ति की आवाजें निकालते हैं। न्यूरॉन में प्रकाशित हालिया अध्ययन के मुताबिक शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इस आनंद के लिए जिम्मेदार क्षेत्र की पहचान कर ली है।

पूर्व अध्ययन बताते हैं कि चूहों में चेतना और अन्य उच्च श्रेणि के व्यवहार के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क का क्षेत्र (कॉर्टेक्स) पूरा नष्ट हो जाने के बाद भी वे खेलकूद जारी रखते हैं। इससे पता चलता है कि डर की तरह खेल द्धया मनोरंजनऋ भी नैसर्गिक है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि पेरिएक्वाडक्टल ग्रे (पीएजी) नामक एक संरचना की भी इसमें भूमिका हो सकती है जो ध्वनि, 'लड़ो-या-भागो' प्रतिक्रिया और अन्य व्यवहारों में भूमिका निभाती है। जब चूहे एक-दूसरे के साथ लड़ाई-लड़ाई खेलते हैं तो वे भय और आक्रामकता जैसा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। इसलिए ब्रेख्त को लगा कि पीएजी या मस्तिष्क का ऐसा ही कोई क्षेत्र मनोरंजन में भागीदार हो सकता है। वे अपने पूर्व अध्ययन में देख चुके थे कि चूहे इंसानों की तरह पेचीदा खेल खेल सकते हैं। उनकी टीम कृंतकों को लुका-छिपी खेलना भी सिखा चुकी थी। खेल के शुरू में चूहे को एक बक्से में बंद कर शोधकर्ता कमरे में कहीं छिप गए। फिर रिमोट कंट्रोल की मदद से बक्सा खोलने पर चूहे ने बाहर आकर शोधकर्ता को 'ढूंढना' शुरू किया। जब चूहे ने छुपे हुए शोधकर्ता को ढूंढ लिया तो उसे गुदगुदी के रूप में पुरस्कार मिला। चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया। इससे लगता है कि विनोदभाव के लिए चूहों में पीएजी जिम्मेदार है। इसकी पुष्टि के लिए शोधकर्ताओं ने पीएजी के उस हिस्से की तंत्रिकाओं को एक रसायन की मदद से शांत कर दिया। इसके बाद गुगगुदी करने पर चूहे नहीं हंसे और उनकी इंसानों और खेल में रूचि भी जाती रही। इससे लगता है कि गुदगुदी और खेल में पीएजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये नतीजे और भी महत्वपूर्ण इसलिए लगते हैं क्योंकि यह देखा जा चुका है कि जब कुछ चूहों को खेलने से वंचित कर दिया जाए तो वे मायूस हो जाते हैं, रिश्ते बनाने में असफल रहते हैं और तनावपूर्ण स्थितियों में कम लचीले हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि खेल की कमी से मस्तिष्क का विकास भी रुक जाता है। आगे ब्रेख्त यह देखना चाहते हैं कि पीएजी की खेल के अन्य पहलुओं, जैसे नियमों का पालन करने के व्यवहार में क्या भूमिका है। उनका अवलोकन था कि लुका-छिपी खेल में यदि मनुष्य बार-बार एक ही जगह छिपें या ठीक से छिपने में विफल रहें तो चूहों ने खेल में रुचि खो दी थी। उम्मीद है कि इस काम से सकारात्मक भावनाओं को समझने की दिशा में अधिक काम होगा और चिंता व अवसाद से पीड़ित रोगियों के लिए प्रभावी उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।

स्रोत फीचर्स

**चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया।**




नई दिल्ली। 'मनरेगा' योजना का नाम बदलने के विरोध में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

## हडसन को मिलेगा कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड का स्पॉटलाइट अवॉर्ड

**वॉशिंगटन।** अभिनेत्री केट हडसन को प्रतिष्ठित कास्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड (सीडीसी) स्पॉटलाइट अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। वेरायटी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कारं उन कलाकारों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने करियर में प्रतिबद्धता के साथ लगातार बेहतरीन काम किया हो और जिन्हें कहानी कहने में कॉस्ट्यूम डिजाइन की अहम भूमिका की गहरी समझ हों। स्पॉटलाइट अवॉर्ड उन कलाकारों को सम्मानित करता है, जो पर्दे पर किरदारों को यादगार बनाने और जीवंत करने में कॉस्ट्यूम डिजाइनरों को आवश्यक सहयोगी मानते हैं।

# मोदी ने भारत और जॉर्डन सहयोग की सराहना की

## भारत-जॉर्डन साझेदारी को 'सार्थक विस्तार' बताया, पांच प्रमुख समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जॉर्डन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर होने पर इनकी सराहना करते हुए इसे भारत-जॉर्डन साझेदारी का 'सार्थक विस्तार' बताया।

दोनों देशों के बीच जिन पांच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में तकनीकी सहयोग, जल संसाधन प्रबंधन और विकास में सहयोग, विरासत संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पेट्रा और एलोरा के बीच एक समझौता 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के नवीनीकरण से संबंधित समझौते शामिल हैं। जिससे लोगों के आपसी संपर्क को और बढ़ावा किया जाएगा और डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को बड़े पैमाने पर



■ ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं

साझा करने से संबंधित समझौता किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरे के महत्व पर कहा कि ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग स्वच्छ विकास, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु जिम्मेदारी के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग से हमें संरक्षण, दक्षता और प्रौद्योगिकी से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने का अवसर मिलेगा, जिससे दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मोदी ने कहा कि पेट्रा और एलोरा के बीच समझौता शैक्षणिक आदान-प्रदान, विरासत संरक्षण और पर्यटन संवर्धन के नए अवसर खोलेगा, जबकि सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण भारत और जॉर्डन के लोगों के बीच गहरे संबंधों को बढ़ावा देगा। भारत के डिजिटल नवाचारों को साझा करने से जॉर्डन के डिजिटल परिवर्तन को समर्थन मिलेगा और समावेशी शासन को प्रोत्साहन मिलेगा।

### जॉर्डन दौरे पर मोदी के लिए खास सम्मान, क्राउन प्रिंस खुद ड्राइव कर म्यूजियम ले गए

**अम्मान।** जार्डन की आधिकारिक यात्रा के दौरान मंगलवार को पीएम मोदी को खास सम्मान दिया गया। क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला ने खुद गाड़ी चलाकर प्रधानमंत्री मोदी को जार्डन म्यूजियम तक ले गए। इससे पहले मोदी भारत-जार्डन बिजनेस फोरम की बैठक में शामिल हुए। इसमें उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर 8 प्रतिशत से ज्यादा है। यह बेहतर शासन और इनोवेशन पर आधारित नीतियों का नतीजा है। मोदी कल शाम जार्डन पहुंचे थे।


# तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया हमले के तार

## बान्डी बीच पर अटैक का आरोपी साजिद हैदराबाद का था निवासी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में 14 दिसम्बर को सिडनी के बान्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवम्बर 1998 में आस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था।

आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) आस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। आतंकी हमले में 16 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी साजिद भी पुलिस की फायरिंग में मारा गया, जबकि उसका बेटा घायल है। हमलावर बाप-बेटों ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच पर हनुक्का त्योहार के दौरान यहूदियों पर गोलीबारी की थी।

भारत में मौजूद साजिद के रिश्तेदारों के मुताबिक, पिछले 27 सालों में साजिद का परिवार से संपर्क बहुत कम रहा। वह आस्ट्रेलिया जाने के बाद छह बार भारत आया। इसके पीछे संपत्ति और बुजुर्ग माता-पिता से जुड़े पारिवारिक कारण थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया। परिवार का कहना है



■ तेलंगाना पुलिस बोली: 27 साल पहले देश छोड़ा, आखिरी बार 2022 में भारत आया

कि उन्हें साजिद या नवीद के कटरपंथी विचारों या गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी। इससे पहले सीएनएन ने फिलीपींस के अधिकारियों के हवाले से बताया था कि साजिद अकरम अपने बेटे नवीद के साथ पिछले महीने 1 नवम्बर को फिलीपींस गया था। इस दौरान साजिद ने इंडियन जबकि उसके बेटे ने आस्ट्रेलियन पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। वो लोग एक महीने से हमले की तैयारी कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। ये समुदाय अलग देश बनाने की मांग करते हैं। इसके अलावा आतंकियों की गाड़ी से इस्लामिक स्टेट के दो झंडे बरामद हुए थे, जिससे उनके आईएसआईएस से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आस्ट्रेलिया में हजारों लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने स्मारकों पर पहुंच रहे हैं। सिडनी आतंकी हमले में 3 भारतीय छात्र भी घायल हो गए हैं।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, कम से कम दो छात्र इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के हमलावर साजिद अकरम के पास लाइसेंसी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल वह शिकार के लिए करता था। एनएसडब्ल्यू पुलिस कमिश्नर मल लैनयन ने कहा कि साजिद अकरम एक गन क्लब का सदस्य था और राज्य के कानून के तहत उसके पास लाइसेंस था। साजिद अकरम के पास कानूनी रूप से 6 बंदूकें थीं। गोलीबारी के लिए निकलने से पहले बाप-बेटे ने अपने परिवार को कहा था कि वह मछलियां पकड़ने जा रहे हैं। अकरम अपने परिवार के साथ एक किराए के घर में रहता था। हमले के बाद पुलिस ने इस मकान पर छापेमारी की। रिपोर्ट के मुताबिक साजिद अकरम फलों की दुकान चलाता था। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में आस्ट्रेलियाई हीरो कहे जाने वाले अहमद अल अहमद से मुलाकात की और कहा कि उस व्यक्ति से मिलना बहुत बड़ा सम्मान था जिसने बोंडी के हमलावरों में से एक पर घात लगाकर हमला किया और उससे राइफल छीन ली।

### आईएस से प्रेरित थी बान्डी बीच पर हुई यहूदी विरोधी सामूहिक गोलीबारी: अल्बनीज

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर सामूहिक गोलीबारी में 16 लोगों की मौत के बाद आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि यह हमला आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रेरित था। समाचार एजेंसी एएफपी और बीबीसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अल्बनीज ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था। यह बात उन्होंने आस्ट्रेलियन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) के सिडनी चौनल को दिए गए एक रेडियो इंटरव्यू में कही, जिसके अंश उनके कार्यालय ने समाचार एजेंसियों के साथ साझा किए। उन्होंने इस हमले को 'सुनियोजित, योजनाबद्ध और बेहद बर्बर' बताया। अल्बनीज ने कहा कि अब तक की जांच से संकेत मिलता है कि दो हमलावरों (जो पिता और बेटे की जोड़ी थे) ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्बनीज ने कहा कि यह वह विचारधारा है जो एक दशक से ज्यादा समय से मौजूद है, जिसने नफरत की सोच को जन्म दिया और इसने बड़े पैमाने पर हत्या करने की मानसिकता पैदा की।

## भारत-चीन शिपकी-ला दर्रे से फिर शुरू करेंगे व्यापार

**नई दिल्ली/शिमला।** भारत और चीन शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से सीमा-पार व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रलय ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी-ला के माध्यम से व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए औपचारिक मंजूरी दे दी है। अगले साल जून से इस व्यापार के शुरू होने की उम्मीद है।

इस कदम को दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक महत्वपूर्ण विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी लंबी और संवेदनशील सीमा 20वीं सदी के मध्य से व्यावसायिक आदान-प्रदान के लिए अधिकांश बंद ही रही है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद, किन्नौर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त डा. अमित कुमार शर्मा ने सोमवार को शिपकी-ला व्यापार प्राधिकरण से जुड़े विभागों और हितधारकों की एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 'शिपकी-ला-नामगिया सेक्टर' में सड़क संपर्क, सीमा शुल्क बुनियादी ढांचा, सुरक्षा प्रोटोकॉल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं तथा अंतर-विभागीय समन्वय सहित महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान कें.

■ विदेश मंत्रालय ने औपचारिक मंजूरी दी शुरुआत अगले साल जून से होने की उम्मीद

द्रित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, व्यापारी पंजीकरण पूह के तहसीलदार द्वारा किया जाएगा और व्यापार पास केवल गहन सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे।

आवेदकों को पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछले व्यावसायिक रिकॉर्ड और पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे। व्यापार सख्ती से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित वस्तुओं तक सीमित रहेगा, जिसमें किसी भी विचलन की अनुमति नहीं होगी। दर्रे पर सुरक्षा व्यवस्था की संयुक्त रूप से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और स्थानीय पुलिस द्वारा निगरानी की जाएगी, जबकि सीमा शुल्क विभाग शिपकी-ला सीमा शुल्क स्टेशन पर आवश्यक कर्मचारियों को तैनात करेगा। निर्यात और आयात वाले दोनों खेपों के लिए माल का व्यापक निरीक्षण अनिवार्य होगा। भारत और चीन हजारों किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा तिब्बती पठार के साथ-साथ है।

## मैक्सिको में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश, 7 लोगों की मौत

**मैक्सिको।** मेक्सिको में मंगलवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 3 लापता हैं। हादसे का शिकार हुआ प्राइवेट प्लेन सोमवार को अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक फैक्ट्री से टकरा गया। फैक्ट्री की मेटल छत से टकराया विमान ने एक फुटबाल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग बुझाने के लिए इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स में इंजन में खराबी होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्लेन में 8 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अन्य तीन की तलाश जारी है। मेक्सिको के सिविल प्रोटेक्शन कोआर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज ने दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। हादसा मेक्सिको सिटी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में स्थित सैन माटेओ एटेंको में हुआ, जो एक इंडस्ट्रियल एरिया है।

## चीन ने तैयार किया 55 टन वजनी हाईटेक बैटल टैंक

**बीजिंग।** चीन ने अपने पुराने बैटल टैंक 99 का अपग्रेडेड और मॉडर्न वर्जन टाइप-99बी तैयार किया है। यह खास तौर पर ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई के लिए तैयार किया गया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह टैंक भारत के हिमालय से लगने वाले बॉर्डर पर तैनात किया जा सकता है। टाइप-99बी, चीन के पुराने टाइप-99 टैंकों का नया वर्जन है। इसे सितंबर 2025 में बीजिंग में हुई विक्ट्री डे परेड में पहली बार दिखाया गया था। 99-बी को विभिन्न इलाकों में परीक्षण के दौरान इसकी ड्राइविंग क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और लाइव-फायर अभ्यास के जरिए परखा गया। टैंक की

■ ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई में सक्षम भारत से लगी सीमा पर होगी तैनाती


सबसे बड़ी खासियत इसकी आधुनिक कमांड, कंट्रोल और कम्युनिकेशन क्षमता है। इसके फायरपावर और इन्फॉर्मेशन बेस्ड सिस्टम पहले से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। यह टैंक कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में भी युद्ध कर सकता है। चीन का दावा है कि टाइप-99बी तेज और लंबे समय तक लड़ाई करने में सक्षम है और इसे खास तौर पर तिब्बत के पठार और भारत-चीन सीमा के लिए डिजाइन किया गया है। टाइप-99बी तीसरी पीढ़ी का मेन बैटल टैंक है।

# ट्रम्प ने बीबीसी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

## अमेरीकी राष्ट्रपति ने 10 अरब डॉलर का हर्जाना मांगा, मानहानि का लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बीबीसी के खिलाफ 10 अरब अमेरिकी डालर के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि करने के साथ-साथ भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाया है।

बीबीसी पर 33 पन्नों के इस मुकदमे में राष्ट्रपति ट्रम्प की झूठी, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ और दुर्भावनापूर्ण तस्वीर प्रसारित करने का आरोप लगाया गया है। इसमें इसे 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने और उसे प्रभावित करने की खुली को. शिश बताया गया है। ट्रम्प का कहना है कि बीबीसी ने छह



■ ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था

जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के दो पूरी तरह से अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर प्रसारित किया, ताकि उनकी कही बातों का अर्थ जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसके बाद पिछले महीने बीबीसी ने छह जनवरी के भाषण से छेड़छाड़ (एडिटिंग) को लेकर ट्रम्प से माफी मांगी थी। हालांकि, सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित इस प्रसारक ने मानहा. नि के आरोपों को खारिज कर दिया था। बीबीसी के अध्यक्ष समीर शाह ने इसे 'निर्णय लेने में गलती' बताया था, जिसके बाद बीबीसी के शीर्ष कार्यकारी अधिकारी और समाचार प्रमुख ने इस्तीफा दे दिया था। ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था। उस समय कांग्रेस 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को आधिकारिक रूप से मंजूरी देने वाली थी, जिसमें जो बाइडन को विजेता घोषित किया जाना था, लेकिन ट्रम्प ने उस चुनाव को गलत और चोरी हुआ बताया था। बीबीसी ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से कुछ दिन पहले 'ट्रम्प: ए सेकेंड चांस?' शीर्षक से एक घंटे की डाक्यूमेंट्री प्रसारित की थी। इसमें 2021 के भाषण के दो अलग-अलग हिस्सों से लिए गए तीन बयानों को जोड़कर एक ही बयान की तरह दिखाया गया, जबकि ये बयान लगभग एक घंटे के अंतर से बोले गए थे। इसमें ऐसा प्रतीत हुआ कि ट्रम्प ने समर्थकों से उनके साथ मार्च करने और 'जी जान से' लड़ने का आह्वान किया था।

## भारत ने यूएन में पाकिस्तान को फटकार लगाई

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में जो उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है।

राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई, और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया। भारत ने इसे 'संवैधानिक तख्तापलट' बताया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान जिस तरह लोकतंत्र और कानून के साथ व्यवहार कर रहा है, वह उसकी गंभीर हालत को दिखाता

■ इमरान खान को जेल, आसिम मुनीर को खुली छूट राजदूत बोले: PAK आतंकवाद का सेंटर

है और उसी सोच के तहत वह लंबे समय से आतंकवाद को भी बढ़ावा देता रहा है। राजदूत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर बताया। यूएनएससी में 'लीडरशिप फार पीस' विषय पर हुई डिबेट में राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद हैं। विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में उन पर आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मुकदमे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की यातना पर विशेष रिपोर्टर एलिस जिल एडवर्ड्स की उस चिंता का भी जिक्र किया।









## पाकिस्तान-रूस तेल समझौते पर कर रहे चर्चा: वित्त मंत्री


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा है कि रूस और पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय एक तेल समझौते पर चर्चा कर रहे हैं और पाकिस्तान इसे साकार होते देखना चाहता है। जब पाकिस्तानी वित्त मंत्री से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान तेल क्षेत्र में रूस के साथ सहयोग बढ़ाने का अवसर देखता है, जिसमें अन्वेषण, उत्पादन एवं शोधन शामिल हैं, तो उन्होंने कहा कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो रूस की शक्ति को दर्शाते हैं। हम चाहेंगे कि वे आएं और पाकिस्तान के साथ इस समीकरण को आगे बढ़ाएं। इस संबंध में दोनों पक्षों के ऊर्जा मंत्रालयों के बीच बातचीत चल रही है।

# रूस और ब्रिटेन के बीच छिड़ेगा युद्ध!

## ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस व खुफिया एजेंसी एआई-6 के प्रमुख के बयान से अटकलों को मिला बल

**लंदन।** रूस के खिलाफ अब ब्रिटेन ने मोर्चा खोल दिया है। ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस एवं खुफिया एजेंसी एमआई 6 के प्रमुख का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के बेटे और बेटियों जंग के लिए तैयार रहे। ब्रिटेन की संसद की इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी कमिटी ने एक रिपोर्ट जारी की है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को सबसे बड़ा खतरा बताया गया, साथ ही चीन और ईरान पर भी निशाना साधा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने यूरोप में तोड़फोड़ और अस्थिरता फैलाने की मुहिम तेज कर दी है। ब्रिटेन में एक्टिव रूसी जासूसी नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसमें विदेशी नागरिकों को प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल किया गया। मार्च 2025 में यूके में एक सदस्यों को सजा सुनाई गई। रूस पर आरोप है कि वो अपराधी गिरोहों और प्रॉक्सी एजेंट्स



के जरिए गुप्त ऑपरेशन चला रहा है। मई 2024 में ब्रिटेन ने रूसी डिफेंस अताशे को निष्कासित कर दिया था। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि यह कदम रूस की बढ़ती हानिकारक गतिविधियां के जवाब में उठाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस पश्चिमी देशों के यूक्रेन समर्थन को कमजोर करना चाहता है। इसी के चलते ब्रिटेन ने रूस को **Foreign Influence Registration Scheme ds Enhanced Tier** में डाला है। आईएससी की चेतावनी है कि रूस की गतिविधियां अब सिर्फ जासूसी नहीं, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ब्रिटेन की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख ने कहा है कि रूस की ओर से ब्रिटेन पर हमले का खतरा बढ़ता जा रहा है और देश के बेटों और बेटियों को लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्रिटेन के एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने चेतावनी दी कि रूस की सैन्य ताकत बढ़ रही है और यह डर पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में लगभग चार साल से चल रहे युद्ध की वजह से रूसी सैनिक अब युद्ध में पूरी तरह तपे हुए और अनुभवी हो चुके हैं। इसी के साथएयर चीफ मार्शल नाइटन ने कहा कि वो अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल फैबियन मांडों से सहमत हैं, जिन्होंने पिछले महीने कहा था कि फ्रांस को रूस के साथ संभावित युद्ध में अपने बच्चों को खोने की आशंका के लिए तैयार रहना चाहिए।